✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 36 ✴ अंक : 274 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, सोमवार, 2 मार्च 2026 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com



राधा रानी की नगरी बरसाना में 'लट्ठमार होली' का हुआ भव्य आयोजन

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कूच बिहार से किया परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

## बंगाल में बनेगी डबल इंजन की सरकार : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार से परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करते हुए पार्टी के चुनाव अभियान का शंखनाद किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घुसपैठियों से लगाव है और यहां के लोगों से नफरत। अब यहां की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल में डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों के नाम हटा दिये गए हैं। स्वयं प्रशासन ने माना है कि ये लोग घुसपैठ कर यहां के लोगों का हक छीन रहे थे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि ये 50 लाख लोग किसकी नौकरियां ले रहे थे? किसका हक मार रहे थे? श्री नवीन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण



प्रदान किया है। ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया, क्योंकि वे उनकी पार्टी का वोट बैंक हैं। उन्होंने कहा कि आज हम घुसपैठियों को स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि जिन तत्वों को अब तक संरक्षण मिला, उन्हें बंगाल की धरती से बाहर निकाले जाने का समय आ गया है। हमें न केवल घुसपैठियों को बाहर निकालना है बल्कि एक ऐसी निर्णायक सरकार भी बनानी है जो विकास ला सके। उन्होंने कहा कि राज्य को भ्रष्ट तृणमूल सरकार से मुक्त किया जाना चाहिए, जो केवल घुसपैठियों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि बंगाल बदलाव के लिए तरस रहा है। लोग एक वास्तविक परिवर्तन चाहते हैं। श्री नवीन ने कहा कि ममता बनर्जी कहती हैं कि उनकी सरकार में भ्रष्टाचार नहीं है। अगर ऐसा है तो शिक्षक भर्ती घोटाला क्या है? एसएससी घोटाला क्या है? नगरपालिका में भर्ती घोटाला क्या है? उन्होंने कहा कि तृणमूल के आधा दर्जन मंत्री जेल गए तो क्या वे सभी तीर्थयात्रा पर गए थे। ममता बनर्जी ने भ्रष्टाचार, भतीजे की दादागिरी और पुलिस के दुरुपयोग का एक नया उद्योग खड़ा किया है, जिसे बंगाल की जनता ही समाप्त करेगी। श्री नवीन ने कहा कि परिवर्तन यात्रा एक निर्णायक जनआंदोलन है, जो तृणमूल कांग्रेस के गुंडाराज और तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त कर पश्चिम बंगाल में सुशासन, सुरक्षा और विकास की नई शुरुआत करेगा।

## ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने बढ़ायी बिहार के हजारों परिवारों की चिंता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने बिहार के हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय झा ने इस मुद्दे पर जानकारी देते हुए बताया कि बिहार और देश के अन्य राज्यों के लाखों लोग इन देशों में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित इलाकों से लगातार लोगों और उनके परिजनों के फोन आ रहे हैं, जो वहां के हालातों को लेकर काफी डरे हुए हैं। संजय झा ने इस संबंध में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से विस्तार से चर्चा की है और उन्हें जमीनी स्थिति से अवगत कराया है। भारत सरकार खाड़ी देशों के नेतृत्व और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। सांसद संजय झा ने बताया कि युद्ध जैसे हालातों के कारण फिलहाल वहां के कई प्रमुख एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं। इससे लोगों की तुरंत वापसी में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय लोगों से अपील की है कि वे अभी अपने घरों के भीतर ही रहें और किसी भी तरह की अफवाह पर यकीन न करें। जैसे ही वहां की स्थिति थोड़ी सामान्य होगी और हवाई सेवाएं बहाल होंगी, भारत सरकार सभी की सुरक्षित वतन वापसी के लिए ठोस रास्ता निकालेगी। इस पूरे मामले को लेकर बिहार सरकार भी केंद्र के साथ तालमेल बनाए हुए है ताकि प्रवासियों को हर संभव मदद पहुंचाई जा सके। इस तनाव का सीधा असर उन लोगों पर पड़ा है जो बिहार से वापस काम पर लौटने वाले थे। हैदराबाद एयरपोर्ट पर अररिया और पूर्णिया के कई परिवारों को उस समय रोक दिया गया जब वे कतर जाने के लिए उड़ान भरने की तैयारी में थे। कुवैत में इस समय करीब दस लाख से ज्यादा भारतीय रह रहे हैं और मिसाइल हमलों के बाद वहां काफी डर का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने एक स्पेशल एडवाइजरी जारी की है। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### संक्षिप्त समाचार

## पुलिस मुठभेड़ में अपराधी अमित कुमार गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जेपी गंगा पथ पर पीएमसीएच के पास रविवार की सुबह पटना पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई। गिरफ्तारी से बचने के लिए अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान वैशाली के हाजीपुर निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। उसके खिलाफ वैशाली और पटना में पहले से आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास सहित चार केस दर्ज हैं। उसे पीएमसएच में भर्ती कराया गया है।

## जाली नोट रैकेट का वांछित धराया

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) रैकेट से जुड़े एक वांछित आरोपी को समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया है। पकड़ा गया आरोपी नूर मोहम्मद है, जो एश मोहम्मद का पुत्र बताया गया है और मूल रूप से नेपाल के बारा जिले का निवासी है। एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि सीआईडी से सूचना मिली थी कि आरोपी की पटोरी इलाके में संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं। सूचना की पुष्टि के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पटोरी के नेतृत्व में निगरानी बढ़ाई गई। सत्यापन के उपरांत शनिवार को उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

## वेलफ़ेयर स्टाम्प के लिए अब देने होंगे 50 रुपये

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सूबे में लोगों को शपथ पत्र पर वेलफ़ेयर स्टाम्प के लिए अब 25 की जगह 50 रुपये देने होंगे। इस आशय की अधिसूचना राज्य सरकार ने जारी की है। जारी अधिसूचना में अधिवक्ता कल्याण निधि की धारा 22 की उप धारा एक में संशोधन किया है। राज्य में अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए अधिवक्ता कल्याण निधि में संशोधन किया गया है। संशोधन के बाद शपथ पत्र पर वेलफ़ेयर स्टाम्प के लिए अब 50 रुपये देने होंगे।

## लापता पांच लड़कियां सकुशल बरामद

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले से लापता हुई पांच नाबालिग लड़कियां सकुशल मिल गई हैं। सभी लड़कियों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ऐशबाग रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद किया गया। पुलिस और रेल सुरक्षा बल की संयुक्त कार्रवाई से यह संभव हो सका। लड़कियों के सुरक्षित मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहरसा के नौहट्टा नगर पंचायत क्षेत्र की पांचों बालिकाएं 27 फरवरी की सुबह घर के पास खेत में घास काटने के लिए निकली थीं। देर शाम तक उनके वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए। एक साथ पांच बालिकाओं के गायब होने की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था।

## एनएचएम संविदाकर्मियों के मानदेय में होगी दस फीसदी की बढ़ोतरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदागत कर्मियों के लिए 10 प्रतिशत मासिक प्रोत्साहन राशि देने का आदेश जारी किया है। यह प्रोत्साहन राशि 1 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा। इस संबंध में बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति का कहना है कि राज्य स्तर से लेकर स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर तक एनएचएम के तहत संविदा पर कार्यरत सभी कर्मियों और पदाधिकारियों को उनके 1 सितंबर 2025 के आहरित मानदेय के आधार पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि प्रत्येक माह नियत रहेगी। 31 अगस्त 2025 के बाद नियुक्त नए कर्मियों को भी उनके एंट्री लेवल मानदेय पर यह लाभ मिलेगा। हालांकि स्पष्ट किया गया है कि यह 10 प्रतिशत राशि मूल मानदेय में स्थायी रूप से नहीं जोड़ी जाएगी और न ही इस पर वार्षिक वृद्धि, लॉयल्टी बोनस या एक्सपीरियंस बोनस की गणना होगी। इस संबंध में बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति का कहना है कि जिन कर्मियों की सेवा समाप्त हो चुकी है या जिन्होंने त्यागपत्र दे दिया है, उन्हें इस प्रोत्साहन का लाभ नहीं मिलेगा। राशि प्राप्त करने वाले कर्मियों से एक अंडरटेकिंग ली जाएगी कि गणना में त्रुटि होने पर अतिरिक्त भुगतान की वसूली स्वीकार्य होगी। यह प्रोत्साहन केवल एनएचएम के स्वीकृत पदों पर वर्तमान में कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए लागू होगा। रोगी कल्याण समिति या आउटसोर्स के तहत कार्यरत कर्मियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। राज्य स्वास्थ्य समिति ने स्पष्ट किया है कि आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और किसी भी वित्तीय अनियमितता की जिम्मेदारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

## बस-ट्रक की टक्कर में तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाईवे एनएच-19 पर रविवार सुबह करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जमशेदपुर से वाराणसी जा रही एक यात्री बस और मोहनिया से सासाराम की ओर जा रहे ट्रॉली ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में मासूम सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। अचानक हुई जोरदार टक्कर से बस में चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। एक घायल यात्री ने बताया कि वे नींद में थे और झटके के साथ ही अफरा-तफरी मच गई। हादसे में मारे गए तीनों लोगों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर सदर



अस्पताल भेज दिया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा। मृतकों में एक मासूम बच्चा शामिल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी मृतक उत्तर प्रदेश के निवासी थे। पुलिस ने शवों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है और परिजनों को सूचना दी जा रही है। पुलिस की शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और ड्राइवर की झपकी को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। एनएच-19 पर रात के समय वाहनों की आवाजाही अधिक होती है और कई बार ड्राइवर थकान के कारण सतर्कता खो बैठते हैं। हालांकि, पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और दोनों वाहनों के ड्राइवरों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है।

## नालंदा के दारोगा की संदिग्ध मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** पटना के सुल्तानगंज थाना में मालखाने का प्रभार सौंपने गए नालंदा जिले के दारोगा वीरेंद्र कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने बिहार पुलिस में हड़कंप मचा दिया है। 58 वर्षीय दारोगा थाने के बाथरूम में बेहोशी की हालत में मिले, जिसके बाद उन्हें पीएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक दारोगा वीरेंद्र कुमार मूल रूप से नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र के मंगर बिगहा गांव के निवासी थे। उनके पुत्र अभिमन्यु कुमार के अनुसार इसी साल फरवरी में उनका तबादला पटना के सुल्तानगंज थाना से नालंदा में हो गया था। दो साल बाद रिटायरमेंट होने वाला था। वर्तमान में वे बिहार शरीफ पुलिस लाइन में मुख्यालय पर तैनात थे। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मालखाने का पदभार सौंपने के लिए वे सुल्तानगंज थाना पहुंचे थे, जहां अचानक यह घटना घटी।

## रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद राजस्व कर्मचारी निलंबित

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर रिश्वत लेते एक राजस्व कर्मचारी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। वीडियो की जांच के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला रतनी फरीदपुर अंचल का है। वायरल वीडियो में राजस्व कर्मचारी-सह-प्रभारी अंचल निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार को राजस्व से जुड़े काम के बदले रिश्वत लेते हुए दिखाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने तुरंत संज्ञान लिया। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने बिहार सरकारी सेवक नियमावली के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अमरेन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## दम घुटने से चार लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सराय थानांतर्गत अनवरपुर गांव में रविवार का दिन एक परिवार के लिए काल बनकर आया। यहां एक मासूम बच्चा खेलते-खेलते अचानक शौचालय की 10 फीट गहरी टंकी में गिर गया। बच्चे को डूबता देख उसे बचाने के लिए उसके चाचा तुरंत टंकी में कूद गए लेकिन अंदर ऑक्सीजन की कमी और जहरीली गैस के कारण वह बेहोश होकर वहीं फंस गए। इसके बाद एक-एक कर परिवार के अन्य सदस्य भी अपनों को बचाने के लिए टैंक के अंदर उतरते गए। देखते ही देखते कुल सात लोग उस मौत के जाल में फंस गए। शोर मचते ही पुलिस मौके पर आई। पुलिसकर्मियों ने सूझ-बूझ दिखाते हुए ऑक्सीजन मास्क पहनकर टंकी के अंदर प्रवेश किया और कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर



निकाला। आनन-फानन में सबको सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। बाकी तीन लोगों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और वे अस्पताल में भर्ती हैं। मृतकों में शामिल एक युवक की शादी महज चार दिन पहले हुई थी। घर में अभी शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं। यहां अब मातम का माहौल है। नई नवेली दुल्हन के सुहाग की मेहंदी अभी सूखी भी नहीं थी कि उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतकों की पहचान आनंद कुमार, पंकज कुमार, राहुल कुमार और प्रियांशु कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन अब मामले की जांच कर रहा है और पीड़ितों के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वाराणसी-कोलकाता हाइवे के लिए गया में लगेंगी तीन बड़ी क्रशर मशीनें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वाराणसी-रांची-कोलकाता के बीच बन रहे 6-लेन ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण को लेकर बिहार सरकार के खान एवं भू-तत्व विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। गया जिले में इस हाईवे के करीब 33 किलोमीटर लंबे हिस्से का काम होना है। यह पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरेगा। इस ऊबड़-खाबड़ रास्ते को सुगम बनाने के लिए सरकार ने गया के ग्राम अनरबंसेलिया से संग्रामपुर तक के इलाके में हार्ड रॉक की कटाई और उन्हें पीसने के लिए तीन क्रशर मशीनें लगाने की अनुमति दे दी है। यह जिम्मेदारी कोलकाता की कंपनी मेसर्स जीआर वाराणसी कोलकाता हाईवे प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी गई है। विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक कंपनी अगले तीन वर्षों तक इन क्रशरों का संचालन कर सकेगी। इनमें से दो क्रशर एक जगह स्थाई रूप से लगे रहेंगे, जबकि एक मोबाइल क्रशर होगा जिसे जरूरत के हिसाब से कहीं भी ले जाया जा सकेगा। सरकार का कहना कि पत्थरों की लोकल स्तर पर क्रशिंग होने से बाहर से गिट्टी मंगाने का झंझट खत्म होगा। इससे समय और पैसा दोनों बचेंगे। कंपनी को छूट देने के साथ-साथ कड़े नियम भी लागू किए गए हैं। कंपनी की यह जिम्मेदारी होगी कि वह काम शुरू करने से पहले प्रदूषण बोर्ड और अन्य विभागों से जरूरी एनओसी हासिल करे। इस पूरे काम की रेगुलर देख-रेख भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा की जाएगी।

## जून 2027 तक तैयार होगा बख्तियारपुर-ताजपुर पुल

### उत्तर-दक्षिण बिहार का सफर होगा आसान, जेपी और राजेंद्र सेतु पर कम होगा ट्रैफिक दबाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित बख्तियारपुर-ताजपुर के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे 5.5 किमी लंबा पुल का निर्माण कार्य जून 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस पुल के बन जाने से जहां दक्षिण से उत्तरी बिहार के जिलों के बीच का जुड़ाव आसान होगा वहीं पटना के महात्मा गांधी (एमजी) सेतु और राजेंद्र सेतु पर वाहनों का दबाव भी कम होगा। इससे इन दोनों सेतु पर जाम की समस्या भी खत्म होगी। बिहार राज्य सड़क विकास निगम (बीएसआरडीसीएल) के पदाधिकारियों का कहना है कि बख्तियारपुर-ताजपुर पुल-सह-पहुंच पथ परियोजना के समस्तीपुर जिला अंतर्गत चक लालशाही से ताजपुर खंड के लिए 16.2 किमी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बाकी की सड़क और पुल निर्माण का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। दक्षिण से उत्तर बिहार के बीच आवागमन सुगम बनाने और एमजी



सेतु पर ट्रैफिक दबाव कम करने की मंशा से सरकार एनएच-31 करजान, बख्तियारपुर और समस्तीपुर के ताजपुर में एनएच-28 के बीच गंगा नदी पर 5.5 किमी पुल-सह-पहुंच पथ का निर्माण करवा रही है। इसकी द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति 3923 करोड़ रुपए है। योजना के तहत पुल के दोनों तरफ 45.74 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण भी करवाया जाना है। इसमें 41.25 किमी ताजपुर (समस्तीपुर) और 4.50 किमी लंबी सड़क बख्तियारपुर (पटना) की ओर बनाई जाएगी। विभागीय पदाधिकारियों ने बताया कि पुल और सड़क के बाकी हिस्सों का निर्माण कार्य द्रुत गति से कराया जा रहा है। उम्मीद है कि जून 2027 तक इस पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। जन निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत एनएच-31 और एनएच-28 को जोड़ने वाले बख्तियारपुर-ताजपुर के बीच गंगा पुल-सह-पहुंच पथ का निर्माण होने से उत्तर और दक्षिण बिहार में मुख्य रूप से समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सहरसा, पूर्णिया का पटना, गया, औरंगाबाद, (भोजपुर, बक्सर), रोहतास, कैमूर, जहानाबाद, अरवल, नालंदा आदि जिलों के साथ झारखंड, पश्चिम बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्यों का सीधा जुड़ाव संभव हो सकेगा। इसके साथ ही दक्षिण बिहार के उपरोक्त जिलों का समीपवर्ती देश नेपाल के साथ सीधा जुड़ाव होगा। इससे जहां व्यापारिक गतिविधियों को नई उड़ान मिलेगी वहीं क्षेत्र के लाखों किसानों के लिए फसल के निर्यात-आयात का नया मार्ग भी प्रशस्त होगा।




CMYK

# पटना से उभरे स्टार्टअप, करोड़ों के रेवन्यू तक पहुंची उड़ान

## बिहार सरकार से 2024 में मिला बेस्ट स्टार्टअप का अवार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार ने बिहार में अपने जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों युवाओं के सपनों को संवारा है। साल 2005 से पहले बिहार को पिछड़े राज्य की सूची में अव्वल रखा जाता है। आज वहीं बिहार स्टार्टअप योजना के बाद अपने सफल स्टार्टअप से देश-विदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं। इसी कड़ी में पटना की राजधानी पटना में शुरू हुए दो स्टार्टअप फिनेस इंडिया व सर्व सुविधान प्राइवेट लिमिटेड आज रेलवे व वित्तीय सेक्टर में अपने समाधान से एक अलग पहचान बनाने में सफल रहे हैं। उद्यमियों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी करने की बजाय उन्होंने उद्यम लगाने की योजना बनायी। शुरूआत में फंड की कमी के कारण उन्हें उद्यमी शुरू करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री की स्टार्टअप योजना उनके लिए वरदान साबित हो रहा है। वहीं फिनेस इंडिया के फाउंडर मनीत कुमार सिंह ने बताया कि साल 2022 में बीएचयू से सीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स से टैक्स और अकाउंट के क्षेत्र में सॉफ्टवेयर विकसित कर इस स्टार्टअप को लांच किया। इस स्टार्टअप के जरिये फाइनेंस उपभोक्ताओं को आईटीआर व कम्प्यूटेशन क्षेत्र में आसान सॉल्यूशन प्रदान करके लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार के उद्योग विभाग से 25 लाख ऋण प्राप्त होने के साथ-साथ बियाडा की तरफ से राजधानी में जमीन मुहैया भी कराया गया है। ताकि सफल स्टार्टअप के जरिये ट्रेनिंग उद्यमी को भी सीखने का मौका मिल सके। फाउंडर मनीत ने कहा कि आज उनकी कंपनी में 25 लोग फूल टाइम इंप्लॉयड हैं। साथ ही वे अन्य नये उद्यमियों को अपने फर्म में सीखने का मौका भी देते हैं। साल 2021 में लांच हुए स्टार्टअप सर्व सुविधान को बिहार सरकार की तरफ से बेस्ट स्टार्टअप का अवार्ड भी मिल चुका है। कंपनी के फाउंडर अतुल आनंद ने अपने बारे में बताया कि साल 2012 में एनआइटी ट्रीची से कंप्यूटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद 10 साल तक मल्टी नेशनल कंपनी में काम किया। साल 2021 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान रेलवे उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया जिसमें पैसेंजरों की सुविधा के लिए रेलवे प्लेटफॉर्म व रनिंग ट्रेन पैसेंजरों को जरूरी सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। स्टार्टअप योजना के लाभ से साल 2022-23 में 10 लाख तक का ऋण प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में कई बदलाव किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज उनका स्टार्टअप बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र में भी उपभोक्ताओं को जरूरी समाधान दे रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि सर्व सुविधान स्टार्टअप ने साल 2022-23 में 10 लाख का रेवन्यू से स्टार्टअप किया था। करीब तीन साल बाद आज कंपनी का रेवन्यू करीब डेढ़ करोड़ दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा फिनेस इंडिया के फाउंडर मनीत कुमार ने बताया कि 2022-23 में साढ़े दस लाख रेवन्यू दर्ज किया था जबकि इस साल 2024-25 में स्टार्टअप का रेवन्यू 3 करोड़ से अधिक दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में प्रदेश में उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत हर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य से बिहार भी सफल राज्य की धरती में शामिल हो रहा है।

# पटना में एमएमडी कार्यालय का उद्घाटन, नाविकों को मिलेगा बड़ा सहारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग (डीजीएस) ने पटना में मर्केंटाइल मरीन डिपार्टमेंट कार्यालय और 'सीफेयरर्स आउटरीच सेंटर' का उद्घाटन किया। इसके साथ ही कोलकाता स्थित नाविक गृह समिति और मरीन क्लब के पुनर्निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के बाद होटल राजकुटीर-आईएचसीएल सेलेक्शन्स में 'सीफेयरर्स रिक्रूटमेंट एंड वेलफेयर' विषय पर दिनभर संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंत्रालय के सचिव, डायरेक्टर जनरल ऑफ शिपिंग, एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ शिपिंग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि पटना में एमएमडी कार्यालय खुलने से बिहार और पूर्वी भारत के नाविकों को प्रमाणपत्र, दस्तावेज सत्यापन, शिकायत निवारण और अन्य नियामकीय सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इससे उन्हें कोलकाता या अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। संगोष्ठी में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें कार्यरत नाविक, कैडेट, जहाज मालिक संगठन, शिप मैनेजर, आरपीएसएल कंपनियां, समुद्री श्रमिक संगठन, प्रशिक्षण संस्थान और सरकारी अधिकारी शामिल रहे। पहले पैनल 'सीफेयरर कैजुअल्टीः राइट्स, रिलीफ एंड रिस्पॉन्सिबिलिटी' में समुद्री दुर्घटनाओं में मृत्यु, लापता या गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में मुआवजा, बीमा दायित्व और त्वरित सहायता पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र 'सीफेयरर्स एंबैडमेंट एंड वेलफेयर' में वेतन सुरक्षा, वित्तीय गारंटी नियमों के पालन और स्वदेश वापसी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

# ऐडु-केयर स्टार किड्स विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य और नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा है कि विद्यालय केवल ईंट-पत्थरों से बनी इमारत नहीं होता, यह वह पावन स्थल है जहां सपनों को आकार मिलता है जिज्ञासाएं पंख पाती हैं और वहीं से बच्चे अपने भविष्य की दिशा तय होती है। वे शनिवार को दानापुर स्थित ऐडु केयर स्टार किड्स विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में उपस्थित बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ ध्रुव ने कहा कि बच्चे भारत के उज्ज्वल भविष्य हैं। उनके नन्हें हाथों में ही आने वाले कल का निर्माण छिपा है। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित परिश्रम, अनुशासन, समय का सदुपयोग और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि विद्यालय को केवल किताबों के ज्ञान का केंद्र नहीं बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। कैसे उन्हें मिल-जुलकर रहना है, कैसे बड़ों का सम्मान करना है, कैसे छोटे का हाथ थामना है और कैसे अपने देश और समाज के प्रति जिम्मेदार बनना है, यह विद्यालय ही हमें सिखाता है। विद्यालय के निदेशक उत्तम कुमार ने कहा कि असफलता हमें गिराने नहीं, बल्कि संभलकर आगे बढ़ने की सीख देने आती है। छात्र -छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। मोबाइल से दूरी, सफाई अभियान, होली मिलन जैसे कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र बने। आर्या मेहता की प्रस्तुति राम आयेंगे को खूब तालियां मिलीं।

# एनएसयूआई की पीयू छात्र संघ में जीत पर राजेश राम ने विजयी छात्र नेताओं को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में सेंट्रल पैनल के दो महत्वपूर्ण पदों पर कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई समर्थित उम्मीदवारों के प्रचंड जीत पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि यह राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की सामाजिक न्याय की लड़ाई की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरएसएस के छात्र संगठन एबीवीपी और बिहार के राजनीतिक दल जदयू को स्पष्ट संदेश है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई में कांग्रेस के संघर्ष के साथ आज की युवा पीढ़ी खड़ी है। बिहार के प्रबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपना राजनीतिक संदेश इस छात्र संघ चुनाव परिणाम से दे दिया है। एनएसयूआई से सेंट्रल पैनल पर जीते पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर यादव और महासचिव पद पर निर्वाचित खुशी कुमारी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जहां बिहार में एनडीए शासन में छात्राएं पटना में सुरक्षित नहीं है और विश्वविद्यालय को केंद्रीय विवि बनाने की पहल पर कुंडली मार कर केंद्र और राज्य की सत्ता बैठी है वैसे में पटना विश्वविद्यालय के छात्रों ने स्पष्ट तौर पर निरंकुश सत्ता को संदेश दे दिया है कि दमनकारी और संविधान विरोधी सरकार और उनके छात्र संगठनों को हर बार मुंह की खानी पड़ेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से आरएसएस और भाजपा ने कैंपस का शुद्ध राजनीतिकरण किया है।

# संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दी जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं

## सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और उनके दीर्घायु और स्वस्थ होने की कामना की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार में सुशासन स्थापित करने वाला सीएम बताते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व, सशक्त प्रशासनिक क्षमता एवं जनकल्याण के प्रति समर्पित भावना ने बिहार को विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय की नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे, यही हमारी कामना है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें, ताकि वे उसी प्रकार जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहकर प्रदेश एवं समाज के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देते रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि उन्होंने कई साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लेकर न केवल यहां न्याय के साथ विकास की मूल अवधारणा वाली सरकार को स्थापित किया बल्कि जातीय संघर्षों पर विराम लगाकर बिहार में विकास को नया आयाम दिया। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब केंद्र सरकार की मदद से बिहार विकसित राज्य की श्रेणी में अपना नाम दर्ज कराएगा।

# हास्य, व्यंग्य और त्रासदी का अनोखा मिश्रण है 'द सिडक्शन'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नाट्य संस्था विश्वा, पटना जो पिछले 15 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है। तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 'विश्वोत्सव 2025-26' का आयोजन कर रही है। इमेजिनेशन स्कूल ऑफ ड्रामा एंड फिल्म मेकिंग, ए1, देश रत्न पथ, एसबीआइ ऑफिसर्स कॉलोनी, कंकड़बाग, विजय नगर, पटना- में आंतोन चेखव लिखित नाटक 'द सिडकशन' की प्रस्तुति की गई जिसका निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है। 'द सिडक्शन' मानवीय भावनाओं, लालच और यथार्थ के टकराव का सजीव चित्रण है। यह नाटक एक ग्रामीण पृष्ठभूमि में घटित होता है जहां पात्रों के बीच की बातचीत से समाज की गहराइयों और मानवीय कमजोरियों का पता चलता है।

# महाप्रबंधक ने मधुविहार कॉलोनी एवं जगजीवन स्टेडियम का किया निरीक्षण

## 32 करोड रुपए की लागत से जगजीवन स्टेडियम का किया जाएगा जीर्णोद्धार एवं विस्तारीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा दानापुर स्थित मधु विहार रेलवे कॉलोनी एवं जगजीवन स्टेडियम को निरीक्षण किया गया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी में साफ-सफाई, रेलकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायजा लिया तथा कॉलोनी के साफ-सफाई से संतुष्ट दिखे। उन्होंने रेल आवासों में रह रहे रेलकर्मियों हेतु कम्यूनिटी हॉल के निर्माण, बच्चों के खेलकूद के लिए पार्क विकसित करने जैसे सुविधाओं को उपलब्ध कराने की दिशा में हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। इस दौरान महाप्रबंधक ने जगजीवन स्टेडियम का 32 करोड़ की लागत से किये जाने वाले जीर्णोद्धार एवं विस्तीकरण के ड्राइंग का अवलोकन किया और अधिकारियों से चर्चा की। इस योजना के तहत स्टेडियम में हॉस्टल एवं पैविलयन इत्यादि का सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। महाप्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों को स्टेडियम निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करने एवं यथाशीघ्र निर्माण हेतु निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि जगजीवन स्टेडियम के जीर्णोद्वार एवं विस्तीकरण से रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं स्थानीय युवाओं को उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। स्टेडियम के निर्माण से खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय रेल केवल यातायात सेवा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।

# 75 वें जन्मदिन पर मंगल पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 75 वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री के स्वस्थ व सक्रिय जीवन की कामना की है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि आज का बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है। सभी मानकों पर बिहार की चतुर्दिक विकास-यात्रा मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि और सतत परिश्रम का नतीजा है। श्री पांडेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री कुमार ने पिछले दो दशकों से ज्यादा समय से बिहार की प्रगति व जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है। उनकी अगुआई में एनडीए की सरकार ने अपनी नीतियों व सर्वस्पर्शी विकास योजनाओं से करोड़ों बिहारवासियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। ईश्वर उन्हें शतायु करें।

# स्किल क्रांति की शुरुआत: हाइटेक कोर्स के साथ युवाओं को नई उड़ान देगा कैरियर मिशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने नए शैक्षणिक सत्र के साथ कौशल आधारित शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए 250 से अधिक रोजगारपरक एवं हाईटेक कोर्स लॉन्च किए हैं। इन कोर्सों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संस्थान के संस्थापक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि ये सभी पाठ्यक्रम दीप के अंतर्गत शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में तकनीकी दक्षता ही सफलता की कुंजी है। संस्थान का उद्देश्य युवाओं को उद्योग-उन्मुख, व्यावहारिक एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रमुख पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.), डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, पायथन, जावा, वेब डेवलपमेंट, एंड्रॉयड ऐप डेवलपमेंट, टैली प्राइम विद जीएसटी, एडवांस अकाउंटिंग, बैंकिंग एवं फाइनेंस, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो एडिटिंग तथा थ्री-डी मॉडलिंग शामिल हैं। इन कोर्सों की अवधि 30 घंटे से 480 घंटे तक निर्धारित की गई है जिन्हें इंडस्ट्री की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। संस्थान में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, हाई-स्पीड इंटरनेट, प्रोजेक्ट आधारित प्रशिक्षण प्रणाली एवं अनुभवी प्रशिक्षकों की टीम उपलब्ध है। विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग, इंटरव्यू प्रिपरेशन और रोजगार मार्गदर्शन की विशेष सुविधा भी प्रदान की जाएगी। विशेष पहल के तहत अब ऑनलाइन अध्ययन की भी व्यवस्था की गई है जिससे दूरदराज के छात्र-छात्राएं लाइव क्लास, रिकॉर्डेड लेक्चर और डिजिटल स्टडी मैटेरियल के माध्यम से घर बैठे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

# पटना में होली मिलन समारोह का आयोजन, रंग और गुलाल की मस्ती में डूबे लोग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रियदर्शी नगर, बेली रोड स्थित संस्था प्रांगण में सर्वविद्या सरोज फाउंडेशन, बिहार की कला इकाई 'स्वरा आर्ट एंड कल्चर' द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बिहार की समृद्ध संस्कृति और भारतीय परंपरा को जीवंत करती रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। आयोजन में अभिभावकों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और कला प्रेमियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना (कथक, तीनताल) से हुआ। इसके बाद 'आज बिरज में होरी रे रसिया...' गीत पर आराध्या गुप्ता, अन्वेषा त्रिवेदी, स्वधा शाश्वत, रिधिशा रचित, त्वेशा रचित, ओजस्वी, वान्या और आराध्या श्रीवास्तव ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। वहीं 'होली खेले रघुवीरा...' लोकनृत्य पर अपराजिता, एसुता श्री सहित अन्य छात्राओं ने ऐसा समां बांधा की दर्शक झूम उठे। गायन प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। छात्रा आर्या कुमारी ने 'खेले मसाने में होली दिगंबर...', 'मृगनयनी को यार नवल रसिया' और रेखा कुमारी ने 'मोर चुनार में लग गयो दाग...' जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर खूब तालियां बटोरीं।

# डीएम की उपस्थिति में आइएचएम हाजीपुर में अंतरराष्ट्रीय आइटेक प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हाजीपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आईटेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। 23 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक चले इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूटान के 50 सदस्यीय आतिथ्य पेशेवर प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। समापन समारोह में जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने भूटानी प्रतिनिधियों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए भारत और भूटान के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल पेशेवर दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी सशक्त बनाते हैं। डीएम वैशाली वर्षा सिंह ने वैशाली में प्राप्त भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की फ्रेमयुक्त तस्वीरें प्रतिनिधियों को भेंट कीं, जो दोनों देशों के बीच आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक है। साथ ही आईएचएम हाजीपुर की ओर से प्रतिनिधियों को ऐतिहासिक अशोक स्तंभ के स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है और भविष्य में वैशाली एवं भूटान के बीच पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि आईएचएम हाजीपुर अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से वैशाली की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। कार्यक्रम में आईएचएम हाजीपुर के प्राचार्य पुलक मंडल एवं विभागाध्यक्ष सह नोडल पदाधिकारी सुमित चटर्जी ने भी प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए। भूटानी प्रतिनिधियों ने संस्थान की अधोसंरचना, आवासीय व्यवस्था, उच्चस्तरीय पाक-कला प्रशिक्षण तथा वैशाली एवं बोधगया के भ्रमण की प्रशंसा की।

# खाटूश्याम के भंडारे में 2 हजार लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम द्वारा प्रत्येक माह एकादशी द्वादशी के दिन आयोजन करते हुए आज देवी स्थान जहाजी कोठी के समीप विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2200 से 2300 लोगों ने कचौड़ी, सब्जी, बुंदिया, रायता का प्रसाद ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक कन्हैया अग्रवाल कन्नू, राजेन्द्र मित्तल, संजय भालोठिया, आनंद डालमिया, मुकेश हिसारिया, जितेन्द्र कुमार जीतू, संजय टेकरीवाल, गोपी मित्तल, नंदकिशोर अग्रवाल, पवन शर्मा, अनुज गुप्ता, सुनील कनोड़िया, केशव अग्रवाल, गोपी तुलस्यान, राजेश बजाज, सज्जन चौधरी, मोनू, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, अजय शर्मा, रिषभ अग्रवाल, सतीश खेमानी, विनोद थीरानी, कमलेश कुमार सिंह सहित श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजा समिति, श्री श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के सभी सदस्यों की भागीदारी रही।

# सेवा संघ ने किया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की चर्चित साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मानस सेवा संघ द्वारा डॉक्टर प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन नाला रोड स्थित वंदना सभागार में किया गया जिसमें रंग अबीर एवं होली गीत गानों से एवं नृत्य से भरपूर मनोरंजन के साथ होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। संगीत कलाकार थे रवि रंजन, कृष्ण मोहन, शशि शेखर जिन्होंने होली आधारित गानों से मनोरंजन किया। उपस्थित दर्शकों में वरिष्ठ पत्रकार कलाकार विश्वमोहन चौधरी संत, इंजीनियर पूर्णानंद राजेश्वर यादव, कमलेश, प्रभाकर,पूर्व वार्ड पार्षद प्रदीप मेहता, गोरिया टोली निवासी मोहन यादव, डॉक्टर प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि प्रमुख थे।

# पटना में मैटकेयर अस्पताल का चिराग पासवान ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मैटकेयर वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड ने पटना में 62 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल का शुभारंभ किया। यह अस्पताल एम्बीशन बिजनेस पार्क, चौथी मंजिल, बेली रोड, सगुना मोड़, मेट्रो पिलर संख्या 143 के पास स्थित है। यह केंद्र गर्भावस्था की देखभाल, सुरक्षित प्रसव, नवजात चिकित्सा तथा बच्चों की 14 वर्ष की आयु तक संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराता है। अस्पताल का उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) चिराग पासवान द्वारा किया गया। समारोह में विधायक फुलवारी शरीफ श्याम रजक, विधायक रोसड़ा बीरेन्द्र कुमार, डीआईजी (लॉ एंड ऑर्डर) पटना आनंद कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंदिरा आईवीएफ के वरिष्ठ चिकित्सकों सहित मैटकेयर पटना के प्रमुख डॉ. दयानिधि कुमार, मैटकेयर के सीईओ डॉ. निखिल यादव, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता कुमारी एवं डॉ. श्वेता शिल्पी, नवजात विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना और डॉ. सोनू तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सहित पूरी टीम उपस्थित रही। मैटकेयर अस्पताल में उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की निगरानी, सुरक्षित सामान्य एवं सर्जरी द्वारा प्रसव, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, सुसज्जित प्रसव कक्ष, लेवल-थ्री नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू), 24 घंटे आपातकालीन सेवा, अत्याधुनिक प्रयोगशाला, अस्पताल परिसर में दवा उपलब्धता तथा फिजियोथेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महाराज का पटना में भव्य मंगल प्रवेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महाराज ससंघ ने लगभग 2000 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा करते हुए पार्श्वनाथ जाने के रास्ते में कदमकुआं स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश किया। यह जानकारी देते हुए पटना जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि वहां से मुनि महाराज कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए आगे के लिये बिहार किये। इससे पूर्व मुनि महाराज का अजमेर से 20 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुआ यह पावन विहार दिल्ली, हस्तिनापुर, बरेली, अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ, बदायूं, एटा, फिरोजाबाद, कम्पिला, फर्रुखाबाद, गोंडा, अयोध्या, काकंदी, गोपालगंज, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मिथिलापुरी होते हुए नेपाल तक पहुंचा। प्रत्येक स्थल पर आचार्य श्री ने धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराईं और समाज को संयम, साधना एवं शुद्धाचार का संदेश दिया।

# वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अकोढ़ीगोला। रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के राजपुर रोड में करकटपुर अस्पताल के समीप सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। घटना क्रम के बारे में बताया जाता है कि रविराज कुमार उम्र 22 वर्ष पिता नवरंग मेहता ग्राम केशो बिगहा के रहने वाला युवक अकोढी गोला बजार से अपने घर जा रहा था तभी करकट पुर सरकारी अस्पताल के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आ कर घायल हो गया। परिजन घायलावस्था करकटपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। निजी वाहन से ले जाने के क्रम में ही युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। मौत के बाद करकटपुर अस्पताल के ठीक सामने मुख्य सड़क पर ही परिजनों ने शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। परिजनों का आरोप था कि सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस समय पर नहीं मिला निजी वाहन तलाशने में समय लगा जिससे घायल युवक की और तबियत खराब हो गई और रास्ते में मौत हो गई। सड़क जाम की समस्या सुनकर अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया, लेकिन परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी को बुलाने पर अड़े रहे उनका आरोप था कि एंबुलेंस क्यों नहीं दिया गया। जाम की समस्या देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती हुई। मौके पर अंचल पुलिस निरीक्षक रविभूषण सहित डिहरी नगर थाने की पुलिस, डालमिया नगर थाने की पुलिस, डिहरी मुफस्सिल, आयर कोठा, दरिहट, राजपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अकोढी गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीस हजार रुपए का चेक देने की बात कही। इस मामले में अकोढी गोला थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क जाम को हटा दिया गया है। यातायात सुचारू रूप से चालू है तथा शव को अपनी कब्जे में लेकर सासाराम पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## गरमा फसल के बीज के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए गरमा फसल 2026 के बीज वितरण को लेकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। किसान अब विभागीय पोर्टल के माध्यम से मूंग व उड़द बीज के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा, इसके लिए इच्छुक किसानों को निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन के बाद जांच के उपरांत पात्र किसानों को बीज वितरण किया जायेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि समय रहते पोर्टल पर आवेदन कर लें, ताकि बीज वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही आवेदन करते समय आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, भूमि संबंधित कागजात व पंजीकरण संख्या आदि तैयार रखें।

### 63 हजार की ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना में महादेव निवासी धर्मशिला देवी ने अज्ञात साइबर ठग पर 63 हजार ठगी की प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** दरिहट थाना क्षेत्र के हुरका में मारपीट कर जख्मी करने की प्राथमिकी रमेश कुमार ने चार नामजद एवं पांच अज्ञात लोगों पर किया है।

## भद्रा के चलते देर रात 12.30 से सुबह चार बजे तक होगा होलिका दहन

### तीन मार्च को चंद्रग्रहण की वजह से चार को मनेगी होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** सनातन धर्म में दीपावली के बाद होली का त्योहार सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा को प्रदोष काल में होलिका दहन होता है व उसके अगले दिन यानी चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को होली खेली जाती है। रंगों के इस पर्व पर लोग एक-दूसरे को रंग, अबीर व गुलाल लगाकर बधाइयां व शुभकामनाएं देते हैं। इस बार भद्रा नक्षत्र व तीन मार्च को पड़ने वाले चंद्रग्रहण के कारण दो मार्च की देर रात होलिका दहन व चार मार्च को होली का त्योहार मनाया जायेगा। ज्योतिषविद पंडित हरीशंकर तिवारी ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तिथि दो मार्च की शाम 5:55 बजे से शुरू होकर तीन मार्च की शाम 5:07 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा के साथ ही भद्रा काल भी रहेगा। उन्होंने बताया कि साल का पहला चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा व 6 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन के लिए उत्तम माना जाता है। वहीं ग्रहण से लगभग नौ घंटे पहले सूतक काल आरंभ हो जाता है। सूतक काल के दौरान शुभ कार्य, पूजा-पाठ व उत्सव करना उचित नहीं माना गया है। इसी कारण 3 मार्च को रंगों का उत्सव नहीं मनाया जायेगा व 4 मार्च को होली खेलना शास्त्रों के अनुसार उचित माना गया है। उन्होंने बताया कि इस बार होलिका दहन का शुभ समय 2 मार्च सोमवार की रात 12:30 बजे से भोर 4:00 बजे तक रहेगा।

## मामूली विवाद में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास जिले से एक बार फिर पीट-पीट कर हत्या का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरंग गांव में रविवार की सुबह मामूली विवाद में एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई जिससे गांव में मातम और तनाव का माहौल है। मृतक की पहचान अरंग गांव निवासी महावीर राम के पुत्र लाल बहादुर राम के रूप में हुई है जिनकी उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जाती है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि लाल बहादुर राम रविवार की सुबह अपने खेत में मवेशियों के लिए घास काटने गए थे जहां उन्होंने देखा कि गांव का हीं एक युवक उनके खेत में घास काट रहा है। लाल बहादुर राम ने जब इसका विरोध किया तो उक्त युवक इनसे उलझ पड़ा और खेत में हीं पीट-पीट कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार बताया जाता है। परिजनों के अनुसार मृतक के सिर के पिछले हिस्से एवं सीने पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। मामले में दिनारा थाने के चौकीदार लल्लू पासवान ने बताया कि अरंग गांव में घास काटने को लेकर उपजे विवाद में दो पटीदारों के बीच मारपीट हुई थी जिसके कारण गंभीर रूप से घायल लाल बहादुर राम की अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## होली को लेकर 13 के विरुद्ध कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आयरकोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने होली पर्व को लेकर मद्य निषेध के मामले में पूर्व में जेल जा चुके सतेंद्र सिंह, छोटू कुमार, चुनमुन सिंह, पंकज कुमार, विवेक कुमार, रविकांत तिवारी, मजय कुमार पासवान, रवि रंजन कुमार, सोनू उर्फ लादेन, रमेश, अमित कुमार, विवेक कृष्णा, विशाल कुमार के विरुद्ध 126/170 की कार्रवाई हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी के समक्ष उपस्थापन किया गया।

## पीएम इ-बस योजना के तहत बिहार के 6 जिलों में 62.83 करोड़ से बनेंगे आधुनिक इ-बस डिपो

### परिवहन मंत्री श्रवण कुमार का ऐलान, 6 जिलों में बनेंगे आधुनिक इ-बस डिपो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इलेक्ट्रिक बस सेवा को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने छह प्रमुख शहरों में आधुनिक बस डिपो के निर्माण का फैसला लिया है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और पूर्णिया में कुल 62 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से सरकारी डिपो बनाए जाएंगे। यह कार्य प्रधानमंत्री इ-बस सेवा योजना के तहत किया जा रहा है। डीपो का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा होगा। इनके बनने से इ- बसों का संचालन, रखरखाव और चार्जिंग सुविधा में काफी सुधार होगा। साथ ही ड्राइवर-कंडक्टरों को बेहतर आराम की व्यवस्था मिलेगी।

**डिपो में उपलब्ध होंगी ये आधुनिक सुविधाएं**

प्रति डिपो में प्रशासनिक भवन, कार्यशाला, बस धुलाई रैंप, एक साथ कई बसों की पार्किंग क्षमता, चार्जिंग स्टेशन के अलावा पावर बैकअप मौजूद होगा। इसके अलावा सार्वजनिक शौचालय, लगभग 2 मीटर ऊंची सीमा दीवार व फीडिंग रूम भी होगा।

**जिलेवार अतिरिक्त सुविधाएं**

मुजफ्फरपुर- टर्मिनल सह सार्वजनिक प्रतीक्षालय क्षेत्र, शेड, सड़क, पेवर ब्लॉक, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म व गार्ड रूम

गया- सड़क, पेवर ब्लॉक, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, दुकान, टर्मिनल व ई-बस चार्जिंग स्टेशन

भागलपुर- पेवर ब्लॉक, सड़क, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, सीमा दीवार, गार्ड रूम, टर्मिनल और ई-बस स्टेशन पर शेड।

पूर्णिया- टर्मिनल सह सार्वजनिक प्रतीक्षालय क्षेत्र, शेड, पेवर ब्लॉक, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म

दरभंगा- शेड, पेवर ब्लॉक, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, गार्ड रूम, सीमा दीवार। परिवहन मंत्री ने कहा कि ये आधुनिक डिपो इलेक्ट्रिक बसों के सुरक्षित संचालन, बेहतर रखरखाव, यात्रियों की सुविधा और चालक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

## बिहार कृषि ऐप से अब घर बैठे होगा फार्मर रजिस्ट्रेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार का कृषि विभाग किसानों को सुगम सुविधाएं देने के लिए डिजिटल खेती की ओर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने बिहार कृषि ऐप के जरिए किसानों के लिए डिजिटल सुविधाएं बढ़ा दी हैं।

अब किसान घर बैठे इस ऐप के जरिए डिजिटल किसान पहचान पत्र के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह ऐप किसानों का अहम साथी बनता जा रहा है। बिहार कृषि ऐप का नया संस्करण वी.1.10.2 जारी किया गया है। अब फार्मर रजिस्ट्री लिंक कैरोसेल कार्ड में उपलब्ध है जिससे पंजीकरण आसान होगा। डीबीटी उपयोगकर्ताओं के लिए 'क्या आप जीविका सदस्य हैं' नाम से नया फील्ड जोड़ा गया है। साथ ही भारत विस्तार चैटबॉट को उन्नत किया गया है जिससे उपयोगकर्ताओं को बेहतर और सुगम अनुभव प्राप्त होगा। ऐप के जरिए किसान खाद की उपलब्धता (लाइव स्टेटस) की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही एआई चैटबॉट (प्रश्न पूछें) के माध्यम से खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान भी प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से घर बैठे ही सटीक मौसम पूर्वानुमान, सरकार की योजनाओं, आधुनिक खेती के तरीके आदि से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे खेती के बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। इस ऐप पर किसानों को फसल प्रबंधन, बाजार मूल्य और तकनीकी सलाह जैसी सभी आवश्यक सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसान इस ऐप के माध्यम से विभिन्न कृषि योजनाओं में आवेदन कर सकते हैं और उनकी स्थिति, अनुदान विवरण तथा स्वीकृति की वास्तविक समय पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कृषि से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान कॉल सेंटर बनाया गया है। इसके माध्यम से किसानों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

**किसानों को डिजिटल दुनिया से जोड़ रही सरकार**

कृषि को डिजिटल दुनिया से जोड़ने के लिए कृषि रेडियो, बिहार कृषि ऐप, किसान कॉल सेंटर आदि की स्थापना की गई है। कृषि रेडियो के माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि विभाग ने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि बिहार कृषि ऐप में किसानों के पंजीकरण के लिए डीबीटी एवं नन-डीबीटी दोनों श्रेणियां मान्य होंगी।

## धर्मेन्द्र सिंह बने औरंगाबाद जिला जदयू अध्यक्ष, दूसरे गुट ने कहा-चुनाव असंवैधानिक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र सिंह को औरंगाबाद जिला जनता दल यूनाइटेड का नया जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। यह पद पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह पर की गई कार्रवाई के बाद से रिक्त था। जिला निर्वाची पदाधिकारी रामानुज सिंह और जिला पर्यवेक्षक अमरेश चौधरी ने इसकी आधिकारिक जानकारी दी। उनके चयन पर पार्टी के कई नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। पार्टी सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल पांच नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जांच के दौरान चार नामांकन पत्रों को अवैध घोषित कर दिया गया जबकि धर्मेन्द्र सिंह के नामांकन पत्र को वैध मानते हुए उन्हें अध्यक्ष घोषित कर दिया गया।



हालांकि इस प्रक्रिया को लेकर पार्टी के भीतर विवाद भी सामने आया है। पार्टी के वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह और सत्येन्द्र सिंह चन्द्रवंशी ने संयुक्त बयान जारी कर आरोप लगाया कि जिला निर्वाची पदाधिकारी रामानुज सिंह और जिला पर्यवेक्षक अमरेश चौधरी द्वारा जिलाध्यक्ष की घोषणा पार्टी संविधान के अनुरूप नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अमरेश चौधरी राज्य नागरिक परिषद के सदस्य हैं और उन्हें जिला पर्यवेक्षक बनाया जाना गैर संवैधानिक है क्योंकि वे राज्य आयोग में लाभ के पद पर हैं। वहीं रामानुज सिंह को जिला निर्वाची पदाधिकारी बनाए जाने पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया कि यह नियुक्ति पार्टी संविधान के अनुरूप नहीं थी। दोनों नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि जिला प्रतिनिधियों की सूची में कई ऐसे लोगों को शामिल किया गया जिनका पार्टी संगठन से कोई सक्रिय संबंध नहीं है। उनके अनुसार प्रतिनिधियों की सूची का लगभग साठ प्रतिशत हिस्सा फर्जी था। उन्होंने कहा कि नामांकन के समय पांचों नामांकन धर्मेन्द्र सिंह के खिलाफ थे, लेकिन चुनाव कराए बिना ही घोषणा कर दी गई जो पार्टी की नीतियों के विरुद्ध है। दूसरी ओर जिला निर्वाची पदाधिकारी रामानुज सिंह और जिला पर्यवेक्षक अमरेश चौधरी ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि पूरी प्रक्रिया पार्टी नियमों के तहत और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न की गई है। इस प्रकार जहां एक ओर धर्मेन्द्र सिंह के जिलाध्यक्ष बनने पर समर्थकों में उत्साह है, वहीं दूसरी ओर चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठे सवालों से संगठन के भीतर मतभेद भी उभर कर सामने आए हैं।

## आकाशवाणी के उद्घोषक ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय कुशवाहा सभा भवन सासाराम में आकाशवाणी के उद्घोषक -कंपेयर द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभी हाल ही में अवकाश प्राप्त हुए कैजुअल मित्र महेंद्र सिंह, रविंद्र जी, गोपाल प्रसाद, प्रदीप कुमार और अरुण कुमार सिंहा को अवकाश प्राप्त करने के उपरांत अच्छी सेहत एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई तथा बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में शिवकुमार सिंह, महेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार सिंह, रविभूषण साहू, लालबहादुर सिंह, मुमताज अहमद, सुषमा सिंह, संध्या सिंह, कुमकुम दुबे, अर्चना कुमारी और रागिनी श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित थे। कुशवाहा भवन के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह अधिवक्ता ने उपस्थित सदस्यों को पट्टा देकर सम्मानित किया तथा होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छी सेहत के कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवकुमार सिंह ने की और उपस्थित सदस्यों के आगमन के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पेंशनर समाज ने मनाया होली मिलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल पेंशनर समाज ने रविवार को मोहन बिगहा स्थित कार्यालय में शिवजग प्रसाद की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। संचालन सचिन बच्चन चौबे ने किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उपाध्यक्ष शंकर विजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि आपसी सौहार्द भाईचारा प्रेम एकता और सामाजिक समरसता का संदेश होली देता है। यह देश की अखंडता निरपेक्षता का प्रतीक है। मौके पर धीरेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण सिंह, छोटू शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, राजबली सिंह, रामबाबू पंडित, मनोज कुमार, अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

## शिव-पार्वती के संग महिलाओं ने मनाई हर्षोल्लासपूर्ण होली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एनिकट स्थित झारखंडी मंदिर में महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया। सुनिता यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने एकत्रित होकर भगवान शिव और माता पार्वती को अबीर-गुलाल अर्पित किया तथा पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ होली उत्सव मनाया। मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने रंग-गुलाल लगाकर महादेव को होली की शुभकामनाएं दीं। भक्ति गीतों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच पूरे परिसर में आनंद और उमंग का वातावरण बना रहा। महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में सरोज देवी, काजल देवी, गंगा देवी, रीता देवी, पूजा देवी, अनीता देवी, स्नेहा देवी, शकुंतला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का परिचय देते हुए होली का पर्व धूमधाम से संपन्न किया।

## मध्य विद्यालय दरिहट में दादा-दादी नाना-नानी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय, दरिहट में दादा-दादी नाना-नानी दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मीना मंच की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई जिससे पूरा विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद तिवारी, शिक्षकगण, ग्राम पंचायत के सरपंच मिथु सिंह तथा उप प्रमुख प्रियंका देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उप प्रमुख प्रियंका देवी ने विद्यालय को वृक्ष भेंट किए जबकि सरपंच मिथु सिंह द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने बुजुर्गों के सम्मान, पारिवारिक मूल्यों की रक्षा तथा बालिका शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य एवं नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से दादा-दादी के प्रति आदर एवं बेटियों की शिक्षा का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में मीना मंच की बच्चियों ने अपने हाथों से बनाए गए धन्यवाद कार्ड अतिथियों को भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समृद्धि संस्था रोहतास की 'मंत्रा 4 चेंज' परियोजना की डिहरी ब्लॉक कॉर्डिनेटर रूपकी कुमारी ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में संस्कार, जागरूकता एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन किया गया।



## समाजसेवा को तीर्थ मानते थे डीही विद्यालय के भूमिदाता पंडित रामव्यास पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडेय डीही की स्थापना लिए अपनी निजी जमीन दान देने वाले भूमिदाता स्व. पण्डित रामव्यास पांडेय की 144वीं जयन्ती पर सरस्वती मन्दिर समिति एवं विद्यालय परिवार द्वारा रविवार को डीही में वरिष्ठ नागरिक सह श्रवण पुत्र सम्मान समारोह का आयोजन कर बुजुर्गों, समाजसेवियों एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। सैकड़ों लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व्यक्तित्व व कृतित्व को याद कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक ज्योतिष काशीनाथ पांडेय व संचालन सत्यनारायण रामम ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी रंजितेशानंदजी महाराज ने कहा कि समाजसेवा ही सबसे बड़ा तीर्थ होता है। पंडित रामव्यास पांडेय हमेशा समाजसेवा को ही तीर्थ मानते थे। वे कभी कोई तीर्थस्थल पर नहीं गए, लेकिन उस समय गांव में स्कूल नहीं होने पर उन्होंने अपनी निजी जमीन दान देकर प्राथमिक विद्यालय की स्थापना कराई जहां बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। देवडीही पंचायत के अशोक भारद्वाज ने कहा कि रामव्यास पांडेय जैसे पूर्वजों ने समाजसेवा की जो कृति स्थापित किया है उसे संभालना हम युवापीढ़ी की महती जिम्मेदारी बनती है। मौके पर नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन, पूर्व विधायक सन्तोष मिश्रा, श्यामबिहारी राम, एमएलसी अशोक पांडेय, सतेंद्र नारायण सिंह, नारायण पांडेय, मुक्तिनारायन तिवारी, बबन सिंह, चंदन सिंह, रामजी सिंह, शिवमूरत सिंह, शिवपूजन शर्मा, सत्यनारायण कुमार, प्रमोद पांडेय, अयोध्या प्रजापति, बद्री नारायण सिंह, रामएकबाल चौबे, गोविंद पांडेय, विमल पांडेय, सत्यम पांडेय, सत्या पांडेय, कामेश्वर पांडेय, जितेंद्र तिवारी, विनय कुमार चौबे सहित अन्य शामिल थे।



## होलिका दहन में प्रदूषण को ले नुक्कड़ नाटक से किया जा रहा जागरूक

### राज्य के 11 जिलों में चल रहा जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होलिका दहन के दौरान प्रदूषणकारी पदार्थ जैसे पुराने टायर, रबर, प्लास्टिक, जला हुआ मोबिल, थर्मोकोल अन्य कचरे सहित जलाने से होने वाले प्रदूषणकारी उत्सर्जन से मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण कुप्रभावित हो सकता है। वही जन सामान्य में ऐसे प्रदूषण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से राज्य के 11 जिलों में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया जा रहा है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, भागलपुर, बेगूसराय, सिवान, पूर्णियां, बिहारशरीफ, बक्सर एवं मुंगेर में जागरूकता अभियान के तीसरे और अंतिम दिन रविवार को उपर्युक्त जिलों में कुल 52 भिन्न स्थलों पर नाट्य मंडलियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया गया। रविवार को समापन तक कुल 156 भिन्न स्थलों पर नाट्य प्रदर्शन कराया गया। कुछ जिलों में कराए गए नाट्य प्रदर्शन का छाया चित्र संलग्न किया गया है।

## 'परमात्मा के साथ होली मिलन' समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** ओम शांति अपार्टमेंट कुदरा बाइपास रोड स्थित बीके प्रतिमा दीदी व बीके भाई-बहनों के बीच रविवार को परमात्मा के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बड़े धूमधाम से फूलों, गुलाब जल व गुलाल-अबीर से होली मनायी गयी। भाई-बहनों ने एक-दूसरे को गुलाल व अबीर लगाकर होली खेलते हुए बधाइयां दीं जिससे वातावरण में आनंद व उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में शामिल होने आये लोगों ने होली के आध्यात्मिक रहस्य को भी जाना। इस अवसर पर बीके प्रतिमा दीदी ने सभी भाई-बहनों के माथे पर अबीर से तिलक लगाकर फूलों से होली खेली। इसके बाद दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि माया का रंग हर मनुष्य पर चढ़ा हुआ है, ईश्वरीय संग के रंग में आत्मा को रंगना ही सच्ची आध्यात्मिक होली है। होली का उत्सव हमें आपसी भेदभाव, मनमुटाव, अहंकार व तमाम सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपने अंदर की भावना, उमंग व उल्लास को प्रकट करने का अवसर देता है। बीके मनोज भाई ने कहा कि होली पर पुरानी बातों व संस्कारों को जलाकर समाप्त करना है जब नकारात्मक बातें जल गयीं, तब खुशी, प्रेम, सुख व शांति के रंगों से होली मनानी है। यही इस पर्व की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि नफरत, ईर्ष्या व बदला लेने की भावना को होलिका दहन में स्वाहा कर अपने अंदर नयी ऊर्जा उत्पन्न करें व आध्यात्मिक रूप से होली मनाएं। इससे बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त होगा व जीवन में सच्ची सुख-शांति व समृद्धि मिलेगी।



## एक नजर

### बरनवाल सेवा समिति का होली मिलन समारोह आयोजित

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** बरनवाल सेवा समिति धमौल की बैठक धमौल बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार आर्य ने की। इस दौरान समाज के सर्वांगीण विकास एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समाज में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। समिति के सचिव अजीत भारती ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज शिक्षित और जागरूक नहीं होगा, तब तक समग्र विकास संभव नहीं है। बैठक में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, आपसी एकजुटता मजबूत करने तथा जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए ठोस कदम उठाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने निर्णय लिया कि समय-समय पर सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को संगठित रखा जाएगा। बैठक के समापन के बाद होली मिलन समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। माहौल पूरी तरह उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा। इस अवसर पर धीरज बरनवाल, विश्वनाथ कुमार, नवीन कुमार बरनवाल, विनय लाल, संतोष कुमार उर्फ डोमू लाल, सुभाष बरनवाल, दीपक बरनवाल सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### होली को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में धमौल थाना क्षेत्र में शनिवार को थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार के नेतृत्व में धमौल थाना पुलिस ने स्वाट टीम के जवानों के साथ संयुक्त रूप से एरिया भ्रमण किया। पुलिस टीम ने धमौल बाजार, रेवार, पड़रिया, जम्हड़िया, बड़ी गुलनी सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में पुलिस जीप एवं बाइक से फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी से जहां आम लोगों में सुरक्षा का भाव दिखा।

थानाध्यक्ष ने स्पष्ट संदेश दिया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, शराब के नशे में उत्पात मचाने अथवा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्व को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो।

पुलिस प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपने बच्चों पर नजर रखने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी गई कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### शैक्षणिक परिभ्रमण पर गए विद्यालयों के बच्चे

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रखण्ड के कई विद्यालय के बच्चों को विद्यालय परिवार के द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर,पावापुरी,नालन्दा खंडहर एवं बोधगया,शान्तिस्तूप आदि ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थानों का परिभ्रमण कराया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंवरकोल के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीतेन्द्र कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पावापुरी गोवरैया के प्रधानाध्यापक महेंद्र दास के नेतृत्व में बिहार शैक्षणिक दर्शन 2025-26 के तहत विद्यार्थियों को शैक्षणिक परिभ्रमण कराया गया। इस दरम्यान बच्चों को ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

दनियां जंगल में कौआकोल पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 750 लीटर शराब व बाइक जब्त

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल पुलिस को होली से पूर्व एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले दनियाँ के घने जंगल में छापेमारी कर 15 गैलन में 750 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस को चकमा देकर शराब धंधेबाज बाइक छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इन दिनों शराब कारोबार एवं इसके धन्धेबाजों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को उनके नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार एवं एएसआई रिंकू कुमार के साथ कौआकोल पुलिस के सहयोग से दनियाँ जंगल में व्यापक तौर पर छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां गुप्त स्थान पर रखे गए 15 गैलन में 750 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। एवं एक बाइक भी जब्त किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब धन्धेबाज की पहचान कर ली गई है। शराब एवं बाइक बरामदगी की प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** पकरीबरावां प्रखण्ड में कई जगहों पर होली मिलन समारोह आयोजित की गई। यदुवंशी जागृति एकता मंच के बैनर तले आयोजित होली मिलन समारोह में पारंपरिक गीतों पर लोग झूमते रहे। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने एक- दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अशोक महतो, पूर्व विधायक प्रदीप महतो, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार मंटन, राजद के लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, राजद के वरीय नेता रामबालक यादव, रंजीत यादव पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोविंदपुर, यदुवंशी जागृति एकता मंच के अध्यक्ष दिनेश यादव, पूर्व जिला पार्षद मथुरा यादव, पैक्स संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राम जी प्रसाद यादव, लटन पासवान नगर अध्यक्ष चेवाड़, पूर्व मुखिया विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि अनिल यादव, पूर्व मुखिया अनूप यादव, जयराम यादव, प्रमोद यादव, प्रकाश यादव, संजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे। इधर, डॉ. श्रीकृष्ण सिंह सेवा सदन पकरीबरावां में अध्यक्ष दिलीप कुमार रंजन के नेतृत्व में होली मिलन समारोह की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह, संत कुमार शर्मा, दिलीप कुमार रंजन, मुकेश सिंह, मुखिया विनय कुमार, पूर्व मुखिया श्रवण सिंह, अभय सिंह, मनोज सिंह, रामानंद सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### होली पूर्व शराब माफिया पर पुलिस का प्रहार, शराब लदी कार जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** आगामी होली त्योहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने और मद्य निषेध कानून को कड़ाई से लागू करने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए विशेष समकालीन अभियान के दौरान पुलिस को दो बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। पुलिस की इस सक्रियता ने क्षेत्र के शराब तस्करों और अवैध धंधेबाजों के बीच हड़कंप मचा दिया है। अभियान के दौरान पहली बड़ी कार्रवाई परतापुर क्षेत्र में देखने को मिली, जहां पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध सफेद रंग की आई टेन कार पंजीकरण संख्या बीआर 05 डब्लू 6753 को रोका। पुलिस को देखते ही धंधेबाज वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे, लेकिन जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें से 420 लीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने वाहन और शराब को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया है। हालांकि धंधेबाज मौके से फरार हो गए हैं, लेकिन थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि उनकी पहचान कर ली गई है और जल्द ही वे सलाखों के पीछे होंगे।इसी अभियान के दूसरे चरण में पुलिस बल ने गुप्त सूचना के आधार पर सतगीर के दुर्गम जंगली इलाकों में छापेमारी की। सघन तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 150 लीटर देशी शराब बरामद की गई। यहां भी संलिप्त धंधेबाजों को चिन्हित कर लिया गया है, जिनके विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि होली के पावन अवसर पर हुड़दंग करने वालों या अवैध शराब का कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की यह छापेमारी निरंतर जारी रहेगी ताकि आम नागरिक निर्भीक होकर और शांतिपूर्ण वातावरण में रंगों का यह त्योहार मना सकें।

# होली के रंग में भंग डालने वालों पर प्रशासन करेगा सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**कौआकोल।** कौआकोल थाना परिसर में रविवार को होली एवं रमजान के दौरान प्रखंड क्षेत्र में शांति, भाईचारा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने आपसी सौहार्द और शांति के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। एसडीओ अमित अनुराग ने कहा कि होली और रमजान दोनों पर्व आपसी प्रेम सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने आम नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि डीजे बजाने वाले पर डीजे, वाहन जब्ती के साथ साथ प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी।

वहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों,अश्लील गीत बजाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर ने बताया कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

साथ ही अशांति फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने शराबबंदी कानून का उल्लेख करते हुए चेतावनी दी कि चोरी-छिपे शराब बेचने,सेवन करने या नशे में अभद्र व्यवहार करने वालों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। बैठक में उपस्थित लोगों से अधिकारियों ने क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया। बैठक में सभी ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने भी अधिकारियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के बाद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। मौके पर बैठक में पकरीबरावां पुलिस निरीक्षक प्रशान्त कुमार,सीओ मनीष कुमार, पूर्व मुखिया डॉ० चन्द्रिका प्रसाद, रामबालक यादव, मुकुल सिंह, अरुण यादव, संतोष कुमार, सत्येन्द्र कुमार यादव, राहुल शुक्ला,उमेश साव, सूरज कुमार, राजीव रंजन, बिनोद यादव, प्रदीप पासवान, नवल पासवान, छोटू मियां, कमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## कल्याण बिगहा में 'विकास दिवस' के रूप में मना मुख्यमंत्री का 75वां जन्मदिन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में उत्सव जैसा माहौल रहा। राष्ट्रीय लव-कुश सेवा मिशन की देखरेख में इस दिन को 'विकास दिवस' के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पटना स्थित सप्त मूर्ति विधानसभा के सामने से सैकड़ों गाड़ियों का काफिला मुख्यमंत्री की जन्मभूमि पहुंचा। यहां समर्थकों ने उनके माता-पिता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी, राम लखन सिंह एवं पत्नी मंजु सिन्हा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गांव स्थित देवी स्थान में देव पूजा एवं विशेष होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों और समर्थकों ने पारंपरिक होली गीत गाकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जैसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण, राममनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन मनाए जाते हैं, उसी प्रकार नीतीश कुमार के जन्मदिन को भी 'विकास दिवस' के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय संयोजक राजीव रंजन पटेल ने मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार को सक्रिय राजनीति में लाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि बिहार का जनमानस और युवा एक शिक्षित एवं सादगीपूर्ण नेतृत्व की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने निशांत कुमार को राज्यसभा भेजने की भी इच्छा जताई। कार्यक्रम में संतोष कुशवाहा, संजय कांत, धीरज, शकील सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आइएमए को वार्षिक सम्मेलन में 500 चिकित्सकों ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बिहार शरीफ शाखा द्वारा नालंदा जिला चिकित्सा वार्षिक सम्मेलन "मिलन" आयोजित किया गया। जिसमें नालंदा एवं आसपास के जिलों से लगभग 500 चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. बी. भारती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य संपादक डॉ. अजय कुमार सिन्हा एवं सह-संपादक डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सुजीत कुमार तथा डॉ. दयानंद प्रसाद द्वारा संपादित स्मारिका का विमोचन भी किया गया। उद्घाटन सत्र में आईएमए बिहारशरीफ के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार एवं आयोजन अध्यक्ष डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया। पैट्रन डॉ. श्याम नारायण प्रसाद, डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. जवाहर लाल, डॉ. ममता कौशांबी एवं डॉ. रश्मि नारायण ने अपने विचार व्यक्त किए। सचिव डॉ. अभिषेक ने सत्र 2025-26 का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। मंच संचालन डॉ. स्वाति सिन्हा, डॉ. रिचा एवं डॉ. नीतू ने किया। साइंटिफिक सेशन में बच्चों की मनोचिकित्सा पर डॉ. अमरदीप कुमार ने अपने विचार रखे। हृदय रोग एवं जॉन्डिस पर डॉ. वैभव राज, कैंसर पर डॉ. नवीन कुमार, तथा चिकित्सीय कानून पर डॉ. ललित कुमार सिंह सहित कई विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. पुलक राज, डॉ. नीरु जनेश्वर सिंह, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सुमन प्रकाश, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. कीर्ति पराशर, डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अनंत कुमार वर्मा एवं अन्य चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

## 14 करोड़ बिहारवासियों की आश और विश्वास हैं मुख्यमंत्री : सासंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर बिहारशरीफ स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में युवा जदयू नालंदा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें 10 युवाओं ने रक्तदान कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार "बनता और संवरता बिहार" के शिल्पकार हैं और 14 करोड़ बिहारवासियों की आश और विश्वास हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार ने विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं, जिसकी गूंज देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक सुनाई दे रही है। आज बिहारी कहलाना गर्व की बात बन चुकी है।

सांसद ने कहा कि वर्ष 2005 से अब तक बिहार की जनता लगातार नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताती आ रही है। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का कार्य करता है। यह निस्वार्थ सेवा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, नगर जिलाध्यक्ष गुलरेज अंसारी, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धीरज पटेल और नगर अध्यक्ष राहुल रंजन कुशवाहा ने संयुक्त रूप से की।

## दवा व्यवसायियों ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कौआकोल।** कौआकोल बाजार में रविवार को प्रखण्ड दवा विक्रेता संघ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दवा विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजन कुमार मौजूद रहे। दवा दुकानदारों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी तथा कहा कि होली के बहाने दवा व्यवसायियों में आपसी भाईचारा व एकजुटता दिखती है। यह स्वयं में एक मिसाल है। इस कार्यक्रम से संदेश जाता है कि दवा व्यवसायी एक दूसरे के सुख-दुख में साथ हैं। होली पर्व में आपसी भेदभाव भूलकर लोग गले लग जाते हैं। होली प्रेम व सद्भावना का प्रतीक है। मौके पर कौआकोल प्रखंड के प्रखण्ड अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, संतोष कुमार, मन्नू बर्णवाल, पंकज चौरसिया, शंकर कुमार, राजीव रंजन, लखेन्द्र साहू, राजेन्द्र प्रसाद, रवि बर्णवाल, बिनोद बर्णवाल, चन्द्रिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## पार्टी कार्यालय में मनाया गया नीतीश कुमार का जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** नवादा नगर स्थित सदर विधायक विभा देवी के कार्यालय में रविवार को त्रिस्तरीय उत्सव का आयोजन नवादा जिला जनता दल यूनाइटेड की ओर से किया गया।

सर्वप्रथम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75 वें जन्मदिवस पर सदर विधायक विभा देवी ने केक काटकर उन्हें दीर्घायु स्वस्थ और क्रियाशील रहने की शुभकामनाएं दी। उपस्थित वक्ताओं ने मुख्यमंत्री के संघर्ष गाथा को दोहराते हुए कहा कि बिहार में इनका नेतृत्व अन्य प्रदेश की राजनीति को भी प्रभावित करता है। उनके अद्भुत नेतृत्व क्षमता और दूर दृष्टि जनता को चमत्कृत कर देती है। विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो भी कदम उठाए है वह राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बन गया है। दूसरे सत्र में जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष का निर्वाचन होना था किंतु किसी अपरिहार्य कारणों से निर्वाचन प्रक्रिया रोक दी गई।

उत्सव के आखिरी सत्र में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस सत्र में विधायक ने कहा कि प्रेम और आपसी भाईचारे का त्यौहार होली समस्त नवादा वासियों के लिए मंगलमय हो। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवादा की जनता नशामुक्त होली का उत्सव सभी जाति धर्म या संप्रदाय के लोग मनाएंगे जिससे समाज में कड़वाहट पनपने का कोई स्थान नहीं मिलेगा।

मौके पर मुकेश विद्यार्थी, जयशंकर चंद्रवंशी, नवल चौहान, मनोहर पासवान, अरुण सिन्हा, डॉ रियाज खान, प्रो प्रमिला देवी, शोभा देवी, कुसुम देवी, धीरू यादव, मंटू कुमार, शंभू मालाकार, दशरथ यादव, तारो खान समेत हजारों कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नेता शामिल रहे।

## पतंजलि योग परिवार ने धूमधाम से मनाया होली समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** पतंजलि योग परिवार द्वारा होली के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं योग साधकों ने भाग लिया। उत्सव की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और हवन के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं होली गीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बच्चों और युवाओं ने होली के पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण पूरी तरह रंगमय और उल्लासपूर्ण हो उठा। आयोजन में होली के पौराणिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया तथा भक्त प्रह्लाद और होलिका दहन की कथा सुनाई गई। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से शुरू होकर शाम 8 बजे तक चला। पूरे दिन योगाभ्यास, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर चलता रहा। मुख्य अतिथि के रूप में योग शिक्षक एवं समाजसेवी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योग को जीवन का आधार बताते हुए नियमित अभ्यास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास संभव है। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन ने ग्रामवासियों में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया।

## शांति बहाली को लेकर अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** जिले के संवेदनशील माने जाने वाले कौआकोल थाना क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों ने होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। सदर एसडीओ अमित अनुराग एवं पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने कौआकोल बाजार, दुर्गामण्डप, सोखोदेवरा के संवेदनशील मुहल्लों, रानीबाजार से महुडर तक प्रमुख मार्गों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आमजन से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। सदर एसडीओ अमित अनुराग ने कहा कि होली के मद्देनजर क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है,ताकि किसी भी शरारती तत्व पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन ने प्रशासनिक अधिकारियों के इस कदम की सराहना की। लोगों का मानना है कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत हुआ है। मौके पर फ्लैग मार्च में सीओ मनीष कुमार, बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को कराया गया परिभ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को शनिवार को शैक्षणिक परिभ्रमण कराया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत राजकीय बुनियादी विद्यालय डोमावर कुझा के छात्र व छात्राएं को शैक्षणिक परिभ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सरयू प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नवम व दशम के 75 छात्र व छात्राएं परिभ्रमण में शामिल हुए।इस दौरान गेहौलर घाटी में बाबा दशरथ मांझी के स्मारक का दर्शन किया। उसके बाद बोधगया पहुंचे, और उस स्थल के विभिन्न मंदिरों व स्थलों का बारीकी से जानकारी प्राप्त की। प्रभारी प्राचार्य ने कहा यह सभी पर्यटक स्थल होने के साथ दर्शनीय स्थल के रूप में मशहूर है। छात्र व छात्राएं चांदनी, नमन, उदित, पुष्पा, प्रियांशु समेत अन्य रहे। मौके पर शिक्षक कुंदन कुमार, मनोरमा कुमारी, रेखा कुमारी, रीना कुमारी समेत अन्य छात्र व छात्राएं शरीक हुए।

## नवादा में स्वास्थ्य सेवाओं को नई उड़ानः श्री बालाजी इमरजेंसी हॉस्पिटल का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिले के कादीरगंज रोड स्थित कन्हाई लाल साहू कॉलेज, नेहालुचक के समीप साईनाथ हॉस्पिटल के बगल में रविवार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। श्री बालाजी इमरजेंसी हॉस्पिटल न्यूरो एंड ट्रॉमा सेंटर का विधिवत उद्घाटन पीएमसीएच पटना के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवीन कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पीएमसीएच के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार, आईएमए नालंदा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सिया शरण समेत कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि इस अत्याधुनिक अस्पताल के खुलने से अब नवादा के मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। कम खर्च में बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना इस संस्थान की बड़ी उपलब्धि होगी। वरिष्ठ अतिथि डॉ. अशोक कुमार ने इसे अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. ओम प्रकाश के वर्षों पुराने सपने का साकार रूप बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल इलाज का केंद्र बनेगा, बल्कि नवादा में स्वास्थ्य सेवाओं का नया मानक भी स्थापित करेगा।

मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. ओम प्रकाश ने भावुक स्वर में कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य कम खर्च में बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां न्यूरोसर्जरी, हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति, पैथोलॉजी सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक लगातार सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों ने भी सेवा भावना को सर्वोपरि बताते हुए मरीजों के प्रति समर्पण की बात दोहराई। अस्पताल के खुलने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और लोगों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उम्मीद जगी है।

# गया टाउन में विभिन्न संगठनों के होली मिलन समारोह में शामिल हुए डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गया टाउन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रमों में डॉ प्रेम कुमार, अध्यक्ष, बिहार विधानसभा ने सहभागिता की तथा उपस्थित जनसमूह को होली की शुभकामनाएं दीं। सर्वप्रथम वे गंगा महल स्थित रौनियार वैश्य भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इसके पश्चात उन्होंने कानू विकास संघ, ललित नगर स्थित कल्याण समिति, बागेश्वरी में लोहार आदिवासी संघर्ष मंच, धर्म सभा भवन में केशरवानी समाज एवं बिहार युवा शक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। इन अवसरों पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि रंगों, उल्लास और आपसी प्रेम के पावन पर्व होली की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और परस्पर सद्भाव का प्रतीक पर्व है। यह त्योहार आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, स्नेह और सौहार्द के रंगों में रंगने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली का यह पावन अवसर सत्य की असत्य पर विजय, धर्म की अधर्म पर विजय तथा प्रकाश की अंधकार पर विजय की प्रेरणा देता है। यह पर्व सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने, आपसी विश्वास को बढ़ाने तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली का त्योहार पारंपरिक उल्लास एवं मर्यादा के साथ मनाएं, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें तथा जल की अनावश्यक बर्बादी से बचें। साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के साथ मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर होली के इस पावन अवसर पर समरस, सशक्त और समृद्ध बिहार के निर्माण का संकल्प लें। यह रंगोत्सव सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए, इसी मंगलकामना के साथ उन्होंने पुनः सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रमों में पप्पू चंद्रवंशी, राजनंदन गांधी, राकेश आईटी, टिंकू गोस्वामी, बिल्लू जी, शंभू नाथ केसरी, सतीश केसरी, अरविंद केसरी, सुरेंद्र केसरी, दयानंद विश्वकर्मा, रामाश्रय विश्वकर्मा, मुरारी विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा, केशु कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, पंकज कुमार, तनुज कानू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शराब जब्त कर रही पुलिस पर पथराव, थानाध्यक्ष समेत दो अफसर घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी-केसपा मुख्य मार्ग पर मिश्र बिगहा तालाब के पास दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त कर रही पुलिस टीम पर शनिवार देर शाम ग्रामीणों और उपद्रवियों ने ईंट-पत्थरों से भीषण हमला कर दिया। इस हमले में अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यम और टिकारी थाने के एसआइ सुनील कुमार घायल हो गये जबकि पुलिस की गाड़ी के शीशे चकनाचूर कर दिये गये। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर के डल्ले में ईंट के नीचे छिपाकर शराब की खेप अलीपुर मार्ग की ओर ले जायी जा रही है। सूचना का सत्यापन कर पुलिस ने अलीपुर-केसपा मोड़ के पास से वाहन का पीछा करना शुरू किया। जगदीशपुर से आगे तालाब के पास जब पुलिस ने ट्रैक्टर को रुकवाने की कोशिश की तो चालक घबरा गया। पुलिस को देखते ही वह चलते वाहन से कूदकर फरार हो गया। चालक के कूदते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 20 फीट गहरे गेहूं के खेत में पलट गया। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम जब खेत में गिरे ट्रैक्टर से शराब बरामद कर रही थी, तभी माफियाओं की शह पर बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंच गये। उपद्रवी इस बात पर अड़ गये कि वे पुलिस को शराब नहीं ले जाने देंगे। पुलिस ने शुरू में उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने पुलिस टीम और राहगीरों पर पथराव शुरू कर दिया। स्थिति बेकाबू होती देख पुलिस को मजबूरी में बल प्रयोग करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गयी और हालात को नियंत्रित किया।

## ब्लैकमेलिंग का शिकार था जवान, महिला ने 20 लाख ऐंठे, डेढ़ बीघा जमीन बिकवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** गया एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के 56 वर्षीय हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार सिंह की हरियाणा पुलिस की कस्टडी में हुई मौत के मामले में एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मृतक के परिजनों ने इसे महज कस्टोडियल डेथ नहीं, बल्कि एक ब्लैकमेलिंग और साजिश के तहत की गयी हत्या करार दिया है। घटना की सूचना मिलते ही गया पहुंचे मृतक के बेटे दुर्गेश कुमार, नीलेश कुमार और पत्नी रीमा देवी ने पूरी गिरफ्तारी प्रक्रिया और मामले की पृष्ठभूमि पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं।मृतक के बेटों ने बताया कि वर्ष 2023 में हरियाणा में पोस्टिंग के दौरान उनके पिता एक शातिर महिला के जाल में फंस गये थे। उस महिला ने उनके खिलाफ हरियाणा के सेक्टर-6 (बहादुरगढ़) थाने में धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप है कि केस का डर दिखाकर वह महिला लगातार उन्हें ब्लैकमेल कर रही थी। उसकी मांगें पूरी करने के लिए मुकेश कुमार सिंह ने वैशाली जिले के जन्दाहा थाना अंतर्गत (मुकुंदपुर-गोविंदपुर) अपने पैतृक गांव की करीब डेढ़ बीघा जमीन बेच दी और अब तक उस महिला को 15 से 20 लाख रुपये दे चुके थे। जब मुकेश रिटायरमेंट के करीब पहुंच गये और उन्होंने पैसे देना बंद कर दिया, तो महिला ने हरियाणा पुलिस को हथियार बनाकर इस खौफनाक साजिश को अंजाम दिया। परिजनों का सबसे बड़ा और तकनीकी सवाल यह है कि जब जांच पूरी हो चुकी थी तो गिरफ्तारी क्यों की गयी? बेटों का स्पष्ट दावा है कि इस केस में उनके पिता को पहले ही न्यायालय से बेल मिल चुकी थी।

# मगध विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को पुनर्स्थापित करने का संकल्प

▸ मगध विश्वविद्यालय, बोधगया का 65वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न ▸ जीतन राम मांझी, प्रेम कुमार और कुलपति एसपी शाही ने रखे विचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में 65वां स्थापना दिवस समारोह अतिथि गृह में कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार शामिल हुए। अपने संबोधन में जीतन राम मांझी ने विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को पुनर्स्थापित करने पर जोर देते हुए ऑडिटोरियम निर्माण में सहयोग का आश्वासन दिया, वहीं प्रेम कुमार ने अनुशासन, परिश्रम और नैतिकता को विश्वविद्यालय विकास का मूलमंत्र बताया। कुलपति प्रो एसपी शाही ने पिछले तीन वर्षों में हुई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए परीक्षाओं की नियमितता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र की स्थापना और शैक्षणिक विस्तार को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संस्कार सृजन की समन्वयक डॉ मीनाक्षी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कुलगीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कुलपति प्रो एसपी शाही ने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय के इतिहास और वर्तमान स्थिति को विस्तार से रखते हुए बताया कि उनके कार्यकाल में 155 से अधिक परीक्षाएं नियमित रूप से संपन्न कराई गईं तथा 300 से अधिक संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित की गईं। उन्होंने बताया कि मगध विश्वविद्यालय बिहार का एकमात्र विश्वविद्यालय है जहां वर्तमान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की पढ़ाई प्रारंभ हो रही है। साथ ही एआई एवं एएस विभाग को भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा गया के गुरुआ प्रखंड स्थित दुवा क्षेत्र में सर्वेक्षण का अवसर मिला है जो पूरे देश में केवल सात विश्वविद्यालयों को प्राप्त है। प्रेम कुमार ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय के छात्र प्रशासनिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा शिक्षा बजट में लगभग साठ हजार करोड़ रुपए के प्रावधान का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। जीतन राम मांझी ने मगही भाषा में संबोधित करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय स्थापना के समय 100 एकड़ भूमि की मांग पर 300 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई थी। उन्होंने विश्वविद्यालय परिषद में बोधगया मठ के मठाधीश स्वर्गीय सत्येंद्र नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव रखा तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष विश्वविद्यालय की मांगों को रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कृषि और हरियाली के महत्व पर बल देते हुए कहा कि देश की बड़ी आबादी आज भी खेती पर निर्भर है और विश्वविद्यालयों को इस दिशा में शोध बढ़ाना चाहिए। अधिष्ठाता प्रो प्रमोद कुमार चौधरी ने शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में कुलसचिव प्रो बिनोद कुमार मंगलम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन डॉ दीप शिखा पांडेय और डॉ परम प्रकाश राय ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह में संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दानापुर में होली मिलन सह अभिनंदन समारोह संपन्न

### पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने दिया स्वरोजगार और तकनीक का मंत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** राम प्रभा टावर में रविवार को 'होली मिलन सह अभिनंदन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमनौर विधायक सह पूर्व मंत्री, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग (बिहार सरकार) श्री कृष्ण कुमार मंटू उपस्थित रहे। इस बीच सभा को संबोधित करते हुए श्री मंटू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़कर ही 'सामाजिक पूंजी' का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने अपने पूर्व के कार्यकाल में गांव-गांव में स्थापित 'डिजिटल लाइब्रेरी' का उदाहरण देते हुए कहा कि बच्चों को तकनीक से जोड़ना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार योजना, साइकिल या पोशाक योजना को केवल सरकारी अनुदान या सब्सिडी न समझा जाए। उन्होंने कहा ये योजनाएं सरकार की ओर से दिया गया एक विचार और प्रगति का माध्यम हैं। मुख्यमंत्री रोजगार योजना से प्राप्त राशि को दान न समझकर अपना निवेश समझें और उसे रोजगार में लगाएं, ताकि बिहार की महिलाएं आत्मनिर्भर होकर समाज को आगे ले जा सकें। कार्यक्रम में आयोजक टीम के विशेषज्ञों ने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2026 से राज्य स्तरीय तकनीकी टीम का गठन किया जा रहा है। गणमान्य जनों की उपस्थिति होली के गीतों और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. बृंद प्रसाद, राजेश रंजन जुगनू, शैलेंद्र सिंह, डॉ. संतोष कुमार, अमरेश झा और रजनीश सहित कई विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। स्थानीय स्तर पर अवधेश सिंह, सागर कुमार, अमृता, कविता, गीता, सरिता और यशोमती सहित भारी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों और महिला उद्यमि शामिल थे।

## शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में नवजात की मौत से परिजनों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** अनुमंडलीय अस्पताल में नवजात की मौत के बाद मामला केवल एक परिवार के शोक तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों के आरोपों ने अस्पताल प्रबंधन, निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही की प्रणाली को कठघरे में ला खड़ा किया है। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ है। परिवार का कहना है कि प्रसव के समय पर्याप्त चिकित्सकीय सतर्कता नहीं बरती गई। उनका आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं थे और न ही प्रसूता को समुचित देखभाल मिल सकी। परिजनों के अनुसार बार-बार अनुरोध के बावजूद चिकित्सा कर्मियों ने अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई। बाद में नवजात की मौत की सूचना मिलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस पूरी प्रक्रिया ने अस्पताल की कार्यशैली पर कई प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। घटना के बाद अस्पताल परिसर में घंटों तनाव की स्थिति बनी रही। आक्रोशित परिजन कार्रवाई के लिए अड़े रहे। आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा। अधिकारियों ने मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पहले भी कई घटना हो चुकी है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अस्पताल में अव्यवस्था और लापरवाही की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन ठोस सुधार नहीं हो पाया है। कुछ अन्य मरीजों के परिजनों ने भी अस्पताल में कथित अव्यवस्था और अनौपचारिक रूप से पैसे मांगने जैसी शिकायतें की हैं। उनका कहना है कि सरकारी अस्पताल में मुफ्त और सुलभ स्वास्थ्य सेवा का दावा किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग दिखाई देती है। संसाधनों की कमी, कर्मियों की अनुपस्थिति और निगरानी तंत्र की कमजोरी जैसे मुद्दे लंबे समय से चर्चा में रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर शेरघाटी के विधायक उदय कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की।

## फार्मासिस्ट की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित फर्मासिस्ट मो.मुस्ताक अहमद अंसारी का शनिवार को सेवानिवृत्त होने पर अस्पताल के समस्त चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण करते हुए भावभीनी विदाई दिया। ज्ञात हो कि फर्मासिस्ट मुस्ताक अंसारी जो रोहतास जिला के गोराड़ी थानांतर्गत सकला बाजार के निवासी हैं। इन्होंने दिसम्बर 2014 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना प्रथम योगदान दिया था और 28 फरवरी 2026 को यही से सेवानिवृत्त हो गए। इनके व्यवहार कुशलता एवं कार्य निपुणता के लोग कायल रहे।

## छेड़छाड़ व मारपीट के दो मामलों में दोनों पक्षों से प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के शिवाबिगहा गांव में छेड़छाड़, चेन छीनने व मारपीट को लेकर दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि रविवार को दोनों पक्षों से मामला दर्ज किया गया है। पहले पक्ष की ओर से रिंकू देवी, पति विजय कुमार ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि खेत में चारा लाने के दौरान गांव के तीन लोगों ने उनके साथ छेड़छाड़ की तथा गले से सोने की चेन छीन ली। शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष से सुनीता देवी, पति सिकंदर यादव ने प्रेम प्रसंग को लेकर उनके पति पर लाठी-डंडे से हमला कर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया है। घायल का इलाज गुरारू व कोंच में कराया गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## टिकारी राज इंटर कॉलेज में महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह की स्मृति में समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** ऐतिहासिक नगरी टिकारी स्थित टिकारी राज इंटर कॉलेज के प्रांगण में महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह की स्मृति में पहली बार भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने किया।
कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में स्थापित महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर, प्रभारी प्राचार्य मनु मणि, पूर्व प्राचार्य डॉ सच्चितानंद प्रेमी, साहित्यकार राकेश कुमार सिन्हा 'रवि', राम कृष्ण मिश्र, उप प्रमुख गया दत्त शर्मा एवं आयोजक हिमांशु शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक राज्यवर्धन शर्मा ने की, जबकि संचालन संजय अथर्व ने किया। वक्ताओं ने टिकारी के विकास में टिकारी राज के योगदान को विस्तार से याद किया। पूर्व प्राचार्य शिव शंकर शर्मा ने सुझाव दिया कि टिकारी राज के इतिहास पर शोध संस्थान की स्थापना की जानी चाहिए। टिकारी राज पर शोध कर रहे छात्र बैजू चौधरी ने महाराजा के जीवन और उनके कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। अपने संबोधन में डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि महाराजा ने अपने शासनकाल में बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुल्क माफ कर दिया था। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि विद्यालय का नामकरण महाराजा के नाम पर किया जाना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में राज्यवर्धन शर्मा ने कहा कि महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह ने अपने जीवनकाल में अनेक जनहितकारी कार्य किए जिन्हें सदैव स्मरण रखा जाएगा।

## होली को लेकर डोभी एवं बहेरा थाने में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से डोभी थाना एवं बहेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही होली के दौरान हुड़दंग, डीजे के तेज आवाज और किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की।

## कबाड़ा बस, मैक्सी बने प्राइवेट स्कूलों के वाहन, अनहोनी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न नामी-गिरामी से लेकर छोटे-छोटे स्कूलों में पिछले कई सालों से सरकार द्वारा रिजेक्ट कर दिए गए वाहन प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को ढोने में काम आ रहे हैं। इस ओर न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस-प्रशासन, परिवहन विभाग एवं गार्जियन से लेकर विद्यालय प्रबंधन का हीं ध्यान है। विद्यालय प्रबंधन को ध्यान हीं क्यों हो। उनका काम पैसा कमाना है, कमा रहे हैं। गार्जियन भी इस ओर चुप हैं। किसी प्रकार की घटना -दुर्घटना होने पर हाय तौबा मचाने पर आतुर होंगे। पुलिस को इस ओर ताकने की आवश्यकता नहीं है। वे तो केवल दो पहिया वाहन स्वामियों को हेलमेट नहीं पहनने पर जान जाने की सलाह देंगे और फाइन काटेंगे। उन्हें यह नहीं महसूस हो रहा है कि जिस खटारा गाड़ियों से देश के भविष्य ढोये जा रहे हैं। इन अनफिट गाड़ियों के ब्रेक फेल होने से एक साथ दर्जनों नौनिहालों की जानें जा सकती हैं और उन्हें लोगों को कोपभाजन से लेकर विभागीय कार्रवाईयों का भी सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि किसी गार्जियन द्वारा इस प्रकार की शिकायत नहीं किया गया है जबकि इस प्रकार के परिवहनों से परिवहन निषेध है। शिक्षक नेता गौतम कुमार सिंह एवं किसन कुमार राजा से पूछा गया कि आप तो शिक्षा और शिक्षक के नेता हैं। इस ओर मौन क्यों साधे हैं तो कहा गया कि इस ओर भी ध्यान दिया जाएगा। प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधन ने अपना रवैया नहीं सुधारा तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा।

## भाम गांव में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम भाम में रविवार को आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने भाग लिया और आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है, इसे शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर एसआई मीरा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लोजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित, अबीर-गुलाल से सराबोर हुए कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** बगीचा मैरेज हॉल स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) कार्यालय में रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील दांगी ने की। लोजपा अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष संजय साव के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पारंपरिक उत्साह के साथ रंगों के पर्व होली का आनंद लिया। समारोह को आनंदमय बनाने के लिए ढोल, ताशा और झाल की व्यवस्था की गई थी। वाद्य यंत्रों की धुन पर कार्यकर्ता होली गीतों पर झूमते नजर आए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर सुनील दांगी ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक त्योहार है। इसे सभी को प्रेम और सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम में लोजपा के प्रखंड उपाध्यक्ष रवींद्र चौधरी, पत्थर सिंह, सोनू पासवान, पंचायत समिति सदस्य राजेश पासवान, मनोज कुमार, राज कुमार पासवान, पप्पू दास, नगीना पासवान, राहुल कुमार, सोनू कुमार, वतन कुमार, देव कुमार प्रसाद दांगी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संपादकीय

## आप की नैतिक जीत

दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट द्वारा मुख्य आरोपी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 7 आरोपियों को बरी किया जाना आम आदमी पार्टी की नैतिक जीत है। आम आदमी पार्टी ने इसे सत्य की जीत बताया है। हालांकि इस मामले की जांच करने वाली एजेंसी सीबीआई ने फैसले के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट जाने की बात कही है, लेकिन यह संदेह शुरू से ही था कि यह पूरा मामला भाजपा को राजनीतिक फायदा पहुंचाने के लिए है और पिछले साल हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को इसका फायदा मिला। उसने 11 साल से दिल्ली में जमी आप सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया। दिल्ली कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ बिना सबूत के आरोप साबित नहीं होता है। कोर्ट ने कहा कि शराब नीति घोटाले की हजारों पन्नों की चार्जशीट में कई खामियां हैं और उसमें लगाए गए आरोप किसी गवाह या बयान से साबित नहीं होते। सीबीआई सिसोदिया के खिलाफ पहली नजर में भी मामला साबित नहीं कर पाई। केजरीवाल का नाम बिना किसी ठोस सबूत के जोड़ा गया।

चार्जशीट में ऐसी कई बातें शामिल की गईं, जिनका गवाहों के बयानों से कोई संबंध नहीं है। चार्जशीट में विरोधाभास हैं, जो कथित साजिश की पूरी थ्योरी को कमजोर करते हैं। मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह को बरी करते हुए जज ने कहा कि हैरानी की बात है कि उन्हें पहला आरोपी क्यों बनाया गया, जबकि उनके खिलाफ कोई ठोस सामग्री नहीं थी। गौरतलब है कि मनीष सिसोदिया पर आरोप था कि वे शराब नीति बनाने और लागू करने के जिम्मेदार थे, लेकिन अदालत ने कहा कि उनके शामिल होने का कोई सबूत नहीं मिला और न ही उनके खिलाफ कोई बरामदगी हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिल्ली शराब नीति को लेकर ष्टत्र (कम्प्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट लीक हुई थी। इसमें सरकार को 2026 करोड़ रुपए का रेवेन्यू लॉस होने की बात कही गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि शराब नीति में काफी गड़बड़ियां थीं, जिनमें लाइसेंस देने में खामी भी शामिल है। इसके साथ ही आप नेताओं को कथित तौर पर घूस के जरिए फायदा पहुंचाया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि डिप्टी चीफ मिनिस्टर जिस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की अगुआई कर रहे थे, उसने एक्सपर्ट पैनल के सुझावों को खारिज कर दिया था। कैबिनेट ने नीति को मंजूरी दे दी थी और कई अहम फैसलों पर तब के उपराज्यपाल की मंजूरी भी नहीं ली गई थी। शराब घोटाला मामले में केजरीवाल के खिलाफ श्वष्ठ और ष्टक्चढ्ढ दोनों जांच एजेंसियों ने केस दर्ज किया था। श्वष्ठ ने उन्हें 21 मार्च 2024 को केजरीवाल को अरेस्ट किया था। इसके बाद 26 जून को ष्टक्चढ्ढ ने जेल से ही उन्हें हिरासत में ले लिया था। श्वष्ठ मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। कोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल ने भावुक होकर कि आज सत्य की जीत हुई है। ये केस झूठा था। जाहिर है कि दिल्ली कोर्ट के फैसले से इस धारणा की पुष्टि हो गई है कि पूरा मामला भ्रष्टाचार और अनियमितता का कम और राजनीतिक साजिश का ज्यादा था। इस फैसले से जहां सीबीआई कार्यक्षमता पर एक बार फिर प्रश्नचिन्ह लगा है, वहीं दूसरी तरफ बीजेपी को बैकफुट पर आना पड़ा है। आम आदमी पार्टी को इस फैसले का लाभ अगले साल पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव में मिल सकता है। उनकी नैतिक जमीन मजबूत हुई है। अब आप ने भी सीबीआई के खिलाफ ऊंची अदालत में जाने का ऐलान कर दिया है।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार - लोकतंत्र की बड़ी चुनौती

**भारतीय संविधान के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को पद से हटाने की व्यवस्था महाभियोग के माध्यम से की गई है। यह प्रक्रिया 'सिद्ध दुराचार या अक्षमता' के आधार पर संसद द्वारा पूरी की जाती है। किंतु इस प्रक्रिया की शर्तें अत्यंत कठोर हैं। दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित होना आवश्यक है। इतिहास में देखा गया है कि महाभियोग की कार्यवाही बहुत कम मामलों में अंत तक पहुंची है। कई बार न्यायाधीशों ने प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले ही त्यागपत्र दे दिया, और कई बार राजनीतिक मतभेदों के कारण आवश्यक बहुमत प्राप्त नहीं हो सका। यद्यपि इन कठोर प्रावधानों का उद्देश्य न्यायपालिका को राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाना है, फिर भी इससे यह धारणा बनती है कि जवाबदेही की प्रक्रिया प्रभावी नहीं है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील और दूरगामी परिणामों वाला विषय होता है। हाल के समय में भारत में यह बहस तेज हुई कि क्या आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को न्यायिक व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं, जैसे भ्रष्टाचार, मुकदमों की लंबित संख्या और न्यायाधीशों की कमी के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए। यह विवाद तब सामने आया जब राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक से एक संशोधित अध्याय शामिल किया गया। इस अध्याय की प्रस्तुति को लेकर देश के प्रधान न्यायाधीश ने आपत्ति जताई और संकेत दिया कि यह विषय जिस तरह से रखा गया है, वह एक सोची-समझी कोशिश भी हो सकती है। यद्यपि यह बहस जारी है कि बच्चों को किस उम्र में किस प्रकार की नागरिक शिक्षा दी जानी चाहिए, लेकिन एक बात स्पष्ट है, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों और घटनाओं को केवल पाठ्यपुस्तक से हटाकर सार्वजनिक चर्चा से समाप्त नहीं किया जा सकता।

न्यायपालिका किसी भी संवैधानिक लोकतंत्र में अत्यंत सम्मानित और विशिष्ट स्थान रखती है। वह संविधान की संरक्षक होती है, नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करती है और राज्य तथा नागरिकों के बीच उत्पन्न विवादों का अंतिम निर्णय देती है। इसलिए न्यायपालिका की निष्पक्षता और ईमानदारी पर जनता का विश्वास लोकतंत्र की स्थिरता की आधारशिला है। कार्यपालिका और विधायिका जहाँ राजनीतिक वातावरण में कार्य करती हैं और चुनावी जवाबदेही के अधीन रहती हैं, वहीं न्यायपालिका की वैधता उसकी निष्पक्षता, स्वतंत्रता और नैतिक गरिमा पर टिकी होती है। यही कारण है कि यदि न्यायपालिका के किसी सदस्य पर भी अनैतिक आचरण का आरोप लगता है, तो उसका प्रभाव व्यापक और गहरा होता है।हाल के वर्षों में कुछ मामलों ने न्यायिक जवाबदेही को लेकर असहज प्रश्न खड़े किए हैं। विशेष रूप से दिल्ली



उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़ा विवाद काफी चर्चा में रहा। समाचारों में यह आरोप सामने आया कि उनके निवास से करोड़ों रुपये के आंशिक रूप से जले हुए नोट बरामद हुए। यद्यपि उनके विरुद्ध महाभियोग की प्रक्रिया आरंभ किए जाने की बात कही गई, परंतु अभी तक वह अंतिम निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है और वे पद पर बने हुए हैं। यह मामला ही नहीं, बल्कि अतीत में अन्य न्यायाधीशों से जुड़े आरोप भी इस बात की ओर संकेत करते हैं कि गंभीर आरोपों की जांच और दंड की प्रक्रिया कितनी जटिल और लंबी है। भारतीय संविधान के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को पद से हटाने की व्यवस्था महाभियोग के माध्यम से की गई है। यह प्रक्रिया 'सिद्ध दुराचार या अक्षमता' के आधार पर संसद द्वारा पूरी की जाती है। किंतु इस प्रक्रिया की शर्तें अत्यंत कठोर हैं। दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित होना आवश्यक है। इतिहास में देखा गया है कि महाभियोग की कार्यवाही बहुत कम मामलों में अंत तक पहुंची है। कई बार न्यायाधीशों ने प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले ही त्यागपत्र दे दिया, और कई बार राजनीतिक मतभेदों के कारण आवश्यक बहुमत प्राप्त नहीं हो सका। यद्यपि इन कठोर प्रावधानों का उद्देश्य न्यायपालिका को राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाना है, फिर भी इससे यह धारणा बनती है कि जवाबदेही की प्रक्रिया प्रभावी नहीं है।

यह कहना गलत होगा कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित है। भ्रष्टाचार एक व्यापक सामाजिक और प्रशासनिक समस्या है, जो शासन के सभी अंगों विधायिका, कार्यपालिका और प्रशासनिक संस्थाओं को प्रभावित करती है। फिर भी न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रभाव विशेष रूप से घातक होता है। यदि लोगों को यह विश्वास हो जाए कि न्याय खरीदा या प्रभावित किया जा सकता है, तो कानून का शासन कमजोर पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में लोग न्याय पाने के लिए वैधानिक रास्तों के बजाय अन्य उपायों का सहारा लेने लगते हैं, जिससे सामाजिक अस्थिरता और अराजकता बढ़ सकती है।

भारतीय न्यायिक व्यवस्था के सामने एक और बड़ी चुनौती लंबित मामलों का भारी बोझ है। विभिन्न अदालतों में करोड़ों मामले वर्षों से लंबित हैं। न्यायाधीशों की कमी, अपर्याप्त आधारभूत संरचना, जटिल प्रक्रियाएं और बार-बार स्थगन, ये सभी कारण मिलकर समस्या को और गंभीर बनाते हैं। यद्यपि लंबित मामलों की अधिकता को सीधे भ्रष्टाचार नहीं कहा जा सकता, लेकिन अत्यधिक विलंब से अनैतिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलने की संभावना रहती है। जब न्याय पाने में वर्षों लग जाते हैं, तो कुछ लोग शॉर्टकट अपनाने का प्रयास कर सकते हैं। इस प्रकार व्यवस्था की कमजोरी और भ्रष्टाचार एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं। शैक्षिक पाठ्यक्रम से जुड़ा विवाद एक गहरे दार्शनिक प्रश्न को जन्म देता है, क्या बच्चों को संस्थागत कमजोरियों से परिचित कराया जाना चाहिए, या उन्हें केवल आदर्श सिद्धांतों तक सीमित रखा जाना चाहिए? एक पक्ष यह मानता है कि कम उम्र में ऐसी जानकारी देने से संस्थाओं के प्रति सम्मान घट सकता है। दूसरा पक्ष कहता है कि लोकतंत्र में सजग और जागरूक नागरिक तैयार करना आवश्यक है। यदि बच्चों को संतुलित और तथ्यपूर्ण जानकारी दी जाए, जिसमें समस्याओं के साथ-साथ सुधार की प्रक्रियाओं और ईमानदार उदाहरणों का भी उल्लेख हो–तो यह शिक्षा नकारात्मकता नहीं, बल्कि जागरूकता पैदा करेगी। यह भी सच है कि भारतीय न्यायपालिका ने अनेक ऐतिहासिक फैसलों के माध्यम से साहस और स्वतंत्रता का परिचय दिया है। अदालतों ने मौलिक अधिकारों का विस्तार किया, पर्यावरण संरक्षण को मजबूती दी, लैंगिक समानता को प्रोत्साहित किया और कई संवेदनशील मामलों में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की। अनेक न्यायाधीशों ने निष्कलंक सेवा और उच्च नैतिकता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसलिए भ्रष्टाचार पर चर्चा करते समय यह ध्यान रखना आवश्यक है कि कुछ आरोपों के आधार पर पूरी संस्था को संदेह की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।

समय-समय पर न्यायिक सुधारों के प्रस्ताव भी सामने आते रहे हैं। इनमें एक स्वतंत्र निगरानी तंत्र की स्थापना, संपत्ति की पारदर्शी घोषणा, आंतरिक आचार संहिता को सुदृढ़ करना, अदालतों का डिजिटलीकरण और न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना शामिल हैं। ई-कोर्ट, वर्चुअल सुनवाई और ऑनलाइन केस ट्रैकिंग जैसी तकनीकी पहलें पारदर्शिता बढ़ा सकती हैं और अनियमितताओं की संभावनाओं को कम कर सकती हैं। न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने पर भी बहस जारी है। किंतु हर सुधार में यह संतुलन बनाए रखना होगा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता प्रभावित न हो, साथ ही जवाबदेही भी सुनिश्चित हो।

न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर चर्चा संयमित, तथ्यों पर आधारित और सुधार की भावना से प्रेरित होनी चाहिए। अतिरंजित आरोप या राजनीतिक हमला संस्था को कमजोर कर सकते हैं, जबकि मौन या इनकार से समस्या गहरी हो सकती है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि वह अपनी कमजोरियों को स्वीकार करे और उन्हें सुधारने का साहस दिखाए। पाठ्यपुस्तक से जुड़े विवाद के मूल में यही द्वंद्व है, संस्था की प्रतिष्ठा बनाम पारदर्शिता। यदि शैक्षिक सामग्री से समस्याओं का उल्लेख हटा भी दिया जाए, तो वास्तविकता नहीं बदलती। बल्कि जागरूक नागरिक ही भविष्य में सुधार की राह प्रशस्त कर सकते हैं। नागरिक शिक्षा का उद्देश्य प्रचार नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण समझ विकसित करना होना चाहिए। वास्तव में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न इसलिए गंभीर है क्योंकि यह न्याय की नैतिक नींव को हिला सकता है। जवाबदेही की प्रक्रियाओं को मजबूत करना, लंबित मामलों को कम करना और न्यायाधीशों की कमी दूर करना अत्यंत आवश्यक है।

अध्यात्म

### सम्राट और बूढ़ा आदमी

बहुत समय पहले की बात है, भारत के प्राचीन शहर पाटलिपुत्र में एक बहुत ही शक्तिशाली सम्राट राज्य करता था। उसका नाम था 'सम्राट विक्रमसेन'। विक्रमसेन बहुत ही वीर था, लेकिन उसे लगता था कि इस दुनिया में हर काम सिर्फ अपने फायदे के लिए किया जाता है। वह मानता था कि जो काम हमें आज फल न दे, उसे करना समय की बर्बादी है। सम्राट अक्सर अपने मंत्रियों से कहता, 'हमें केवल वही योजनाएं बनानी चाहिए जिनका लाभ मुझे मेरे जीवनकाल में मिल सके। भविष्य किसने देखा है?' राज्य में सब उसकी बात मानते थे, लेकिन एक दिन एक साधारण बूढ़े आदमी ने सम्राट की सोच को बदल दिया। एक दिन सम्राट विक्रमसेन अपने रथ पर सवार होकर राज्य का दौरा कर रहे थे। रास्ते में एक छोटे से गाँव से गुजरते समय उनकी नजर एक बहुत ही बुजुर्ग आदमी पर पड़ी। वह आदमी लगभग 80 साल का होगा। उसकी कमर झुक गई थी, बाल पूरी तरह सफेद थे और हाथ कांप रहे थे। फिर भी, वह कड़ी धूप में पसीना बहाते हुए सड़क के किनारे गड्ढा खोद रहा था और एक नन्हा सा आम का पौधा लगा रहा था। सम्राट को बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने रथ रुकवाया और उस बूढ़े आदमी के पास गए। सम्राट ने हँसते हुए पूछा, 'बाबा! आपकी उम्र तो देखिए। आप एक पैर कब्र में लटकाए बैठे हैं और यहाँ आम का पौधा लगा रहे हैं? क्या आपको लगता है कि आप इसके फल खाने के लिए जिंदा रहेंगे? 'बूढ़ा आदमी रुका, उसने माथे से पसीना पोंछा और मुस्कुराते हुए सम्राट की ओर देखा। उसने बहुत ही शांत स्वर में कहा, 'महाराज! आप सही कह रहे हैं। मैं शायद इसके फल खाने के लिए जीवित न रहूँ। लेकिन क्या मैं सिर्फ अपने लिए ही जीता हूँ?' बूढ़े ने समझाया, 'महाराज, आज जिन पेड़ों के मीठे आम मैंने खाए हैं, क्या वे मैंने लगाए थे? नहीं, वे मेरे पूर्वजों ने लगाए थे। अगर उन्होंने सिर्फ अपने बारे में सोचा होता, तो आज मुझे और मेरे बच्चों को फल नहीं मिलते। मैं यह पेड़ इसलिए लगा रहा हूँ ताकि मेरे जाने के बाद, मेरे पोते-पोतियां और राहगीर इसके फल खा सकें और मुझे याद कर सकें। यह मेरे लिए नहीं, आने वाली पीढ़ी के लिए है।' यह बात सम्राट के दिल में सीधे उतर गई। उन्होंने कभी इस तरह से सोचा ही नहीं था। वह हमेशा 'आज' के फायदे में खोए रहते थे, जबकि यह साधारण बूढ़ा आदमी 'कल' के लिए मेहनत कर रहा था, बिना किसी लालच के। सम्राट विक्रमसेन की आँखों से घमंड का पर्दा हट गया। उन्हें एहसास हुआ कि असली महानता अपने लिए जीने में नहीं, बल्कि दूसरों के लिए कुछ करके जाने में है। सम्राट ने सम्मान से सिर झुकाया और कहा, 'बाबा, आप मुझसे भी बड़े राजा हैं। आपका दिल सोने का है।' सम्राट ने अपनी जेब से सोने के सिक्कों की एक थैली निकाली और बूढ़े आदमी को दे दी। 'यह आपकी निस्वार्थ सेवा का छोटा सा इनाम है,' सम्राट ने कहा। बूढ़ा आदमी फिर मुस्कुराया। उसने थैली ली और बोला, 'देखा महाराज! मेरे पेड़ ने तो मुझे अभी फल दे दिया। आमतौर पर पेड़ सालों बाद फल देते हैं, लेकिन मेरे इस नन्हे पौधे ने तो मुझे लगाने के तुरंत बाद ही 'सोने के फल' दे दिए।' सम्राट और उनके मंत्री बूढ़े की हाज़िरजवाबी और सकारात्मक सोच पर बहुत खुश हुए। सम्राट महल वापस लौटे, लेकिन वह अब पहले जैसे नहीं थे। उन्होंने राज्य में कई ऐसे काम शुरू करवाए जिनका फायदा आने वाली पीढ़ियों को मिलने वाला था – जैसे नहरें खुदवाना, धर्मशालाएं बनवाना और विद्यापीठ खोलना।

# बढ़ती आक्रामकता : युवाओं के मन का मौन संकट

**हाल के वर्षों में बच्चों और युवाओं के बीच बढ़ती हिंसक प्रवृत्तियाँ समाज के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई हैं। आए दिन आक्रामक व्यवहार, मारपीट, बुलिंग और यहाँ तक कि गंभीर अपराधों में किशोरों की संलिप्तता की खबरें सामने आती हैं, जो पूरे समाज को झकझोर देती हैं। बच्चे और युवा किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। यदि उनकी ऊर्जा और क्षमता रचनात्मक दिशा में जाने के बजाय विनाशकारी रास्तों पर मुड़ने लगे, तो यह केवल व्यक्तिगत असफलता नहीं, बल्कि परिवार, समाज और व्यवस्था की गहरी समस्या का संकेत है। आज जिस तरह आक्रामकता को सामान्य व्यवहार की तरह स्वीकार किया जाने लगा है, वह इस बात का प्रमाण है कि यह कोई एक-दो घटनाओं तक सीमित समस्या नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक चुनौती है, जिस पर गंभीरता से विचार और कार्य करने की आवश्यकता है।**

**ममता कुशवाहा**

इस बढ़ती हिंसा के पीछे जिन कारणों पर सबसे अधिक चर्चा होती है, उनमें डिजिटल मीडिया का प्रभाव प्रमुख है। आज के बच्चे और किशोर ऑनलाइन गेम, वेब सीरीज़ और सोशल मीडिया की दुनिया में डूबे रहते हैं, जहाँ हिंसक दृश्य और आक्रामक व्यवहार को अक्सर मनोरंजन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। जब कोमल और संवेदनशील मन बार-बार आक्रामकता और हिंसा से भरे दृश्य देखते हैं, तो धीरे-धीरे उनके मन में वास्तविक और आभासी दुनिया के बीच का अंतर धुंधला पड़ने लगता है। लगातार ऐसे दृश्य देखने से संवेदनशीलता कम हो सकती है और हिंसा को लेकर मन की प्रतिक्रिया सुस्त पड़ जाती है। हालांकि हर हिंसक घटना के लिए केवल डिजिटल माध्यमों को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि इनका प्रभाव बच्चों के विचार, भाषा और व्यवहार पर पड़ता है। यदि सही मार्गदर्शन औरसंतुलित निगरानी न हो, तो यह प्रभाव उनके व्यक्तित्व को नकारात्मक दिशामें मोड़ सकता है।

परिवार का वातावरण भी बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। घर ही वह पहला स्थान है जहाँ बच्चा जीवन के मूल्यों, भावनात्मक व्यवहार और समस्याओं से निपटने के तरीकों को सीखता है। यदि घर का वातावरण तनावपूर्ण हो, माता-पिता के बीच निरंतर झगड़े होते हों, कठोर अनुशासन या उपेक्षा का माहौल हो, या नशे जैसी बुरी आदतें मौजूद हों, तो बच्चे के मन में असुरक्षा और आक्रोश पनप सकता है। जब उसकी भावनात्मक आवश्यकताएँ पूरी नहीं होतीं और उसे अपनी बात कहने का अवसर नहीं मिलता, तो भीतर जमा हुआ तनाव कभी-कभी आक्रामकता के रूप में बाहर आता है। अत्यधिक अपेक्षाएँ भी बच्चों पर मानसिक दबाव डालती हैं, विशेषकर पढ़ाई और करियर को लेकर। जब बच्चा स्वयं को समझा या स्वीकार किया हुआ महसूस नहीं करता, तो उसके भीतर असंतोष और विद्रोह की भावना जन्म ले सकती है। इसके विपरीत, यदि परिवार में संवाद, स्नेह और संतुलित अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चे के मन में स्थिरता और सुरक्षा की भावना विकसित होती है, जो उसे हिंसक प्रवृत्तियों से दूर रखती है। साथियों का प्रभाव और आपसी तुलना भी इस समस्या को बढ़ाते हैं। किशोरावस्था वह समय है जब व्यक्ति अपनी पहचान खोजता है और मित्रों से स्वीकृति पाना चाहता है। यदि किसी समूह में दबंगई, डराना-धमकाना या जोखिमभरा व्यवहार लोकप्रियता का साधन बन जाए, तो कई किशोर उसी राह पर चलने लगते हैं। सोशल मीडिया इस प्रवृत्ति को और तेज कर देता है, क्योंकि वहाँ सफलता, सुंदरता और संपन्नता की चमकदार तस्वीरें लगातार सामने आती रहती हैं। इनसे तुलना करके कई युवा स्वयं को कमतर समझने लगते हैं। यह हीनभावना कभी-कभी गुस्से और आक्रोश में बदल जाती है। कुछ युवा अपनी कमजोरी को छिपाने या नियंत्रण जताने के लिए आक्रामक व्यवहार का सहारा लेते



हैं, जो धीरे-धीरे आदत बन सकता है। विद्यालय का वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्कूल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का केंद्र होता है। लेकिन जब कक्षाएँ भीड़भाड़ से भरी हों, प्रतिस्पर्धा अत्यधिक हो और परामर्श सेवाएँ सीमित हों, तो छात्रों की मानसिक समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा पाता। बुलिंग, चाहे वह शारीरिक हो या ऑनलाइन, आज एक गंभीर समस्या है। बुलिंग का शिकार होने वाले बच्चे चिंता, अवसाद और क्रोध से गुजरते हैं, जबकि ऐसा करने वाले बच्चे भी अक्सर किसी आंतरिक पीड़ा या असुरक्षा से जूझ रहे होते हैं। यदि समय रहते हस्तक्षेप न किया जाए, तो यह चक्र और अधिक खतरनाक रूप ले सकता है। इसलिए स्कूलों में सुदृढ़ परामर्श व्यवस्था, स्पष्ट नियम और संवेदनशील वातावरण की आवश्यकता है, जहाँ हर बच्चा सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियाँ भी युवाओं के व्यवहार को प्रभावित करती हैं। बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता और अपराध से घिरे वातावरण में पलने वाले बच्चों पर निरंतर तनाव बना रहता है। जब उन्हें आगे बढ़ने के अवसर सीमित दिखाई देते हैं, तो उनके मन में निराशा और हताशा जन्म ले सकती है। समाज में शक्ति और बदले की भावना को महिमा मंडित करने वाली सोच भी हिंसा को एक वैध साधन के रूप में प्रस्तुत करती है। ऐसे में केवल व्यक्तिगत स्तर पर सुधार पर्याप्त नहीं होता; व्यापक सामाजिक बदलाव भी आवश्यक होते हैं, जो समान अवसर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी भी एक महत्वपूर्ण कारण है। चिंता, अवसाद, ध्यान की समस्या या किसी आघात का असर यदि समय पर समझा और संभाला न जाए, तो वह चिड़चिड़ापन और आक्रामकता में बदल सकता है। दुर्भाग्य से कई स्थानों पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ या तो उपलब्ध नहीं हैं या उनके प्रति सामाजिक झिझक बनी रहती है। कई बार माता-पिता या शिक्षक बच्चे की परेशानी को अनुशासनहीनता समझ लेते हैं और दंड का सहारा लेते हैं, जबकि उसे समझ और सहारे की आवश्यकता होती है। यदि समय रहते पहचान औरपरामर्श मिल जाए, तो स्थिति को सुधारा जा सकता है। फिर भी यह याद रखना आवश्यक है कि युवावस्था ऊर्जा, रचनात्मकता और उत्साह का समय है। सही दिशा और मार्गदर्शन मिलने पर यही ऊर्जा समाज के निर्माण में लग सकती है। खेल, कला, संगीत, पठन-पाठन और सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियाँ बच्चों को सकारात्मक मंच देती हैं, जहाँ वे अपनी भावनाओं को स्वस्थ तरीके से व्यक्त कर सकते हैं। परिवार में खुला संवाद, जहाँ बच्चा बिना डर अपनी बात कह सके, हिंसक प्रवृत्तियों को रोकने का प्रभावी उपाय है।

डिजिटल साक्षरता भी अत्यंत आवश्यक है। पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बजाय बच्चों को यह सिखाया जाना चाहिए कि वे मीडिया सामग्री को समझदारी से देखें और सही-गलत का विवेक विकसित करें। स्क्रीन समय पर संतुलित नियंत्रण और माता-पिता की सहभागिता विश्वास और समझ को मजबूत करती है। स्कूलों में भावनात्मक संतुलन, संवाद कौशल और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि बच्चे आधुनिक चुनौतियों का सामना संयम से कर सकें।

बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्तियाँ कई कारणों के मेल से उत्पन्न होती हैं, व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और तकनीकी सभी कारक इसमें भूमिका निभाते हैं। केवल दंड या आरोप-प्रत्यारोप से समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता है। परिवार संवाद और स्नेह को प्राथमिकता दें, स्कूल भावनात्मक विकास को महत्व दें, समाज सुरक्षित और समान अवसर प्रदान करे, और नीतियाँ मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दें। यदि हम मिलकर बच्चों की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दें और उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास करें, तो यह चुनौती एक अवसर में बदल सकती है। बच्चों का संवेदनशील और संतुलित विकास केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है, ताकि आने वाली पीढ़ी एक अधिक शांत, सुरक्षित और सहृदय दुनिया का निर्माण कर सके।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन अत्यधिक शुभ रहने वाला है। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमीजन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं।

**वृषभ**
आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन**
नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिये पूरी योजना बना लें। रुके कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कर्क**
आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

**सिंह**
समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा।

**कन्या**
सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। थकावट हो सकती है, इसीलिये आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियाँ हो सकती हैं।

**तुला**
आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी आपका अत्यधिक ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक**
पारिवारिक कलह का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ व्यवहार खराब न करें।

**धनु**
जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुयी इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नये विकल्प आज आपको मिलेंगे।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। धार्मिक विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**कुंभ**
घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। प्रेमीजन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंडारक की रंगकर्मी सौम्या भारती के नेट क्वालीफाई करने पर अभिनंदन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक की रंगकर्मी सौम्या भारती के परफॉर्मिंग आर्ट, डांस और थिएटर विषय में यूजीसी की नेट परीक्षा क्वालीफाई करने पर स्थानीय रंग कर्मियों द्वारा अभिनंदन किया गया ।बचपन से ही रंगकर्म से जुड़ी सौम्या भारती के पिता अजय कुमार भी पंडारक रंगमंच से जुड़े हुए थे। कई उच्च स्तरीय ऐतिहासिक एवं सामाजिक नाटकों में सौम्या ने अविस्मरणीय भूमिका निभाई है।

### आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**पालीगंज (पटना) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी पालीगंज चंदन कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल सभा कक्ष, पालीगंज में आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की कार्यप्रणाली, राशन वितरण की स्थिति, पात्र लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा पारदर्शिता बनाए रखने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मीडिया कर्मी को इससे दूर रखा गया ।



### चोरों ने टेंपो किया गायब, अज्ञात पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना के तारेगना मठ निवासी महेन्द्र महतों के घर के बाहर लगा एक टेम्पो को बीते शनिवार की रात अज्ञात बदमाशो ने गायब कर दिया. इस संबंध मे टेंपो मालिक महेन्द्र महतो की पत्नी डिम्पल कुमारी ने अज्ञात के बिरूध प्राथमिकी दर्ज करायी है. दर्ज कराई गयी प्राथमिकी मे आरोप है कि प्रतिदिन की तरह शनिवार की शाम महेन्द्र महतो अपनी टेंपो को कही से लेकर आये और नगर के तारेगना मठ स्थित अपने आवास के पास लगा दिया.आरोप है कि रात मे बदमाशो ने टेंपो को वहां से गायब कर दिया. रविवार की सुबह जब महेन्द्र महतो घर के बाहर आये तो देखा टेम्पो गायब था. बाद मे इन्होने घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंच छान बीन मे जुटी थी.

### अथमलगोला में होली के रंग में दिखे विधायक

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के नीरपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर रंग गुलाल की बरसात हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाकवि योगेश फाउंडेशन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन नीरपुर में पूर्व प्रखण्ड प्रमुख अनिल सिंह एवं पेक्स अध्यक्ष संतोष सिंह के संयोजन में किया गया। जिसमें करजान और सूर्यपुरा ग्रामवासियों के द्वारा प्रसिद्ध होली गीतों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ सियाराम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। करजान सूर्यपुरा की टीम का भी हौसला बढ़ाया। ज्ञात हो कि इसी टीम ने क्षेत्र में इस परंपरा को कई वर्षों से जीवंत कर रखा हैं।मौके पर सत्येंद्र बहादुर , महेश सिंह, राजीव कुमार चुन्ना, डॉ बलराम सिंह ,संतोष सिंह, इंदुभूषण सिंह क्षेत्र के कई नामचीन चेहरे गुलाल से सराबोर झूमते गाते दिखे।



### मछली तालाब में मिला युवक का शव

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव स्थित एक मछली तालाब में रविवार की सुबह एक युवक का शव तैरता हुआ पाया गया। शव की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और मछली तालाब में तैरते हुए शव को बाहर निकाल गया, जहां शव की पहचान धनौती गांव के रहने वाले संतोष पासवान उम्र 28 वर्ष पिता कमलेश पासवान के रूप में हुई है। आसपास के लोगों ने संभावना जताई की मछली मारने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूबने से उसकी मौत हो गई है, पुलिस पूरे मामले की तह तक तहकीकात करने में जुटी हैं कि आखिर यह युवक मछली तालाब में कब गया और जब डूबने के दौरान आसपास हो हल्ला हुआ तो बचाने कैसे नहीं पहुंचे, कई बिंदु पर इसकी जांच की जा रही है महादेवपुर गांव स्थित यह मछली तालाब अनिल का बताया जा रहा है। पुलिस फिलहाल विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।



### छात्र को नींद की गोली खिला किया अप्राकृतिक यौनाचार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में एक बार फिर से गुरु और शिष्य का रिश्ता शर्मसार हुआ है, लेकिन यह मामला अप्राकृतिक यौनाचार से जुड़ा हुआ है। मसौढी के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाले पांचवी कक्षा के छात्र के साथ उसी के मोहल्ले में रहने वाले एक 28 वर्षीय शिक्षक ने ट्यूशन पढ़ने के बहाने उसे बुलाया और पहले उसे खाने के लिए कुछ चीज दिया जिससे उसकी नींद आ गई और उसी के दरमियान उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाएं और वीडियो बना लिया, बाद में वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर कई बार उसके साथ गलत काम की, जब छात्र ने इसका विरोध किया तो अंततः वीडियो को वायरल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी लोक लाज के कारण अंततः पीड़ित छात्र ने थाने में पहुंचकर आरोपी शिक्षक मोहम्मद यूसुफ आलम उम्र करीब 28 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहम्मद इकबाल आलम मालिकाना के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### मसौढी एवं कादिरगंज थाना में शांति समिति की बैठक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी एवं कादिरगंज थाने मे शनिवार को होली एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक की गई, मसौढी थाने मे प्रभारी थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार एवं कादिरगंज थाने मे थानाध्यक्ष रौशन कुमार की अध्यक्षता मे हुई,बैठक में रमजान एवं होली पर किसी भी प्रकार की विकट स्थिति से निपटने पर चर्चा की गयी। वही थानाध्यक्ष ने लोगों से आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समेत समाज के प्रमुख लोगों से माहौल पर नजर बनाए रखने के साथ-साथ असामाजिक तत्व जो माहौल को बिगाड़ सकते हैं, उन पर नजर रखने की अपील की गयी।

# गांधी मैदान मसौढ़ी में होली मिलन समारोह में हिंदू मूस्लिम एकता की दिखी मिसाल

## अतिथियों में मूर्ख शिरोमणि, महामूर्खाधिराज, मूर्खाधिराज, मुर्खाधिपति, महामूर्ख की उपाधि






**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी मैदान मसौढ़ी में सर्वधर्म सम्भाव के बैनर तले होली मिलन समारोह सह मूर्खाधिराज सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखी गई इस पूरे कार्यक्रम के अध्यक्ष अकलियत के नेता समाजसेवी मोहम्मद आरफराज साहिल ने की, कार्यक्रम के संयोजक डॉ मंगल, सचिव पलटन सिंह, महासचिव सिंदर सिंह बग्गा, और कोषाध्यक्ष विनेश चौधरी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, मौके पर हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग एकजुट होकर होली मिलन में फाग गीतों की बहार पर झूमते नाचते नजर आए, मौके पर कई जिला पार्षद,मुखिया पंचायत समिति एवं विभिन्न दलों के नेता शामिल रहे। कार्यक्रम में होली के कई गीत गाकर लोगों को झुमाया. संयोजक ने कहा की होली सद्भाव का प्रतीक है, खुशी से होली मनाई जानी चाहिए. लेकिन होली प्रेम, सौहार्द, सद्भाव का प्रतीक है. उन्होंने हंसी खुशी से होली मनाने की अपील की. जो प्रत्येक साल गांधी मैदान मसौदा में होली मिलन का मुख्य समारोह का आयोजन किया जाता रहा है, इस वर्ष भी सभी जाति धर्म समुदाय के लोग शिरकत कर रहे हैं, कार्यक्रम के अंत में आए हुए अतिथियों में मूर्खशिरोमणि में पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर और जिला परिषद उपेंद्र बिंद, महामूर्खधिराज पद पर मुखिया रंजन कुमार एवं शाहिद आलम, मूर्खाधिराज पद पर खुशबू रानी और रंजू यादव, मूर्खधिपति में शिल्पी ठाकुर ,महामूर्ख में कृष्ण यादव एवं 10 लोगों को मूर्ख की उपाधि से नवाजा गया। मौके पर शिक्षक दीपक कुमार, अनिल कुमार मिट्ठू, संतोष अनमोल,मंतोष पासवान, निरज कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे हैं।

## होलिका दहन पर नुक्कड़ नाटक आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होलिका दहन में अति-प्रदूषणकारी पदार्थों यथा- पुराने टायर, रबर, प्लास्टिक, जला हुआ मोबिल, थमोकील तथा अन्य कचरे आदि जलाने से होने वाले प्रदूषणकारी उत्सर्जन से मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण कुप्रभावित हो सकता है। जन-सामान्य में ऐसे प्रदूषण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से राज्य के निम्नांकित 11 जिलों में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया जा रहा हैः- 1. पटना, 2. गया, 3. मुजफ्फरपुर, 4. हाजीपुर, 5. भागलपुर, 6. बेगूसराय, 7. सिवान, 8.पूर्णियाँ, 9. बिहारशरीफ, 10. बक्सर एवं 11. मुंगेर जागरूकता अभियान के तीसरे और अंतिम दिन आज उपर्युक्त जिलों में कुल 52 भिन्न स्थलों पर नाट्य मंडलियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया गया। आज समापन तक कुल 156 भिन्न स्थलों पर नाट्य प्रदर्शन कराया गया। कुछ जिलों में कराये गये नाट्य प्रदर्शन का छायाचित्र संलग्न किया गया है।

### 73 लीटर विदेशी और 140 लीटर देशी शराब बरामद

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस को विभिन्न अवैध शराब मामले में वाहन जांच के क्रम में बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत जमालपुर से अथमलगोला स्टेशन जाने वाली सड़क पर गश्ती के क्रम में 42 लीटर विभिन्न ब्रांडो की विदेशी शराब लावारिस हालत में जप्त किया है।पुलिस की माने तो गश्ती पुलिस को देखकर शराब माफिया शराब फेंक कर भाग गया प्रतीत होता है। वहीं यात्री वाहन जांच के क्रम में सोहसराय नालंदा निवासी रवि चौधरी को 13 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि एक बाइक सवार को 18 लीटर विदेशी शराब के साथ हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों युवक बाढ़ निवासी बताए जाते हैं। इनकी बाइक को भी जप्त कर लिया गया है।

## पोठही में शटर उखाड़ कर आभूषण दुकान से 12 लाख की चोरी



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के केवड़ा थाना क्षेत्र के पोठही बाजार स्थित एक आभूषण दुकान में शटर उखाड़ कर चोरों ने बीते रात को तकरीबन 12 लाख रुपए का आभूषण की चोरी कर ली है, इस मामले में चांदनी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर अरुण कुमार पिता स्व सत्यवान प्रसाद गुप्ता पुनपुन निवासी ने थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं, दिये गये आवेदन के आलोक में लिखा है की सुबह में दुकान बगल वाले दुकानदार ने ताला टूटा हुआ देखकर फोन किया की दुकान का ताला टूटा हुआ है, हमारा दुकान नागेश्वर प्रसाद सिंह मार्केट में स्थित है। खोलने गए तो देखें कि बाहर का शटर उखड़ा हुआ है जहां अंदर गए तो ताला खंती से तोड़ा गया है, सीसीटीवी का डीवीआर भी क्षतिग्रस्त करते हुए ले गए हैं और तकरीबन 12 लाख रुपए का आभूषण और ₹20 हजार नगद चोरी कर लिया है, सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंची और अपना वैज्ञानिक का अनुसंधान में जुट गई है, थानाध्यक्ष ने बताया कि आसपास के भी सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है मामले में टीम गठित की गई है और जांच पड़ताल की जा रही है।बहरहाल पोठही बाजार में एक बार फिर से इस तरह की चोरी की घटना से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है ,हर कोई आशंकित से दहशत में दिख रहे हैं कि कल आखिर किसकी बारी ना हो ना जाए।

## करंट लगने से महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम





**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** करंट लगने से एक अधेड़ महिला की हुई मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिल कर बख्तियारपुर मोकामा फोरलेन को थाना क्षेत्र के कासिमपुर दाढ़ी के सामने सड़क पर शव रख कर करीब 40 मिनट तक जाम कर दिया। और मुआवजे की मांग करते हुए जमकर बबाल किया।काफी मशक्कत के बाद प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजकिशोर सिंह, मुखिया अरविंद कुमार, सरपंच छोटन सिंह, अविनाश कुमार उर्फ पप्पू पासवान और अथमलगोला थाना पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम हटाया जा सका। थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। और अग्रेत्तर करवाई में जुट गई है। पीड़ित परिवार की ओर से मिले आवेदन के आधार पर विधि सम्मत करवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चक्सरवर निवासी सुखदेव पासवान की 55 वर्षीया पत्नी घास काटने जमालपुर बड़हिया टाल क्षेत्र में गई थी। जहां नंगे तार में चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। ग्रामीण प्रशासन और बिजली विभाग से उचित मुआवजे की मांग करते दिखे।

### होली को लेकर 58 जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस की तैनाती

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल प्रशासन के द्वारा मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड में होलिका दहन एवं होली पर्व को लेकर तकरीबन 58 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की है, जिसमें 10 दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा 58 पर्यवेक्षिका पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जहां 290 पुलिस बल की तैनाती की गई है। गौरतलब है की होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सख्ती बरत रही है। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि हर गली मोहल्ले में बाइक की पेट्रोलिंग की जाएगी. सभी जगह पर लगातार अवैध शराब को लेकर छापेमारी की जाएगी. इसको लेकर 11 टीम गठित की गई है. होली पर्व से लेकर रमजान तक छापेमारी होती रहेगी।वहीं डीएसपी कन्हैया कुमार ने कहा कि लहरिया कट बाइक चलाने वालों पर नजर रखी जाएगी. विभिन्न वाहनों की चौक चौराहे पर जांच अभियान शुरू कर दी गई है.

## सैनिक सम्मेलन में प्रथम एमएसीपी प्राप्त आरक्षक को वरिष्ठ आरक्षक चेवरॉन धारण कराए जाने के लिए पीनिंग समारोह



**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीआईएसएफ यूनिअ एनटीपीसी बाढ़ में सैनिक सम्मेलन के दौरान इकाई प्रभारी संतोष कुमार पासवान के नेतृत्व में सीआईएसएफ यूनिअ एनटीपीसी बाढ़ के 52 आरक्षक को वरिष्ठ आरक्षक चेवरॉन (इंसिग्निया) धारण कराया गया। बल सदस्यों के डेडिकेशन और प्रोफेशनलिज्म की बहुत तारीफ की गई और उनके परिवारों के द्वारा दिए गए बहुत कीमती सहयोग को भी सराहा गया । सैनिक सम्मेलन के दौरान नव पदोन्नत वरिष्ठ आरक्षकों को उनकी लंबी सेवा एवं बल के प्रति समर्पित भाव से कर्त्तव्य निर्वहन की सराहना की गई। इकाई प्रभारी के द्वारा सभी बल सदस्यों को उनके पदोन्नति के पश्चात नये दायित्वों के प्रति अनुशासित,कर्तव्यनिष्ठ, जिम्मेदारीपूर्वक एवं सजग रहकर कर्त्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## होलिका दहन को लेकर हरा चना की बढ़ी डिमांड

### हरा चना से पटा पूरा बाजार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली को लेकर देशभर में उत्साह और उमंग का माहौल बन गया है। ऐसे में गांव से लेकर शहर तक फगुआ ब्यार बह रही है ।होली की खुमारी सर चढ़कर बोल रही है ऐसे में होलिका दहन के अवसर पर हरा चना और गेहूं की बाली जलाने के भी पुरानी पौराणिक परंपरा रही हैं जिसको लेकर मसौढ़ी बाजार में हरा चना से पूरा बाजार पट गया है। इसका काफी क्रेज दिख रहा है। होलिका की पवित्र अग्नि में गेहूं, चना और जौ की हरी बालियां अर्पित करने की परंपरा है, जिसे कई क्षेत्रों में होरहा कहा जाता है। यह केवल एक रिवाज नहीं, बल्कि नई फसल और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर होलिका दहन की अग्नि में गेहूं, चना और जौ की बालियां क्यों डाली जाती हैं। जानिए इसके पीछे की धार्मिक मान्यताए, मसौढी के श्री रामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य गोपाल पांडे ने बताया कि होलिका दहन के दौरान गेहूं और चने को अग्नि में समर्पित करना केवल परंपरा निभाना नहीं है, बल्कि यह किसान की मेहनत और प्रकृति के प्रति सम्मान को दशार्ता है। लंबी अवधि की खेती के बाद किसान अपनी उपज का एक भाग ईश्वर को अर्पित कर कृतज्ञता प्रकट करता है। मान्यता है कि इससे जीवन में खुशहाली और अच्छी फसल का आशीर्वाद मिलता है। होलिका की अग्नि में भुनी हुई गेहूं की बालियों को कई इलाकों में होला कहा जाता है, जिसे प्रसाद स्वरूप बांटकर ग्रहण किया जाता है। वही आचार्य विश्वरंजन ने इसकी पौराणिक महता के बारे में बताया कि होलिका दहन के समय अग्नि में सात गेहूं की बालियां अर्पित करने की परंपरा प्रचलित है। धार्मिक मान्यताओं में अंक सात को शुभता और संतुलन का प्रतीक माना जाता है,

### छापेमारी में 100 लीटर शराब जब्त, 2000 किलो महुआ गुड घोल नष्ट



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को लेकर ऑपरेशन देसी शराब के तहत तवातोड़ छपनारी चल रही है। ऐसे में रविवार के दिन लहसुना पुलिस ने बदरोई गांव में एक टीम बनाकर चारों तरफ से घेर का सघन छापेमारी की गई है, जहां मोरहर नदी के किनारे बने हुए शराब को लेकर छापेमारी की गई, जहाँ 100 लीटर देसी शराब को जब्त की गई, इसके साथ ही दो हजार किलो जावा महुआ गुड घोल नष्ट किया गया है।थानाध्यक्ष खुशबू खातुन ने बताया की होली पर्व को लेकर पुरे इलाके मे शराब को लेकर कई टीम गठित करते हुए छापेमारी ई जा रही है।और मुसहरी मे लोगों के बीच शराब सेवन न करने के प्रति जागरूकता भी चलाया जा रहा है।

## होली पर्व को लेकर तारेगना रेलवे स्टेशन पर रेल डीएसपी ने की जांच

### यात्रियों की सुरक्षा और नशाखुरानी गैंग एवं शराब तस्करी पर सख्ती के निर्देश



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली के अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए वरिय रेल उपाधीक्षक आलोक कुमार और आरपीएफ/जीआरपी द्वारा ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। दरअसल वरीय रेल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में होली पर्व को लेकर रेल पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है,इस अभियान का उद्देश्य अवैध और ज्वलनशील पदार्थों को रोकना, साथ ही ट्रेनों में भीड़ का प्रबंधन करना है।वहीं ट्रेनों की सुरक्षा व जांच भीड़ मैनेजमेंट, छिनतई व नशाखुरानी जैसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने और शराब की अवैध तस्करी पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गये हैं। एवं ट्रेनों में जीआरपी की एस्कॉर्ट पार्टी, आरपीएफ की टीम भी कई ट्रेनों में एस्कॉर्ट की भी जांच गई, ऐसे में शनिवार की देर शाम को रेल डीएसपी आलोक कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ एवं जीआरपी की पूरी टीम के अलावा तारेगना रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार के साथ में कई ट्रेनों में सघन तलाशी अभियान चलाई गई, एवं ट्रेनों में एस्कॉर्ट पार्टी की भी जांच की गई, उसके बाद तारेगना रेल थाना का भी निरीक्षण किया गया, जांच के दौरान एस्कॉर्ट पार्टी एवं जांच अभियान में जुटे सभी पुलिस पार्टी को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। खास तौर पर बाहर से अपने घर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा, नशाखुरानी और शराब को प्रमुखता के तौर पर जांच करने के आदेश दिए हैं।

## होली पर्व पर सभी अस्पताल अलर्ट फायर बिग्रेड रहेगी सक्रिय

### अनुमंडल कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होलिका दहन एवं होली पर्व को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं, इसके अलावा फायर ब्रिगेड को भी सक्रिय रूप में मुस्तैद रहने की निर्देश दिए हैं।एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी का गठन किया गया है। जो सूचना मिलते ही संबंधित स्थल पर पहुंच कर विधि-व्यवस्था की कार्रवाई करेंगे। होली पर्व को लेकर दिए गये कई अहम निर्देश, होली के दिन संबंधित क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई रखने और बिजली के लूज तार को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि होलिका दहन के समय विशेष सतर्कता बनाये रखने की आवश्यकता है। वहीं अग्निशमन उपकरण से लैस अग्निक बल के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दुरूस्त रहेगें। किसी भी प्रकार की चिकित्सीय आकस्मिकता से निपटने के लिए सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि होलिका दहन और होली पर्व को लेकर सभी दंडाधिकारी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। खास तौर पर सभी सरकारी अस्पतालों में सभी तरह के चिकित्सीय सुविधा को समुचित उपलब्ध कराने के लिए आदेश दिए गए हैं। सभी डॉक्टर अपने-अपने अस्पतालों में ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। किसी भी आपातकाल में निपटने के लिए सभी लोग सक्रिय भूमिका में रहेंगे। इसके अलावा होलिका दहन के दिन बिजली विभाग को भी अपनी कर्मचारियों को मुस्तैदी पर रखेंगे।

## होली प्रेम,भाईचारे और मैत्री का त्योहार पानी की बचत कर गुलाल से खेलें सूखी होली

### होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के सभागार में शनिवार को सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अनिल कुमार सिंह के अध्यक्षीय संबोधन के साथ हुआ।अपने संबोधन में प्राचार्य ने होली पर्व के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे एवं समरसता का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। हम होली पर पानी की बचत करें और फूलों, प्राकृतिक रंगों और गुलाल से सूखी होली खेलें।उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी रंगीन एवं जीवंत बना दिया। मंच संचालन का दायित्व सांस्कृतिक विभाग के समन्वयक डॉ. पी. सी. चौरसिया ने कुशलतापूर्वक निभाया। उनकी प्रभावशाली संचालन शैली ने पूरे कार्यक्रम को अनुशासित एवं आकर्षक बनाए रखा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने आपसी सौहार्द के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा उल्लासपूर्वक पर्व का आनंद लिया। संपूर्ण वातावरण होली के रंग, उमंग और उत्साह से सराबोर हो उठा।

## संक्षिप्त समाचार

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन



**चकिया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स।** संवाददाता। होली पर्व को देखते हुए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने की। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य लोगों को होली की शुभकामना देते हुए होली को सौहार्द पूर्ण व भाईचारे का मिसाल कायम रखते पर्व को मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्व में सामाजिक सौहार्द व भाईचारे बीच खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि डीजे नहीं बजाना है। मौके पर नगर सभापति पवन कुमार सर्राफ, जदयू पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल, जेडीयू नगर अध्यक्ष कौशर रजा, मुखिया पति विनय सिंह, वार्ड पार्षद सुनील कुमार सिंह, समाजसेवी गौरी शंकर महतो, कुणाल गुप्ता, जय प्रकाश यादव,पूर्व सरपंच मो कामरूदीन, वार्ड पार्षद सुनील ठाकुर, मोहन भार्गव, वार्ड पार्षद विनोद ओझा, पंचायत समिति सदस्य विजय कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ध्वनी एवं प्रकाश फाऊंडेशन की बैठक आयोजित

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ध्वनी एवं प्रकाश फाऊंडेशन के द्वारा एक आवश्यक बैठक शहर के निजी होटल में शुक्रवार को आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष कुमार संजय ने बताया कि बैठक डीजे पर प्रतिबंध को लेकर आयोजित की गई है। सरकार का जो गाइडलाइन है हम सब अवश्य मानेंगे और पूरा करेंगे। यह हम सबका रोजी-रोटी का मामला है। इससे कितने परिवार चलते हैं। इस विषय पर तकनीकी टीम को बैठा कर इस पर विचार विमर्श कर गाइडलाइन जारी किया जाए। उस गाइडलाइन को हम सभी अवश्य मानेंगे।

### पुलिस ने भारी मात्रा में बरामद की अवैध विदेशी शराब



**चकिया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने छापेमारी कर गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना क्षेत्र के बांसघाट गांव में शराब कारोबारी अनूप कुमार पिता स्व रामलाल पासवान के घर से व उसके घर के समीप बंद पड़े पुराने कुएं में कचरे के ढेर के नीचे छुपा रखे ऑफिसर चॉइस,रॉयल स्टेज, 999 गोल्ड व एल बी ब्रांड का 331 पीस में 126 लीटर छोटे बड़े बोतल व पाउच में बरामद किया। वहीं पुलिस की आने की भनक मिलते ही कारोबारी फरार हो गया। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि पुलिस जप्त अवैध शराब के मद्दनिषेध अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में एसआई शिवनाथ मांझी, गौरव कुमार, राज कुमार राजू, अजीत कुमार, साक्षी सेहा, मौसम कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे।

इनरवा बार्डर से 81 लीटर शराब व बाइक के साथ नेपाली तस्कर धराया

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इनरवा पुलिस ने बार्डर के समिप खमिया गांव के सामुदायिक भवन के पास से रविवार की अहले सुबह नेपाल से बाइक पर शराब लेकर आ रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि 9 पेटी में 81 लीटर शराब व बाइक को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान नेपाल के भलूवहीया गांव के सूरज यादव रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आवश्यक पूछताछ के बाद एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### बेतिया में जदयू जिलाध्यक्ष चुनावः फैसला मुख्यमंत्री पर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल (यूनाइटेड) के बेतिया जिलाध्यक्ष पद के लिए रविवार को गहमागमी के बीच चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। स्वच्छ व निष्पक्ष चुनाव के लिए माधव सिंह पटेल को निवार्ची पदाधिकारी और भरत पटेल को पर्यवेक्षक बनाया गया था। अध्यक्ष पद हेतु कुल 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिनमें जांच के बाद 18 नामांकन वैध पाए गए।मतदान में 117 डेलीगेट शामिल हुए। हाथ उठाकर हुए समर्थन में 93 डेलीगेट्स ने निर्वतमान जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा के पक्ष में मत जताया।हालांकि अधिक प्रत्याशियों की स्थिति को देखते हुए अंतिम निर्णय का अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंप दिया गया है। अब जिलाध्यक्ष पद की औपचारिक घोषणा मुख्यमंत्री करेंगे।इस दौरान सुनील कुमार, एनएन शाही, अनिल झा, सुमित कुमार सिंह उर्फ बबलू सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 24 मार्च की रैली में पूर्वी चंपारण से सैकड़ों कार्यकर्ता जाएंगे दिल्ली

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पूर्वी चंपारण जिला कमिटी का बैठक जिला कमिटी की बैठक चांदमारी मोतिहारी स्थित जिला कार्यालय में कामरेड राजमंगल प्रसाद के अध्यक्षता जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र के संचालन एवं राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी तथा शशिकांत राय के पर्यवेक्षण मे संपन्न हुई। बैठक




में नवीकरण राजनीतिक एवं सांगठनिक विषयों पर जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा विस्तार से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।जिस पर धनंजय पुरी,अशोक पाठक, बंकिम चंद्र दत्त, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, शमसुल हक अंसारी, उगम राम, निर्मला चांदनी, हरेंद्र सिंह, मोहम्मद जमालुद्दीन, सुरेश सिंह, मोहम्मद आदाब अंसारी, बुनिलाल दास, ध्रुव त्रिवेदी, अनिल प्रसाद एव विपिन बिहारी दुबे सहित अन्य सदस्यों ने विस्तार से बहस कर प्रतिवेदन पारित किया।बैठक में आगामी 24 मार्च 2026 के दिल्ली रैली में सैकड़ों सदस्यों के भाग लेने का फैसला लिया गया।इसके साथ ही दिनांक 9 मार्च 2026 को मोतिहारी, सुगौली एवं मेहसी दिल्ली रैली की तैयारी में सभा होगी। जिसको पोलित ब्यूरो सदस्य ब्यूरो सदस्य कामरेड मरियम धवले, ललन चौधरी, राजमंगल प्रसाद एवं सत्येन्द्र कुमार मिश्र सहित अन्य नेतागण संबोधित करेंगे। इसके तैयारी हेतु जिले के प्रत्येक लोकल कमिटी को जवाबदेही दी गयी।अंत में धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिह ने की।

### होली में डीजे बजाना पड़ेगा काफी महंगा : थानाध्यक्ष

**नशेडियों और डीजे बजाकर उत्पात मचाने वालों पर होगी कारवाई**

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व पर डीजे बजाना लोगों को काफी महंगा पड़ सकता है। डीजे का उपयोग करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। होली पर्व को लेकर मैनाटांड थाने में शांति-विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने की। बैठक में जनप्रतिनिधि आम नागरिक समेत गणमान्य लोग मौजूद रहें। बैठक में त्योहार पर डीजे बजाने पर कडा रूख अपनाते हुए थानाध्यक्ष ने कहा डीजे बजाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। साथ ही शराब धंधेबाज सहित नशा का सेवन कर उत्पात मचाने वाले किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाऐंगे। थानाध्यक्ष ने कहा उत्पाती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। इधर थानाध्यक्ष ने शांतिपुर्वक भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपिल की।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार की रात मुख्य अतिथि डॉक्टर वालीउल्लाह व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर वसीउल्लाह ने कहा कि खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए। हर जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। जीत उसी की होती है जो दिल और दिमाग से खेलता है। हम इस कार्यक्रम के आयोजक सह अध्यक्ष मैनुद्दीन आलम व उनके पूरी टीम को बधाई देता हूं जो इस खेल के माध्यम से बच्चों का हौसला अफजाई कर रहे हैं। वहीं अध्यक्ष मैनुद्दीन आलम ने बताया कि यह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत शनिवार को हुई है। इसमें कुल 16 टीमें भाग ले रही है।

# गरिमा, गौरव और संस्कृति का अद्भुत संगम

## एस.एन. मेमोरियल एवं एस.एन. मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न






**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस.एन. मेमोरियल स्कूल एवं एस.एन. मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव कांग्रेस ग्राउंड (होटल पार्क व्यू के सामने) में भव्य और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह शिक्षा, अनुशासन और भारतीय संस्कारों का जीवंत उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में शिक्षा व समाज जगत के कई प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, बरहारा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जगदीशपुर विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, संदेश विधायक राधा चरण शाह, तरारी विधायक विशाल प्रशांत, अगियांव विधायक महेश पासवान तथा शाहपुर विधायक राकेश ओझा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मेयर इंदु देवी, जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, भूतपूर्व विधायक आशा देवी, पूर्व आईएएस उदय कुमार सिंह एवं एस.एन.एम. के चेयरपर्सन सुरेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। निदेशक डॉ. स्मिता सिंह, निदेशक जनमेजय सिंह, प्राचार्य राजवीर सिंह सहित विद्यालय परिवार ने अतिथियों को पारंपरिक रीति से अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में 'दादाजी की छड़ी' नाटक ने बड़ों के सम्मान का संदेश दिया। 'शाम शानदार' और 'बिहारी है जी' ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। समारोह में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। शिक्षकों को 'एक्सीलेंस इन टीचिंग' व 'आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने विद्यालय की गुणवत्ता और अनुशासन की सराहना की। निदेशक डॉ. स्मिता सिंह ने अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सफलता का श्रेय देते हुए समग्र शिक्षा के संकल्प को दोहराया।

# शांति और सौहार्द से मनाएं होली का पर्व : जिला प्रशासन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली के पावन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश में जिले के समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होलिका दहन 02 मार्च 2026 की रात्रि को संपन्न होगा, जबकि होली पर्व 03 एवं 04 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। किसी भी विवादित स्थल पर होलिका दहन न हो, इसके लिए समस्त अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे होलिका दहन स्थलों का स्वयं भ्रमण कर स्थिति का जायजा लें। संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहाँ विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करें, सदस्यों से निरंतर संपर्क बनाए रखें तथा स्थानीय निवासियों के साथ समन्वय स्थापित करें। शांति समिति के समस्त सदस्यों के संपर्क नंबर थाना प्रभारी अपनी पंजी में संधारित करेंगे। विधि - व्यवस्था पर निरंतर दृष्टि रखने के लिए पूर्वी चंपारण समाहरणालय, मोतिहारी में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। साथ ही, सभी अनुमंडल कार्यालयों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जो 02 मार्च 2026 की दोपहर से 05 मार्च 2026 तक अनवरत सक्रिय रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06252-242418 पर चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा।

# रक्सौल एयरपोर्ट के पास दर्दनाक हादसा युवक आयुष की मौत से इलाके में शोक



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के मौजे इलाके के रहने वाले युवक आयुष की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा रक्सौल एयरपोर्ट रनवे के पास उस समय हुआ, जब उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हरैया थाना के थानाध्यक्ष किशन पासवान स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल आयुष को तुरंत शहर के एसआरपी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक आयुष के पिता प्रोफेसर राज किशोर राय हैं, जो स्थानीय शांति देवी वासुदेव मस्करा महिला कॉलेज में कार्यरत हैं। परिवार मौजे वार्ड संख्या 14 में निवास करता है। बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। युवक की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अस्पताल और घटनास्थल पर जुट गए। लोगों ने प्रशासन से रनवे और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं से बचा जा सके।

## यूडीआईडी फर्जीवाड़े पर डीएम सख्त

**48 घंटे में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) से जुड़े कथित फर्जीवाड़े के मामले को जिला पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। सामान्य व्यक्तियों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने संबंधी मामला सामने आने पर जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने पूरे प्रकरण की गहन और निष्पक्ष जांच के आदेश जारी किए हैं। डीएम ने नगर आयुक्त शिवाक्षी दिक्षित के नेतृत्व में दो सदस्यीय जांच दल का गठन करते हुए 48 घंटे में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। गठित दल में शिवाक्षी दीक्षित के साथ वरीय उप समाहर्ता ज्योति रानी को शामिल किया गया है। जिला पदाधिकारी ने जांच दल को निर्देश दिया है कि वर्णित सभी बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जांच कर तथ्यात्मक मंतव्य सहित अपनी रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर समर्पित करें। जिला प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यदि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, फजीर्वाड़ा अथवा संगठित रैकेट की पुष्टि होती है, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर जदयू डेलीगेट सदस्यों की बैठक

**29 उम्मीदवारों ने किया नामांकन**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बंजरिया स्थित एकता मैरिज हॉल में रविवार को डेलीगेट सदस्यों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के बाद जिला निर्वाचन पर्यवेक्षक के हरिद्वार राय पटेल की मौजूदगी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कबिंद्र कुशवाहा के समक्ष जिलाध्यक्ष के पद पर चुनाव हेतु 29 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वालों में प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद,कुणाल पटेल,जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, संजीव श्रीवास्तव,बबन कुशवाहा, शमानंद सहनी,शोभा सिंह,शाहजाद खान, तफज्जुल हुसैन,त्रिभुवन गुप्ता, सुबोध कुशवाहा,कौशल ठाकुर,अजय कुमार प्रजापति सहित 29 लोगों ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी 29 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र बैध पाया। इसके बाद सभी उम्मीदवारों ने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के चुनाव हेतु जदयू के शीर्ष नेतृत्व को अधिकृत कर दिया । इसके बाद यहां उपस्थित सभी लोगों ने केक काटकर बिहार के विकास पुरुष लोकप्रिय यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया । वही एक दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी सद्भाव का परिचय दिया । मौके पर केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, विधायक सह कार्यकारी जिलाध्यक्ष विशाल कुमार शाह, जिलाध्यक्ष मंजू देवी, ई राजीव कुमार सिंह,पूर्व मंत्री विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मोहम्मद औबेदुल्ला, रजिया खातून, दीपक पटेल, ब्रजेश श्रीवास्तव, मिथिलेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह, रंजन सिंह पटेल, रविन्द्र दुबे,कौशल सिंह, मनोज तिवारी,अमरनाथ गुप्ता, धीरज चंद्रवंशी, वीरेंद्र राय पटेल, देवेंद्र साहनी,सरफराज आलम मौजूद थे।

# गहमागहमी के बीच जदयू के जिला अध्यक्ष का चुनाव रद्द

**प्रदेश नेतृत्व को सौंपी गई जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जिम्मेदारी**

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा पुलिस जिला के जदयू जिला संगठन के जिलाध्यक्ष पद को लेकर रविवार को होने वाले चुनाव गहमागहमी के कारण रद्द कर दिया गया। प्रखंड बगहा एक सभागार में आयोजित जदयू के जिलाध्यक्ष पद पर आपसी सहमति नहीं बनने एवं इस पद के लिए 28 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन किये जाने के बाद निर्वाचित पदाधिकारी ने चुनाव को स्थापित करते हुए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जवाबदेही प्रदेश कमान को सौंपी। निर्वाचित पदाधिकारी गजेंद्र नारायण प्रसाद व पर्यवेक्षक नंदकिशोर चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार को बगहा पुलिस जिला संगठन में जिला अध्यक्ष का चुनाव होना था। चुनाव को लेकर आहूत बैठक में पुलिस जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष सहित डेलीगेट मतदाता उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष के पद को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें 28 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन किया गया। उन्होंने बताया की प्रक्रिया में 120 मतदाताओ को शामिल होने थे। जिसमें 28 लोगों ने जिलाध्यक्ष के पद के लिए नामांकन किया। बाद में पर्यवेक्षक व उनके सहयोगियों के द्वारा सभी सदस्यों से जिलाध्यक्ष के लिए आपसी सहमति बनाने की बात कही गई। लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपना नामांकन लेने को तैयार नहीं था। वही चुनाव प्रक्रिया को लेकर सदस्यों के बीच काफी गहमागहमी रही। इसके बाद जिला निर्वाचि पदाधिकारी के द्वारा जिलाध्यक्ष के चुनाव को स्थगित कर दिया गया। साथ ही साथ इसकी सूचना प्रदेश को दे दी गई। निर्वाचित पदाधिकारी ने बताया कि अब प्रदेश स्तर से जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी । इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। अब जिलाध्यक्ष के नियुक्ति की जवाबदेही प्रदेश को सौंप गई है।

## डिजिटल लाइब्रेरी प्रतियोगी अभ्यर्थियों के लिए बनेगी मील का पत्थरः ज्ञानेंद्र शरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के आनंद नगर में रविवार को एक निजी डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए ईश्वर शांति कालेज एवं इंफोटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण ने कहा कि यह पहल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है, जिसे देखते हुए अध्ययन के तरीकों में भी परिवर्तन आवश्यक हो गया है।उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि पहले प्रतियोगी परीक्षाएं ऑफलाइन आयोजित होती थीं। उस समय अभ्यर्थी खुले स्थानों या पुस्तकालयों में बैठकर लिखित अभ्यास किया करते थे। लेकिन वर्तमान में अधिकांश परीक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जा रही हैं।

## बरौली हाई स्कूल में धूमधाम से मनाई गई होली, बच्चों ने शिक्षकों के पैर पर अबीर लगाकर लिया आशीष



**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरौली हाई स्कूल के परिसर में होली का त्योहार इस बार और भी खास हो गया। हेड मास्टर ने बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार हमें रंगों की दुनिया में ले जाता है, जहां प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश मिलता है। मनीष वत्स सर ने अपने संबोधन में कहा, होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में नई ऊर्जा और खुशियों का संचार करता है। इस तरह के आयोजन स्कूल की संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। सोनाली सिंह ने कहा, होली का यह पर्व हमें अपने रिश्तों को मजबूत करने और एक-दूसरे के करीब आने का मौका देता है। बच्चों के चेहरे पर दिख रही खुशी देखकर मन बहुत प्रसन्न होता है। शिक्षको ने कहा, "हमारे स्कूल में होली का यह आयोजन न सिर्फ बच्चों के लिए बल्कि शिक्षकों के लिए भी यादगार बन गया। यह दिन हमें यह सिखाता है कि रंगों के बिना जीवन अधूरा है। इस अवसर पर मानसि, मनी भास्कर, रेणु कुमारी, रूबी खातून, आदर्श चंदन, धीरज, श्वेता, उषा, रोहित, शरिक सहित सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और जमकर डांस किया। स्कूल परिसर रंगों से सराबोर हो गया था, और हर तरफ खुशियों की लहर दौड़ गई। होली के इस खास मौके पर स्कूल प्रशासन ने बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की थीं। सुरक्षा और स्वास्थ्य का खास ध्यान रखा गया। बच्चों ने अपने शिक्षकों के पैर पर अबीर लगाकर आशीष लिया और एक-दूसरे के गालों पर रंग लगाकर होली का जश्न मनाया।

# आवासीय विद्यालय के शिक्षक विद्यालय में ही होली मनाने को हुए मजबूर

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा 91 आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जिसमें पढ़ने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिका अपने घर से लगभग 150 से 350 किलोमीटर दूर के होते हैं। करीब 50 प्रतिशत छात्र भी 100 से 250 किलोमीटर दूर के होते हैं। बावजूद इसके दशकों से चली आ रही होली के 5 दिनों की छुट्टी को इस बार मात्र दो दिन कर दिया गया है, जिसके कारण शिक्षक इस बार की होली अपनों के साथ नहीं, बल्कि विद्यालय में ही रहकर मानने को मजबूर हैं। 90 प्रतिशत शिक्षकों के विद्यालय खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व ही अपना घर छोड़कर विद्यालय के लिए निकलना होता है। ऐसी स्थिति में उन्हें 4 मार्च अर्थात होली के दिन ही घर से निकलना होगा, जिसके कारण उन्हें यातायात संबंधी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जब बिना होली मनाए ही घर से होली के दिन ही निकालना पड़ेगा। बता दें कि दशकों से इन आवासीय विद्यालय में वर्ष में मात्र तीन बार ही छुट्टी का प्रावधान है। जिसमें 5 दिन होली, 20 दिन ग्रीष्मावकाश एवं 35 दिन दुर्गा पूजा से छठ पूजा तक अवकाश हुआ करता था।

# भितहा थाना के रोहुआ नाला के पास मिला किसान का शव

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भितहा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सेमरबारी पंचायत के करहिया बसौली दियारा में रोहुआ नाला में छुपा कर रखे एक बोरा से एक व्यक्ति के शव को बरामद किया है। मृत व्यक्ति करहिया बसौली निवासी तिलक बताया जाता हैं। जो विगत तीन दिनों से घर से लापता थे। मृतक के परिजनों ने पैसा लेन देन को लेकर हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की है। मृतक की पत्नी ने बताया कि गुरुवार को उनके पति गांव के ही एक व्यक्ति के साथ गन्ना बेचने के लिए यूपी के बसहिया गए थे। उसके बाद घर वापस नही आये। जिसके बाद परिजनों ने तिलक की खोजबीन शुरू की। तीन दिन बीतने के बाद परिजनों को रोहुआ नाला से बोरी में कसा हुआ शव बरामद मिला। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना भितहा थाने की पुलिस को दी। मृतक की पत्नी ने पैसे के लेन देन को लेकर हत्या होने की आशंका जताई है। हालांकि समाचार प्रेषण तक परिजनों के द्वारा स्थानीय थाना में कोई आवेदन नही दिया गया है। भितहा थानाध्यक्ष अभिलाष कुमार झा ने बताया कि सूचना मिलने पर रोहुआ नाला से शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के स्वजनों से अभी आवेदन नही है । उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में पूर्व मेयर सुनील कुमार के जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें सुनील कुमार और उनके सुपुत्र जीत प्रताप सिंह शामिल**




**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीत प्रताप सिंह उर्फ वीर प्रताप, सदस्य निदेशक मंडल, प्रताप इंटरनेशनल स्कूल गोढ़ना रोड की तरफ से अपने पिता श्री सुनील कुमार पूर्व मेयर आरा के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आज के रक्तदान शिविर में कुल 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया जिसमें पिता सुनील कुमार पूर्व मेयर एवं उनके सुपुत्र जीत प्रताप सिंह सदस्य निदेशक मंडल प्रताप इंटरनेशनल स्कूल दोनों ने ही रक्तदान कर शुरूआत की। रक्तदान शिविर में स्कूल के शिक्षक एवं निदेशक मंडल के सदस्यों की संख्या सराहनीय रही। इस अवसर पर जीत प्रताप सिंह उर्फ वीर प्रताप सदस्य निदेशक मंडल ने यह बताया कि बचपन से ही वह अपने पिता को सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित देखते आ रहे हैं और जैसे-जैसे वह बड़े होते गए उन्हें लगा कि उन्हें भी सामाजिक के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहिए, सुनील कुमार ने अपने पुत्र के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मैं चाहता था कि मेरे बच्चे भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े और आज मुझे खुशी है कि मेरे बच्चों ने इस कार्य को अपनाने का प्रयास किया है। वीर प्रताप के द्वारा जिस प्रकार अपने पिताजी के जन्मदिन पर यह आयोजन किया गया वह बहुत ही सराहनीय है, मैं उन्हें बहुत ही शुभकामना देती हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस ब्लड सेंटर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी पी सिंह, रेड क्रॉस के संरक्षक एवं रक्तदान कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा की भी गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर सर्वप्रथम रेड क्रॉस के परिवार की तरफ से श्री सुनील कुमार को फ्लावर बुके देते हुए जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तत्पश्चात रक्तदान का कार्यक्रम शुरू किया गया। पूरे कार्यक्रम के संचालन में रेड क्रॉस के लैब टेक्नीशियन प्रभात मिश्रा, धर्मेंद्र पांडे, मनोज शाह एवं राजेश कुमार सिंह, सागर कुमार तथा संतोष राम, रंजीत राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में जिन रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान दिया उनके नाम इस प्रकार रहेअ सुनील कुमार, जीत प्रताप सिंह, सुनील कुमार राय, सोनिया क्षेत्री, उर्मिला विकास पटेल एवं अन्य।

# सनातन धर्म से बड़ा कोई नहीं : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड के भदवा पंचायत अंतर्गत ग्राम लोदीपुर में भव्य शिव गुरु महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शिवभक्त शामिल हुए और पूरा गांव 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव और हरिन्द्रानन्द और दीदी नीलम आनंद के तैल चित्र पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित हुए। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि "सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। शिव को गुरु रूप में स्वीकार करना जीवन को दिशा देने वाला निर्णय है। शिव की शिष्यता मनुष्य को अनुशासन, संस्कार और आत्मबल प्रदान करती है।" उन्होंने शिव गुरु परंपरा को समाज में नैतिकता और आध्यात्मिक जागरण का आधार बताया।

महोत्सव के दौरान 'तीन सूत्र' पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं से शिव को अपना गुरु बनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिव गुरु की शिष्यता व्यक्ति के जीवन में लौकिक और पारलौकिक चरमोत्कर्ष का रहस्य है। हरिन्द्रानंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि "शिव की शिष्यता ही एकमात्र विकल्प है, जो मनुष्य को सही मार्ग पर अग्रसर करती है।" कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार, अजय सिंह, योगेंद्र सिंह, रंजय सिंह, सतेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, नंदू सिंह, विजय सिंह, मिथलेश सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, ललन सिंह, जितेंद्र सिंह, रामनरेश सिंह, दिलीप कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार सिंह, विनय सिंह, रंजीत सिंह, नीरज कुमार, संजय कुमार, रमेश सिंह, विवेक सिंह, अरुण कुमार, डब्लू, सूरज और शनि समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महोत्सव में भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन समिति ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समाज में धार्मिक चेतना और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। पूरे आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।

## भाकपा माले का 14वां प्रखंड सम्मेलन संपन्न, कामता प्रसाद यादव बने सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड का 14वां भाकपा (माले) प्रखंड सम्मेलन पचरुखिया स्थित माले कार्यालय में पर्यवेक्षक बिरजू चौधरी (नगर सचिव, निर्माण मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष) की देखरेख में आयोजित किया गया। सम्मेलन देर शाम तक चला और इसमें संगठनात्मक मजबूती, जन मुद्दों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मेलन संचालन के लिए पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया, जिसमें दिनेश राम (पूर्व प्रखंड सचिव), कामता प्रसाद यादव (हसपुरा प्रभारी एवं किसान महासभा के जिला सचिव), कृष्णा भारती, रुना देवी एवं रामप्रवेश मेहता शामिल रहे। सम्मेलन का उद्घाटन माले जिला सचिव कॉमरेड मुनारिक राम ने किया। इस अवसर पर 17 सदस्यीय नई प्रखंड कमिटी का गठन किया गया।

# अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला, आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-120 जाम कर किया विरोध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के सिहाड़ी बाजार स्थित नहर पुल के पास रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक मजदूर को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-120 को जाम कर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहाड़ी गांव निवासी लगभग 50 वर्षीय मजदूर उमेश राम उर्फ लली राम सुबह शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान नहर पुल से नीचे उतरते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार भारी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वाहन उनके दोनों पैरों को कुचलते हुए फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन डंपर था या ट्रक, इसकी स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और घायल को तत्काल दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर वाहनों को आड़े-तिरछे खड़ा कर दिया और टायर जलाकर विरोध जताया। सूचना पर हसपुरा थाना के एसआई ओम प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने पीड़ित के समुचित इलाज, सरकारी सहायता तथा नहर पुल के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस के समझाने पर जाम समाप्त कराया जा सका। सड़क जाम के कारण पर्व-त्योहार के समय यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एनएच-120 के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई यात्री बसों से उतरकर पैदल या छोटे वाहनों के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर जाते नजर आए।

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर बच्चों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सोनहथु के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। झंडा दिखाकर रवाना करने के उपरांत प्रधानाध्यापिका मनोरमा यादव ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। बच्चों को ऐतिहासिक धरोहर देखने से बौद्धिक विकास होता है। छात्र छात्रायें जब शेरशाह सूरी के मकबरा सहित ताराचंडी, पायलट बाबा के दर्शन कर लौटेंगे तो बच्चों को समझने में आसान होगा। मौके पर पूर्व सरपंच युगलकिशोर, समाजसेवी रविन्द्र सिंह, शिक्षक संजय कुमार, बिन्दु बैठा, प्रमिला कुमारी तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में गहराया प्राचार्य व शिक्षिकाओं का विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सिमरा में प्राचार्य और शिक्षिकाओं के बीच का विवाद अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के दौरान खुलकर सामने आया। प्राचार्य और शिक्षिकाओं ने शैक्षणिक गतिविधि व विधालय के संचालन में आपसी सामंजस्य को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग प्रधानाध्यापक विनय कुमार की सूचना पर शनिवार को विधालय में आयोजित अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में शामिल हुए थे। संगोष्ठी के दौरान प्राचार्य ने बताया कि पूर्व प्राचार्या कमला कुमारी स्कूल टाइम पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करती है। जब उन्हें शैक्षणिक कार्यकलाप के लिए कहा जाता है तो वे सहयोग नहीं करती। उनके मनमाने बर्ताव को लेकर स्कूल के वाट्स अप ग्रुप में सूचना दी कि कि कोई भी शिक्षक स्कूल टाइम में मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। जिसे लेकर पूर्व प्राचार्या ने विवाद खड़ा कर दिया और अपने पति अवधेश पासवान को स्कूल में बुला लिया। उनके पति ने मुझे भला-बुरा कहा और धमकी दी। ग्रामीणों ने दोनों का पक्ष सुनने के बाद बताया कि विधालय में चार शिक्षिका और एक शिक्षक पदस्थापित हैं। विमला कुमारी विगत 20 वर्ष से स्कूल की प्राचार्या थी वहीं अन्य तीन शिक्षिका दो-तीन वर्षों से स्कूल में पढ़ा रही है। कुछ महीने पहले नये प्रिंसिपल आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व प्राचार्या कमला कुमारी के द्वारा स्कूल का संचालन सही तरीके से नहीं किया जाता था। अब नए प्रिंसिपल स्कूल का संचालन सही तरीके से कर रहे हैं तो उन लोगों परेशानी हो रही है। नए प्रिंसिपल के आने से स्कूल में काफी सुधार हुआ है। शिक्षिका अब मनमुताबिक काम नहीं कर पा रही हैं। इसलिए ग्रुप बनाकर प्रिंसिपल को परेशान कर रही हैं। ग्रामीण रंजय पासवान, लक्ष्मण मेहता, विनोद पासवान, सिकंदर राम, राजेश्वर पासवान समेत अन्य ग्रामीणों ने गतिरोध समाप्त करने के लिए शिक्षिकाओं का ट्रांसफर किसी दूसरे विधालय में करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के विवाद से बच्चों के पढ़ाई व मनोभाव पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षिकाएं प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगा सकतीं हैं। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार ने कहा कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य हलवाई संघ द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य हलवाई संघ द्वारा जिलाध्यक्ष दिलीप प्रसाद की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ओबरा से प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश साहू, औरंगाबाद के प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद, नबीनगर से उत्तम प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष शिवदास प्रसाद, विजय प्रसाद, जिला सचिव राम पुकार प्रसाद गुप्ता, जिला महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसाद, मदन प्रसाद, बलम प्रसाद, अरुण प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य उदय पासवाने, कृष्णा राम, सत्यनारायण सिह, गायक अनिल व्यास, देवभूमि संगीत अकादमी के प्रचार रामरतन कुमार, तबला वादक संजय राम सहित मौजूद रहे।

# दहेज मुक्त व बिना बैंड-बाजे के संपन्न हुआ विवाह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में डीहवार स्थान में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां दहेज मुक्त एवं सादगीपूर्ण विवाह का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार, गोपीगंज शहर के रेलवे लाइन स्थित डीहवार मंदिर के प्रांगण में दोनों पक्षों की आपसी सहमति से बिना दहेज, बिना बैंड-बाजे और बिना बारात के विवाह संपन्न कराया गया। रफीगंज प्रखंड के सिमरा जमशेदपुर गांव निवासी अशोक राम की 19 वर्षीया पुत्री रीता कुमारी का विवाह फेसर थाना क्षेत्र के दिल मोहम्मदगंज निवासी जनेश्वर राम के 22 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार के साथ मंदिर परिसर में सादगी के साथ कराया गया। लड़की के पिता अशोक राम ने बताया कि दोनों परिवारों की सहमति से यह विवाह दहेज मुक्त और सादगीपूर्ण तरीके से कराया गया है, ताकि समाज में एक सकारात्मक संदेश जा सके। बताया जा रहा है कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था, जिसके बाद दोनों पक्षों के परिजनों की सहमति से मंदिर में विवाह करा दिया गया। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी तथा वार्ड सदस्य रूबी देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर गए उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चे शैक्षणिक परिभ्रमण पर बोधगया और गया जी के लिए रवाना हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों का नैतिक और बौद्धिक विकास होता है। चुंकि यह विशुद्ध रूप से शैक्षणिक परिभ्रमण होता है। इसलिए बच्चों को चयनित स्थलों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाती है। विद्यालय में अध्ययनरत वर्ग नवम एवं ग्यारह के छात्र छात्राओं को विभिन्न दर्शनीय और एतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण कराया गया। ताकि वे अपने राज्य के गौरवशाली इतिहास और भौगोलिक परिस्थितियों से रुबरु होकर ज्ञान की प्राप्ति कर सकें। कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने हरि झंडी दिखाकर बच्चों को शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना किया। उन्होंने ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चे नई नई चीजों को सीखते हैं। इस यात्रा में विद्यालय के साठ छात्र-छात्राओं सहित प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता, शिक्षक बसंत नारायण ज्योति, यतीश पाठक, सुनीता कुमारी, कंचन कुशवाहा, विवेक कुमार, प्रीति ऊषा, शत्रुघ्न कुमार मेहता, छोटू कुमार शामिल थे।

## आरटीआई को ठेंगा , जानकारी मांगने पर विभाग ने दिया वेबसाइट का हवाला

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, औरंगाबाद में सूचना के अधिकार कानून की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है। राशन कार्ड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मांगने पर विभाग ने स्पष्ट सूचना देने के बजाय आवेदक को वेबसाइट पर उपलब्ध है। बताकर जवाब टाल दिया। इसे सूचना देने की जिम्मेदारी से बचने और पारदर्शिता से मुंह मोड़ने की कार्रवाई माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरटीआई आवेदन पर जन सूचना पदाधिकारी ने मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने के बजाय केवल इतना लिखित जवाब दिया कि संबंधित जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। सूचना के अधिकार अधिनियम के जानकारों का कहना है कि कानून के तहत मांगी गई सूचना उपलब्ध कराना विभाग का दायित्व है। यदि सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध भी हो, तो उसकी स्पष्ट लिंक, प्रति या प्रमाणित जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। केवल वेबसाइट का हवाला देना कानून की भावना के विपरीत है। इधर, औरंगाबाद अंचल कार्यालय में भी ऐसा ही रवैया देखने को मिला है। जमीन की रसीद से संबंधित सूचना मांगने पर वहां भी आवेदक को वेबसाइट का हवाला देकर टाल दिया गया। आम लोगों का कहना है कि यदि सभी सूचनाएं सहज और स्पष्ट रूप से वेबसाइट पर उपलब्ध होतीं, तो आरटीआई आवेदन करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। राशन जैसी बुनियादी व्यवस्था और भूमि अभिलेख से जुड़ी जानकारी पर पर्दा डालना प्रशासन की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो अन्य विभाग भी "वेबसाइट देख लीजिए" कहकर जवाबदेही से बचते रहेंगे।

# कंप्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के टंडवा पंचायत अंतर्गत शेखपुरा स्थित राइट च्वाइस कम्प्यूटर अकादमी के सभागार में रविवार को प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक एडीसीए, डीसीए तथा टाइपिंग कोर्स में सफल दर्जनों छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक मो. फखरुद्दीन अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय टेक्नोलॉजी और डिजिटल क्रांति का युग है। आज कंप्यूटर शिक्षा केवल आवश्यकता नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और डिजिटल क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार, विकास, सुशील, अनु कुमारी, निक्की, सुहाना सिंह, कोमल पाण्डेय, अंकिता, शाजदा प्रवीन, रिजवाना, रिंकी, सानिया, मोनिका, अंशु, काजल, फैयाज़, सुहेल सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मनायी गयी वीर लोरिक जयंती




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज शहर के आरबीआर खेल मैदान मे समाज सेवा समिति के बैनर तले वीर लोरिक जयंती मनायी गयी। अध्यक्षता डॉ तुलसी यादव एवं संचालन संचालन सिद्धी यादव ने किया। आये लोग वीर लोरिक के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोगो को दूध पिलाकर एंव पगडी बांधकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा तुलसी यादव, संचालन अजय कुमार आर्य ने किया। बिरहा गायक गोपाल यादव ने गायिकी के माध्यम से वीर लोरिक के जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके बिरहा होली गीतों का लोगों ने आनंद उठाया। होली गीतों के साथ जमकर अबीर-गुलाल खेले। हम पाटी के वरिष्ठ रामेश्वर प्रसाद, मंत्री सुरेश पासवान, सिद्धी यादव, कांग्रेस नेता टिका खान, जितेन्द्र कुमार, राजद नेता शाहजादा शाही, लड्डू खां , भीम बिहारी विश्वकर्मा, शिक्षक संघ के नेता सुनील कुमार रंजन, सहित कई वक्ताओं ने वीर लोरिक के जीवनी पर चर्चा किया। सांस्कृतिक के गीतों का आनंद उठाया। इस मौके पर डा जितेंद्र यादव, नरेश यादव, मुखिया संजय यादव, गुडिया देवी, मिथलेश कुमार, शंभू कुमार, डा अखिलेश कुमार,कृष्णा यादव, विसुनदेव यादव, विरेंद्र यादव, सुखेंद्र यादव, दूर्गा यादव, अनिल टा ईगर, राहुल, सुरज, विकी, धीरज, सत्येंद्र यादव, बृजेश यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## शहर के कई मोहल्लों में लगा है गंदगी का अंबार

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में सफाई का मुद्दा लगातार चर्चा में बना रहता है। नगर परिषद की कार्य प्रणाली इस मामले में अबतक असफल रही है। कचरा फेंकने को लेकर विवाद आम है और कई बार नागरिक इस पर हंगामा भी किया करते हैं। नगर परिषद द्वारा कचरे का उठाव सही तरीके से नहीं किया जा रहा है जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि प्रतिदिन शहर में 30 से 40 टन कचरे का उठाव होता है। बावजूद सफाई पर हर माह लगभग लाखों रुपये खर्च होते हैं। यह स्थिति समझ से परे हैं कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद शहर स्वच्छ नहीं हो पा रहा है।

# सृष्टि विद्यापीठ के वार्षिकोत्सव में गोह विधायक हुए शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज के न्यू एरिया स्थित सृष्टि विद्यापीठ विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अमरेन्द्र कुशवाहा, राजद नेता शाहजादा शाही तथा विद्यालय के संचालक संदीप कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। वहीं वायरल गर्ल सोनाली और सृष्टि ने शिक्षा पर आधारित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी और सबसे बड़ी ताकत है। यह समाज का आईना होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित करे, और सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यालय परिवार को वार्षिकोत्सव की सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

## शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के पीरु गांव से उषा कुंवर को 25 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि धंधेबाज के घर से शराब बनाने का गैस सिलिंडर, चूल्हा, तसली बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत पुलिस अग्रिम करवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि होली त्योहार को लेकर धंधेबाज कारोबार में लगा हुआ था।

# जिला विधिज्ञ संघ चुनाव में सभी पदों पर उम्मीदवारों की घोषणा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद चुनाव 2026-28 के 27 सदस्यीय कार्यसमिति के सभी 27 पदों के लिए अब तक सर्वाधिक 66 उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। इस बार किसी भी पद पर कोई भी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित नहीं हो सका है और सभी पदों पर मुकाबला रोमांचक हो गया है। खासकर अध्यक्ष के एकल पद पर तीन, महासचिव के एकल पद पर आठ और कोषाध्यक्ष के एकल पद पर छह उम्मीदवार मैदान में हैं। तीन सदस्यीय उपाध्यक्ष पद पर सात, तीन सदस्यीय संयुक्त सचिव पद पर नौ और तीन सदस्यीय सहायक सचिव पद पर चार उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पांच सदस्यीय वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर सर्वाधिक बारह तथा सात सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर ग्यारह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सभी उम्मीदवार अपने-अपने पक्ष में जीत के समीकरण बनाने में जुटे हैं। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम प्रसाद सिंह और अभय कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद पर अरुण कुमार शर्मा, नागेन्द्र सिंह और विजय कुमार पाण्डेय उम्मीदवार हैं। महासचिव पद पर अखिलेश कुमार, जगनरायण सिंह, नीरज कुमार सिंह उर्फ मंटू, परशुराम सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, राम औतार कुमार यादव, विजय कुमार सिंह और सतीश कुमार सिंह उम्मीदवार हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार सिंह, उदय कुमार सिन्हा, क्षितिज रंजन, धनंजय कुमार गांधी, प्रदीप कुमार, रामप्रवेश ठाकुर और संजय कुमार सिंह मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद पर अमरेश सिंह, अमित कुमार, गिरिजेश कुमार सिंह, प्रभावती देवी, शिवराम और सुजित कुमार सिंह उम्मीदवार हैं। संयुक्त सचिव पद के लिए दिलीप कुमार सिंह, देवी नंदन सिंह, नीरज कुमार सिंह, रामपरीखा सिंह, विनय कुमार मिश्रा, शम्भू नाथ मिश्रा, संजय कुमार, सियाराम पांडेय और काली प्रसाद चुनाव लड़ रहे हैं। सहायक सचिव पद पर पवन कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, श्यामनंदन तिवारी और सतीश कुमार स्नेही उम्मीदवार हैं। वरिष्ठ सदस्य पद के लिए अनील कुमार सिंह, अंबुज कुमार सिन्हा, ओंकार कुमार सिंह, महेश प्रसाद सिंह, मिथलेश कुमार, मो अकमल हसन, यमुना प्रसाद सिंह, विपिन बिहारी मिश्रा, संजय कुमार सिन्हा, संत सिंह, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह और सुनील कुमार सिंह मैदान में हैं। कार्यसमिति सदस्य पद पर इम्तियाज अंसारी, उमेश प्रसाद सिंह, धनश्याम ठाकुर, प्रमोद कुमार सिंह, बबन कुमार सिंह, योगेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार सिन्हा, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, विनय द्विवेदी, संजय कुमार और सुरेंद्र यादव उम्मीदवार हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर चंद्रकांता कुमारी और त्रिपुरारी कुमार वैद्य, निगरानी समिति सदस्य पद पर अनिल आशुतोष और कृष्ण विजय कुमार सिंह तथा अंकेक्षक पद पर अनिल कुमार सिन्हा और परशुराम सिंह उम्मीदवार हैं। चुनाव 12 मार्च को जिला विधिज्ञ संघ परिसर में बनाए गए तीन बूथों पर होगा, जिसमें 846 मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। मतगणना 13 मार्च से प्रारंभ होगी। इस आशय की जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी है।

# हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के देव प्रखंड के ऊपरदाहा गांव में शिव व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के सदस्यों ने अपने हाथों से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाया। कमेटी के अध्यक्ष नरेश पाल, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, सहयोगी सदस्य भीम सिंह, मनोज सिंह, अभिमन्यु सिंह, भूपेंद्र पाल सहित ने बताया ने बीते 26 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया था। वही 27 फरवरी को पूजन किया गया। बताया के 28 फरवरी को ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव व हनुमत के पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं अंतिम दिन एक मार्च को पूर्णाहुति व भव्य भंडारा के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गया। बताया कि यह कार्यक्रम पूरे गांव के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में में कमेटी के सदस्यों का भरपूर योगदान रहा है। इधर मंदिर की आकर्षक तरीके से सजावट की गई थी जो देखते ही बन रही थी। सदस्यों ने बताया कि भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद को ग्रहण किया। इस मौके पर कुंदन कुमार, रविन्द्र कुमार, पुरूषोतम कुमार, चंदन कुमार, विश्वनाथ, गोबिंद, राहुल, विश्वनाथ पाल सहित ने योगदान किया।

# होली में सख्ती : अश्लील गीत बजाने पर होगी कार्रवाई

## होली में हुड़दंगियों पर रहेगी प्रशासन की नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बसंतपुर/सीवान।** होली के मद्देनज़र शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन सीओ अजमत अली अंसारी ने किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की सामाजिक वैमनस्यता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर होली मिलन समारोह के दौरान अश्लील गीत और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हुड़दंग करने वालों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। जरूरत पड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली रंगों और आपसी भाईचारे का त्योहार है। इसे शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संदिग्ध तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई है। बैठक में पंचायतों से आए मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य और अन्य गणमान्य लोगों ने होली व होलिका दहन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्ग और शांति बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की। सभी ने मिलकर भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत प्रसाद, मुख्य पार्षद अरुण सिंह, राजस्व पदाधिकारी उमेश प्रसाद, उर्मिला सिंह, राजद नेत्री रेणु यादव, मुखिया मूंगालाल चौधरी, कृष्ण प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष बालेश्वर राय, देवीलाल शर्मा, कमरुद्दीन और लालू कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कानून का उल्लंघन करने वालों पर चलेगा प्रशासन का डंडा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरिया/सीवान।** बड़हरिया थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली के अवसर पर विभिन्न जगहों पर संभावित उत्पात और असामाजिक तत्वों द्वार अशोभनीय हरकत अथवा असामाजिक गतिविधियो में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त कानूनी करवाई करेंगी। उक्त बातें थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर छोटन कुमार ने शांति समिति की बैठक में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा। बैठक मे मुख्य रूप से सीवान सदर पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार सिंह, बड़हरिया थानाध्यक्ष छोटन कुमार, बीडीओ संदीप कुमार, अंचलाधिकारी सरफराज अहमद सहित प्रखंड और थाना के सभी अधिकारी शामिल थे। एसडीपीओ अजय कुमार ने कहा कि होली का पर्व खुशी पूर्वक सभी लोग मनाए। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के गैर कानूनी कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। सीओ सरफराज अहमद ने लोगों से कहा कि होलिका दहन के विवादित स्थलों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को सूचित करने की अपील किया गया। लोगो ने थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील बालापुर, औराई, लकड़ी दरगाह, कैलगढ़ सहित कई गांवों पर विशेष नजर रखने की अपील प्रशासन से किया। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि शांति पूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाए और किसी को जबरन रंग नहीं लगाएं। ऐसा कोई काम नहीं करे जिससे किसी भी भावना आहत हो। एसडीपीओ अजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चा चोरी की घटना का अफवाह चल रहा है। अगर किसी का बच्चे के साथ ऐसी घटना होती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में डॉ अनिल गिरी, प्रेम प्रकाश सोनी, पूर्व मुखिया सुनील कुमार चंद्रवंशी, बीरेंद्र प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद जुल्फ़ेकार अहमद उर्फ मिट्ठू बाबू, पिंकू अली, अरविंद श्रीवास्तव, हरजीत मांझी, शंभू प्रसाद, प्रेम प्रकाश सोनी, गुड्डू सोनी, राजू कुमार यादव, कमाल अहमद अंसारी, फैजान अहमद अंसारी, रिंकू तिवारी, कमालुद्दीन अहमद, एकरामुल हक सिद्दीकी, सरपंच अरविंद कुमार श्रीवास्तव, राज किशोर गुप्ता, राजू साह, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी शामिल थे।

## फरवरी महीने में पुलिस ने 27 आरोपियों को भजा जेल, 18 सौ लीटर शराब भी बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नौतन/सीवान।** स्थानीय थाना क्षेत्र में पुलिस ने फरवरी माह में अपराध और और अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से 15 आरोपी अवैध शराब तस्करी से जुड़े थे, जबकि बाकी 12 आरोपी हत्या, लूट, मारपीट और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल पाए गए। थानाध्यक्ष शशि रंजन ने बताया कि फरवरी महीने में पुलिस की सतर्कता और सक्रिय अभियान के चलते 1800 लीटर देशी शराब जब्त की गई। यह शराब विभिन्न गांवों के आसपास और तस्करी के प्रमुख रास्तों से बरामद हुई। शराब के साथ-साथ तस्करों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 6 मोटरसाइकिल, 4 चारपहिया वाहन, एक टेंपो और एक ट्रक को जब्त किया। इन वाहनों का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर अवैध शराब की ढुलाई के लिए किया जा रहा था। नौतन थाना पुलिस की यह सफल मुहिम क्षेत्र में शराब माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब का कारोबार न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह अपराध पारिवारिक कलह, स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक बुराइयों को भी बढ़ावा देता है। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और वे पुलिस की सराहना कर रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसी कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नौतन थाना पुलिस की टीम वर्क, समर्पण और रणनीतिक योजना से यह सफलता हासिल हुई है। जिले को अपराध-मुक्त बनाने की दिशा में यह प्रयास सराहनीय है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी ऐसी सकारात्मक खबरें सामने आएंगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विभागस्तरीय कार्ययोजना बैठक संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** स्थानीय विद्या भारती विद्यालय, महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता में आगामी सत्र : 2026-27 के लिए विभाग स्तरीय कार्ययोजना तैयार करने के लिए सीवान, छपरा तथा गोपालगंज के सभी विद्या भारती विद्यालयों के संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य की एक कार्यशाला आयोजित एवं संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता लोक शिक्षा समिति बिहार के सीवान विभाग के निरीक्षक अनिल कुमार राम ने की। इस बैठक में आगामी पूरे सत्र के लिए विभाग के सभी विद्यालयों की शैक्षणिक एवं पाठ-सहगामी गतिविधियों, विभिन्न प्रशिक्षणों, भैया-बहनों एवं आचार्यों के हितार्थ कार्यक्रमों आदि की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले विभाग निरीक्षक एवं प्रधानाचार्यों का अपने परिसर में स्वागत करते हुए महावीरी विजयहाता के प्राचार्य डॉ कुमार विजय रंजन ने इस कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विभाग निरीक्षक ने कहा कि हर वर्ष आयोजित ऐसी कार्यशाला से वर्ष भर के लिए कार्ययोजना तैयार रहती है जिससे पहले से सभी योजनाएं बनाने में विद्यालयों को मदद मिलती है। मीडिया प्रभारी अखिलेश श्रीवास्तव तथा आचार्य प्रवीण चन्द्र मिश्र ने बताया कि उक्त कार्यशाला में सरस्वती विद्या मंदिर, दर्शननगर छपरा के प्रधानाचार्य विनोद कुमार तथा महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य कमलेश नारायण सिंह विशेष रूप से सक्रिय रहे। संपूर्ण कार्यशाला अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## महिलाओं के बीच स्वच्छता किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** एसओएस चिल्ड्रन विलेज द्वारा महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के उत्थान व बेहतरी के लिए चलाए जा रहे अभियानों की कड़ी में रविवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड के पंचम्बा पंचायत स्थित बगवाड़ा गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को वॉश अभियान के तहत स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित शौचालय और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता से ही स्वस्थ रहेगा परिवार कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार की सेहत की धुरी महिलाएं होती हैं। एसओएस चिल्ड्रन विलेज के विजय लिम्बु ने कहा, 'हमारा लक्ष्य बगवाड़ा की हर महिला को स्वच्छता के मानकों से अवगत कराना है ताकि वे एक बीमारी-मुक्त जीवन जी सकें। वहीं सुदीप्तो पाल ने जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के साथ संसाधनों की उपलब्धता भी जरूरी है, इसीलिए स्वच्छता किट का वितरण किया जा रहा है ताकि महिलाएं व्यवहारिक रूप से स्वच्छता को अपना सकें। विशेषज्ञों एवं अतिथियों के प्रेरक विचार प्रशिक्षण को सफल बनाने में पिरामल फाउंडेशन के दीपक मिश्रा और आरती शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा स्वच्छता केवल बाहरी सफाई नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य और आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है। शुभम पाठक ने कीटाणुमुक्त वातावरण की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं, माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जब महिलाएं स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगी, तभी बगवाड़ा गांव एक आदर्श और स्वस्थ गांव के रूप में उभरेगी। इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र की लगभग 100 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी सहभागी महिलाओं के बीच स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस किट में नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, बर्तन धोने का साबुन और टॉयलेट क्लीनर (हार्पिक) जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। आयोजकों ने बताया कि इस किट का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना और उन्हें जरूरी संसाधन उपलब्ध कराना है।

## घर में 25 लाख के सामान की चोरी से परिजन परेशान

**गुठनी/सीवान (नवबिहार टाइम्स संवादाता)।** दरौली थाना क्षेत्र के चकरी टोला स्थित घर से करीब 25 लाख रुपए के गहने चोरी से हड़कंप मच गया है। पीड़िता चकरी टोला गांव निवासी गुड़िया देवी ने आवेदन देकर मामले की जांच पड़ताल की गुहार लगाई है। आवेदन में लिखा गया है कि उसके देवर की शादी 25 फरवरी को थी। जिसको लेकर घर में सगे संबंधियों का आना जाना रहता था। हमारे रिश्तेदार डरैली मठिया गांव निवासी थी। वो भी हमारे घर आई हुई थी। उसका मेरे कमरे और घर के अन्य जगहों में आना जना रहता था। उन्होंने बताया कि गोदरेज की अलमारी में एक हार, एक नाथिया, एक टीका, एक कमर बंदी, दो मंगलसुत्र, पांच चांदी का पायल, 08 नाक का खिल, एक चैन, दो अंगूठी, एक बाजू, पांच लारी की बिछिया, चार अन्य बिछिया रखा हुआ था। उनका आरोप था कि महिला रिश्तेदार को गोदरेज की चाभी के बारे में पता था। घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़िता गुड़िया देवी गोदरेज खोलने गई। उसने बताया कि आरोपी महिला रिश्तेदार उस दिन सुबह उठकर बैग लेकर चली गई। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि पुलिस आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आवेदन पत्र में लिखे आरोपों की जांच गंभीरता से कर रही है।

## एक नजर

### फैंसी मैच में प्रशासन एकादश विजयी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में खेले गए दोस्ताना क्रिकेट मैच में शासन-प्रशासन एकादश ने डॉक्टर एकादश को हराकर शानदार जीत दर्ज की। यह मैच शनिवार को डे नाइट खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉक्टर एकादश ने 16 ओवर में 152 रन बनाए, जिसमें एस.के. मिश्रा ने 26 रन नाबाद बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शासन-प्रशासन एकादश ने 15वें ओवर में एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। सलामी जोड़ी अमरजीत तिवारी और राष्ट्रपति कुमार ने 72 रन की साझेदारी की। अमरजीत तिवारी ने 76 रन की मैच जिताऊ पारी खेली और मैन ऑफ द मैच चुने गए। अंपायर विकास कुमार व युगल किशोर मंडल रहे। विजेता व उपविजेता टीमों को कप पत्रकार सुधांशु ने प्रदान किया। मैच देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। दर्शकों ने मैच का जमकर आनंद उठाया और कार्यक्रम को सराहा। डे नाइट का यह मैच नावकोठी इतिहास के लिए बड़ा ही सराहनीय रहा।

### ड्रोन से करें यूरिया का छिड़काव

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर लिमिटेड एवम प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड पहसारा पश्चिम के सहयोग से मक्का किसानों को ड्रोन से खेतों में नैनों डीएपी नैनों यूरिया छिड़काव का ट्रेनिंग दिया गया। इफको के क्षेत्रिय प्रबंधक बेगूसराय एवम खगड़िया जिला मोहित कुमार झा, सह प्रबंधक विकास कुमार ने कहा पहसारा पश्चिम पैक्स को इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर लिमिटेड इफको के तरफ से ड्रोन उपलब्ध किया जाएगा ताकि क्षेत्र के किसानों को दानेदार एवम तरल में फर्क समझाया जा सके। पैक्स अध्यक्ष रणवीर कुमार सिंह कहा पैक्स के नवाचार कार्यक्रम के अन्तर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि ड्रोन से यूरिया का छिड़काव करने से किसानों को काफी लाभ होगा। मौके पर रामनाथ सिंह मुखिया प्रतिनिधि शिवेश रंजन, मृणाल उर्फ भोला, शंभू सिंह उर्फ मंचन, सुबोध सिंह, बबलू कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में अवैध नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर तेयाय ओपी थाना की पुलिस टीम ने छापेमारी कर 15 लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तेयाय ओपी क्षेत्र के काजी रसलपुर गांव में की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान काजीरसलपुर गांव निवासी महेश चौधरी के पुत्र रोहित चौधरी के रूप में हुई है। इस संबंध में तेयाय ओपी अध्यक्ष कुमारी निकिता भारती ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में अभियुक्त के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब या नशीले पदार्थों से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सम्मेलन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी के उत्सव हॉल में रविवार को आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं जीविका कर्मियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कर्मियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे।मुखिया संघ के जिला महासचिव राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं पूर्व बाल शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सेविका-सहायिकाओं की विभिन्न समस्याओं को रेखांकित करते हुए उनके सम्मान एवं अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सेविकाओं को सम्मानित भी किया गया। साथ ही साथ सभी सेविकाएं, सहायिकाएं एवं जीविका कर्मी महिलाओं ने मिलकर आपस में होली मिलन समारोह भी मनाया। आपस में सभी सौहार्द पूर्ण भावना से एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। सभी महिलाओं ने मुखिया को भी गुलाल लगाकर होली मिलन सम्मान समारोह मनाया।कार्यक्रम में संघ की अध्यक्षा मीना कुमारी, सचिव मीना, कोषाध्यक्ष बबीता, जयंती, सुशीला, मधुरानी, प्रेमा तथा जीविका की रंजू, रीता, पूनम, पिंकी, जनिता सहित कई सहायिकाएं मौजूद थीं। सम्मेलन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## एनटीपीसी कहलगांव में दो पुस्तकों का लोकार्पण




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के विधुत परियोजना में कार्यरत प्रबंधक (रसायन) परशुराम साह की लिखित दो पुस्तक- मेक केमिस्ट्री इज़ी और अधूरा सफर का लोकार्पण परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल द्वारा किया गया। कहलगांव विद्युत परियोजना के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित एक समारोह मे परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) मनोरंजन परिदा, अपर महाप्रबंधक (एच आर) प्रभारी मनोरंजन सारंगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रबंधक (रसायन) परशुराम प्रसाद साह द्वारा लिखित दोनों पुस्तकों का भव्य लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रबंधक एव लेखक परशुराम प्रसाद साह ने कहा कि मेक केमिस्ट्री इज़ी मूलभूत रसायन शास्त्र पर आधारित पुस्तक है, जो विद्यार्थियों को रसायन के आधारभूत सिद्धांतों की स्पष्ट और सरल समझ प्रदान करती है। यह सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप माध्यमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए तैयार की गई है और अत्यंत सहज एवं छात्र-हितैषी शैली में लिखी गई है। उन्होंने कहा कि दूसरी पुस्तक 'अधूरा सफर' एक भावनात्मक काव्य कृति है, जो जीवन की यात्रा में मित्रों के योगदान और लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व को शेर एवं कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत करती है। पुस्तक में यह संदेश दिया गया है कि सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी संपूर्ण ऊर्ज़ा और ध्यान अपने लक्ष्य पर केंद्रित करना आवश्यक है।

## श्रीराम कथा के लिए सीवान में निकली जागरण यात्रा

### राजन महाराज द्वारा वी एम इंटर कॉलेज के प्रांगण में 8 से 16 मार्च तक होनी है श्रीराम कथा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** रविवार को सुबह नगर में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से 8 मार्च से 16 मार्च तक होने वाली श्री राम कथा के लिए जागरण यात्रा यात्रा निकली। इसमें श्रीराम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर राजन कल्याण सिंह, स्वागताध्यक्ष डॉक्टर शरद चौधरी, संयोजक रूपेश कुमार के साथ समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए। श्रीराम कथा के प्रचार प्रसार हेतु जागरण यात्रा नगर के तरवारा मोड़ से निकली राजेंद्र पथ, बाबुनिया मोड़, जे पी चौक, मालवीय चौक होते हुए वी एम इंटर कॉलेज के प्रांगण तक पहुंची। इस दौरान श्रीराम कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने नगरवासियों को पूज्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से 8 मार्च से 16 मार्च तक होनेवाली श्रीराम कथा के श्रवण हेतु पधारने का निमंत्रण दिया। नगर से गुजरते श्रद्धा के कारवां को देख नगरवासियों ने भी उत्सुकतापूर्व श्रीराम कथा के आयोजन के बारे में जानकारी हासिल किया। श्री राम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर राजन कल्याण सिंह ने बताया कि पूज्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से नगर के वी एम इंटर कॉलेज के प्रांगण में 08 मार्च से 16 मार्च तक संगीतमय, लालित्यपूर्ण, रसमयी श्रीराम कथा का आयोजन होना है। हम नगरवासियों से कथा के निमित्त उपस्थिति के लिए निवेदन और सहयोग की कामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार श्रीराम कथा के दौरान पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रसारित करने के लिए पंच पल्लव के पौधे को भी आगत अतिथियों को दिया जाना है। स्वागताध्यक्ष डॉक्टर शरद चौधरी ने कहा कि पूज्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से पावन श्रीराम कथा का श्रवण एक अदभुत आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति देता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा समाज का आयोजन है जो समाज के सहयोग से ही और प्रभु श्री राम की अहैतुक कृपा से ही होना है। संयोजक डॉक्टर रूपेश कुमार ने कहा कि श्रीराम कथा के एक दिन पूर्व सात मार्च को कलश यात्रा भी निकलनी है, जिसमें नगर की मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि वी एम इंटर कॉलेज के प्रांगण में पांडाल लगना शुरू हो गया है और सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्री राम कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने जागरण यात्रा के दौरान पंपलेट और कैलेंडर भी वितरित किया।

## पंकज सिंह बने जदयू महानगर अध्यक्ष




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के पोखरिया स्थित रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन परिसर में जिला जनता दल (यू) बेगूसराय नगर इकाई के महानगर अध्यक्ष पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस निर्वाचन प्रक्रिया की अध्यक्षता जिला निर्वाची पदाधिकारी रीना चौधरी ने की। तथा प्रदेश पर्यवेक्षक राजेश कुशवाहा ने निर्वाचन प्रक्रिया का समर्थन व पर्यवेक्षण किया। महानगर अध्यक्ष पद हेतु तीन नामांकन प्राप्त हुए। जिसमे पंकज कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार पटेल, संजय कुमार दिवाकर शामिल थे।बैठक में कुल 42 डेलीगेट उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से संजय कुमार दिवाकर ने अपना समर्थन पंकज कुमार सिंह को दिया। वहीं दूसरे प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार पटेल, क्रियाशील सदस्य के पद पर होने के कारण, सभी डेलीगेटों की सहमति से पंकज कुमार सिंह को समर्थन दिया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से पंकज कुमार सिंह को पुनः महानगर जनता दल (यू) का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। सेक्टर प्रभारी कुंदन कुमार ने सभी डेलीगेटों का आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएँ दीं। चुनाव प्रभारी रीना चौधरी ने औपचारिक रूप से पंकज कुमार सिंह के नाम की घोषणा की तथा प्रदेश पर्यवेक्षक राजेश कुशवाहा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस बैठक में रोहित कुमार रजक, आकांक्षा कुमारी, शांति देवी, राधा शर्मा, गिरीश राय, हरेराम महतो, दीपक कुमार, त्रिलोकी सिंह, संतोष सरदार, घनश्याम महतो, अजय कुमार, पूनम देवी, अंजली देवी, मनोज कुमार, दुर्गा रजक, संजय कुमार दिवाकर, बंगाली पासवान, इकबाल मोहम्मद, खुर्शीद, धर्मवीर महतो, रश्मि कुमारी, संगीता देवी, उमा देवी, संतोष कुमार, अरुण कुमार महतो सहित अनेक कार्यकर्ता एवं डेलीगेट उपस्थित रहे।

## जनसंवाद में पानी-शौचालय के मुद्दे पर महिलाओं ने रखी अपनी बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बसंतपुर/सीवान।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी (प्रखंड शिक्षा विभाग) के मीटिंग हॉल में गुरुवार दोपहर स्वाश्रयी महिला सेवा संघ (सेवा) सेवा शक्ति केंद्र की ओर से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मूलभूत सुविधाओं को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। पानी निकासी, स्वच्छ पेयजल और शौचालय की समस्या पर बहनों ने खुलकर अपनी बात रखी और संबंधित विभागों पर उदासीनता का आरोप लगाया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापक हृदयनंद मिश्रा, मुख्य पार्षद अमित कुमार एवं उपमुख पार्षद अरुण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि जनसंवाद लोकतंत्र की आत्मा है और महिलाओं की आवाज को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सेवा असंगठित क्षेत्र की कामगार महिलाओं का राष्ट्रीय संगठन है, जो देश के 18 राज्यों में कार्यरत है। बिहार के पटना, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, खगड़िया, गया, जमुई और सिवान समेत 8 जिलों में इसके दो लाख से अधिक सदस्य हैं, जबकि पूरे देश में करीब 40 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। संगठन महिलाओं के अधिकार, पूर्ण रोजगार, स्वावलंबन, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, मातृत्व-शिशु विकास, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर कार्य करता है। गर्मी का मौसम नजदीक आते ही जल संकट की आशंका को लेकर महिलाओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। प्रखंड से पंचायत स्तर तक पेयजल आपूर्ति में अनियमितता, नालों की सफाई न होने और सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई गई। कई महिलाओं ने कहा कि नगर पंचायत की लापरवाही से हालात बिगड़ रहे हैं। जनसंवाद के दौरान महिलाओं ने पीएचइडी और जल विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बदलते मौसम का सीधा असर कामगार महिलाओं के रोजगार, स्वास्थ्य और दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। इस दिशा में प्रशिक्षण और सामुदायिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई। मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान का भरोसा दिलाया। मुख्य पार्षद अमित कुमार और उपमुख्य पार्षद अरुण सिंह ने कहा कि पानी, नाला और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं प्राथमिकता में हैं तथा संबंधित विभागों से समन्वय कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सेवा भारत टीम की राज्य समन्वयक पूनम पाण्डे, सुपरवाइजर नूतन सिंह, खुशबू सिंह, अंजली सिंह, सुनीता ओझा, मंजू कुमारी, शिक्षक मनीष मिश्रा, प्रधानाध्यापक राकेश बैठा, वार्ड पार्षद संजय कुमार, कमल प्रसाद एवं स्वच्छता सदस्य रिंकी देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

### औरंगाबाद विधायक की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर-गुलाल

# लोगों को आपस में मिलाने का पर्व है होली : गोपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**







**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह इंटर कॉलेज मैदान में रविवार को भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह की ओर से होली मिलन समारोह बड़े उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधियों और नागरिकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने जिलावासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि आपकी जिंदगी में खुशियों का रंग हमेशा बरकरार रहे। होली पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारा और सौहार्द-सद्भाव का पर्व है। इस त्योहार को हम सभी उमंग और उत्साह के साथ मनाएं। यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें दुश्मन भी गले मिल जाते हैं। यह प्रेम और उल्लास का पर्व है, इसलिए सभी खुशी के साथ इसे मनाएं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिलावासियों को एक मंच पर लाकर उनके बीच आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देना और उन्हें अपनी संस्कृति व परंपराओं से जोड़े रखना भी है। विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि यह पर्व लोगों के लिए सुख, शांति, समृद्धि प्रगति और विकास का संदेश लेकर आये ऐसी मेरी कामना है। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि रंगों की होली जीवन में खुशहाली उत्साह का प्रतीक है। हम सभी को इस पर्व को मिलजुल कर मनाना चाहिए। हम सभी को सनातनी परंपरा के अनुसार आगे बढ़ाते रहना चाहिए। इस अवसर पर भोजपुरी गायक अरविंद अकेला कल्लू, निशांत सिंह, शिल्पा राज, अनुपमा यादव समेत अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। उनके गानों पर लोग जमकर थिरके। मौके पर राज्यसभा के पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडे, कृष्ण बल्लभ सिंह उर्फ बबुआ जी, पुरूषोत्तम सिंह, भूपेंद्र नारायण सिंह, मनोज कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, सुरजीत कुमार सिंह के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फंदे से लटकता मिला नवविवाहिता का शव, हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सलैया थाना क्षेत्र के मचानी गांव में शनिवार की देर शाम एक नवविवाहिता की फांसी लगाकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी रामकृत पाल के पुत्र सनोज कुमार की पत्नी रिंकी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रिंकी चार माह की गर्भवती भी थी। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा के नेतृत्व में पुलिस देर रात गांव पहुंच पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने उस कमरे को सील कर दिया है जिस कमरे में नवविवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। सदर अस्पताल पहुंचे मृतका के पिता देव थाना क्षेत्र के सटवट गांव निवासी सत्येंद्र भगत ने बताया कि पिछले ही वर्ष 7 मई 2025 को उन्होंने अपनी बेटी की शादी पूरे धूमधाम से ससुराल वालों के सारे डिमांड को पूरा करते हुए की थी। दामाद विशाखापत्तनम में पोकलेन चलाता था और शादी के बाद से यही था। उन्होंने बताया कि उन्हें क्या पता था कि 9 माह पूर्व जिस बेटी को विदा किया था उसी का शव उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी चार माह की गर्भवती थी और निर्दयी ससुरालवालों को थोड़ी भी दया नहीं आई। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें बेटी के ससुराल वालों ने नहीं दी। उन्हें अपने एक रिश्तेदार से इस घटना की सूचना मिली। आनन फानन में जब बेटी के ससुराल पहुंचा तो शव कमरे के बाहर पड़ा हुआ था और दामाद घर से फरार था। उन्होंने बेटी के ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। वही सदर अस्पताल पहुंचे मृतका के चाचा और सटवट के वार्ड सदस्य रंजन कुमार ने कहा कि उनकी भतीजी की हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वही मृतका की मां पुष्पा देवी के पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। पूरे परिवार का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। मां ने बताया कि उनकी बेटी को दहेज और जेवर को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। कभी उसे बात नहीं करने दिया जाता था। दामाद बेटी के मोबाइल को अपने पास ही रखता था। अकेले बात नहीं करने देता था। इतना ही नहीं मेरी बेटी को जेठानी द्वारा काफी परेशान किया जाता था। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मेरी बेटी को तड़पाकर मारा गया है उसी प्रकार आरोपियों को भी सजा मिले। इधर मृतका के ससुर ने बताया कि घटना क्यों हुई उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। मामले में थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। फिलहाल एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा होगा।

# पुलिस प्रशासन ने होलिका दहन को लेकर जारी की गाईडलाइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस प्रशासन ने होलिका दहन को लेकर गाईडलाइन जारी किया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि होलिका दहन के लिए खुली जगह का चयन करें, जो घनी आबादी वाले क्षेत्र से दूर हो। ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, विद्युत प्रवाहित तार, झोपड़ी एवं फसल लगे खेतों से दूर होलिका दहन करें। होलिका दहन की ऊंचाई कम से कम रखें एवं बच्चों को दूर रखें। आग बुझाने हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी और रेत इकट्ठा करके रखें। सुरक्षा हेतु आसपास अग्निशामक यंत्र अवश्य रखें। किसी भी आपातकालीन स्थिति में डायल 112 पर संपर्क करें। विधि व्यवस्था संधारण में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। पुलिस प्रशासन ने कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और लाउडस्पीकर भी निर्धारित मानक अनुरुप ही बजेगा। शराब एवं अन्य मादक पदार्थ का सेवन न करें। अश्लील या आपत्तिजनक गानों का प्रयोग न करें। होलिका दहन के दौरान पटाखे एवं आतिशबाजी से बचें। सोशल मीडिया पर किसी धार्मिक संगठनों एवं धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार का अफवाह न फैलाएं। आते-जाते राहगीरों को अनावश्यक परेशान न करें।

# लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** शहर के क्लब रोड स्थित लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में होली मिलन समारोह का भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक आयोजन अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर रंगों, संगीत और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरे वातावरण में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक समरसता की भावना प्रस्फुटित हुई। विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों एवं गायकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विशेष रूप से आकाश तिवारी, अक्षरा गुप्ता, हिमांशु एवं सविता सिन्हा ने मधुर होली गीत प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया और समारोह में नई ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जीवन में सकारात्मक सोच अपनाते हुए एकता और सद्भाव को सुदृढ़ करें। मुख्य अतिथि सुशील सिंह ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास और एकता को मजबूत करते हैं तथा शिक्षकों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन विद्यालय के कोऑर्डिनेटर संजीत सज्जन द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी सुसंगठित एवं संतुलित भाषा शैली से पूरे समारोह को आकर्षक रूप प्रदान किया। समारोह के दौरान विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को पारंपरिक गमछा भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय सांस्कृतिक परंपरा एवं आत्मीयता का सुंदर प्रतीक बनकर उपस्थित सभी लोगों के हृदय को स्पर्श कर गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल की दोनों शाखाओं के प्रशासक इंद्र कुमार एवं राकेश कुमार तथा विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार सोनी की विशेष उपस्थिति रही।

### लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में भव्य एवं सांस्कृतिक होली मिलन समारोह का आयोजन

# सामाजिक समरसता का प्रतीक है होली : धनंजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के जसोइया स्थित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के सिद्धार्थ सभागार में भव्य एवं सांस्कृतिक होली मिलन समारोह का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इसमें समूह के लर्निंग क्लाउड मोंटेसरी स्कूल, बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल मेहंदिया के सारे सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बुद्धा शैक्षणिक विकास संगठन के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। इसके साथ शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तिओं की भी उपस्थिति रही। चेयरमैन ने अपने उद्बोधन में होली के पावन पर्व को प्रेम, सौहार्द, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए सभी सम्मानित शिक्षकगणों से सकारात्मक सोच एवं नैतिक मूल्यों को समाज में प्रसारित करने का आह्वान किया। साथ ही होलिका दहन के माध्यम से अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष एवं समस्त नकारात्मक विचारों का त्याग कर उन्हें अग्नि में समर्पित करने तथा जीवन में नई ऊर्जा एवं सद्भाव के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक ओम प्रकाश शर्मा, कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह, परिसर प्रबंधक गौतम कुमार, लर्निंग क्लाउड की प्राचार्या खुशबू राव एवं प्रशासिका काजल पाण्डेय सहित सभी सम्मानित शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध गायक आकाश तिवारी, सिंधु बिहारी तथा गायिका अन्नू पाण्डेय एवं अर्चना राज ने होली के पारंपरिक एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया। वाद्य कलाकारों के सजीव संगीत ने कार्यक्रम को और भी उल्लासमय एवं रंगारंग बना दिया। समारोह रंगों, संगीत, हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के मधुर संगम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 79 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 79 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 41 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पॉक्सो एक्ट में 3, हत्या प्रयास में 11, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 21 तथा अन्य मामलों में 44 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 253 लीटर देसी, 11.25 लीटर विदेशी शराब, 1 बाइक बरामद किया गया है। इसके अलावा 13 वारंट का निष्पादन भी किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1509 वाहनों की जांच की गई जिसमें 167000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 5000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट तथा तीन भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चंद्रगढ़ के पूर्व मुखिया भगवती सिंह का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



भगवती सिंह (फाइल फोटो)

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के रतनुआ निवासी चंद्रगढ़ पंचायत के पूर्व मुखिया एवं वरिष्ठ समाजसेवी तथा नवबिहार टाइम्स के पत्रकार अटल बिहारी सिंह के पिता भगवती सिंह का 92 वर्ष की लंबी उम्र में रविवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. भगवती सिंह ने अपने जीवन का अधिकांश समय जनसेवा को समर्पित किया। मुखिया पद पर रहते हुए उन्होंने पंचायत के विकास को प्राथमिकता दी। ग्रामीण सड़कों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था की मजबूती, शिक्षा का प्रसार तथा सामुदायिक भवनों के निर्माण जैसे कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे हमेशा गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार भगवती सिंह का व्यक्तित्व बेहद सरल और मिलनसार था। वे हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। पंचायत में किसी भी समस्या को लेकर लोग सीधे उनके पास पहुंचते थे और वे तत्काल समाधान का प्रयास करते थे। सामाजिक समरसता बनाए रखने में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। जदयू के वरीय नेता विश्वनाथ सिंह ने द्वफ्के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के मार्गदर्शक थे। उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी एवं समर्पित जनसेवक खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। पूर्व मुखिया एवं समाजसेवी के निधन पर नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर, कौस्तुभ किशोर, मुकेश कुमार सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय वर्मा, राधाकांत देव, पूर्णानंद उपाध्याय, अनिल कुमार, सूरज कुमार, मदन मोहन श्रीवास्तव, प्रभंजन मिश्रा सहित नवबिहार टाइम्स के सभी कर्मचारियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। बताया जाता है कि उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ी। पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# छापेमारी में179 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना पुलिस ने शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 179 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहे। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि देवी बालू घाट के रास्ते एक कार से शराब की बड़ी खेप निकाली जाने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर छापेमारी की। इस दौरान एक हुंडई आई10 कार, जिसका नंबर बीआर 02 जे 4607 है, को रोककर जांच की गई। पास ही स्थित एक कमरे की तलाशी लेने पर कुल 160 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस को देखते ही धंधेबाज कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और फरार लोगों की पहचान की जा रही है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने दूसरी छापेमारी सिरिस स्थित पुनपुन नदी छठ घाट के समीप की। यहां झाड़ियों और एक गड्ढे में छिपाकर रखी गई 19 लीटर शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार तस्करों ने आपूर्ति के उद्देश्य से शराब को सुरक्षित स्थान पर छिपाकर रखा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पुलिस पर हमला करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर कोर्ट के निर्देश पर वारंटी को गिरफ्तार करने गई देवकुंड पुलिस पर हमला का मामला सामने आया है। घटना थाना क्षेत्र के बंतारा गांव की है। जानकारी के अनुसार, उस गांव निवासी दाउदनगर एसडीजीएम के द्वारा वर्ष 2011 के एक मामले में गिरफ्तारी का वारंट निर्गत किया गया था जिसमें शनिवार की रात वारंटी एहसान खान के घर पुलिस पहुंची थी। इसी क्रम में वारंटी के पुत्र जिशन अहमद खान, शहनवाज अहमद एवं शाबाज अख्तर ने अचानक पुलिस पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि दाउदनगर कोर्ट के निर्देशानुसार पुलिस शनिवार की रात वारंटी के घर पहुंची थी। पुलिस ने वारंटी के दरवाजे पर आवाज लगाई तो वारंटी के तीनों पुत्रों ने पुलिस पर अचानक हमला कर दिया और पुलिस का वर्दी फाड़ दिया तथा चाकू से जानलेवा हमला की कोशिश की गई। मामले में तीनों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया।

